खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें : jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 24 अप्रैल 2025 । वर्ष –69 । अंक –158 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ नानी की अगर मानें ...
■ टैरिफ युद्ध में ट्रंप... 04
■ 86 प्रतिशत तक रोका निर्यात, संकट में तीन...
■ अमेरिकी सेना ने पहली बार दक्षिण कोरिया में... 09
■ आतंकी हमले ने छीनी कश्मीर की मुस्कान...
■ सेंसेक्स फिर 80 हजार के पार 11
■ पंत फिनिशर के ...
■ राजस्थान की कोशिश... 10

**आईपीएल में आज**

बैंगलुरु विरुद्ध राजस्थान
बैंगलुरु
7.30 बजे से

**सार संक्षेप**

## बीपीएससी की मुख्य परीक्षा पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 25 अप्रैल को होने वाली 70वीं संयुक्त प्रतियोगी मुख्य परीक्षा पर रोक लगाने से बुधवार को साफ तौर पर इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने इस संबंध में पटना उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने पिछले साल 13 दिसंबर 2024 को आयोजित की गई 70वीं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर कदाचार का आरोप लगाते हुए 25 अप्रैल 2025 को होने वाली इसकी मुख्य परीक्षा रद्द करने की मांग वाली याचिकाएं खारिज कर दीं। पीठ ने सभी अभ्यार्थियों के लिए फिर से परीक्षा आयोजित करवाने को उचित ठहराने के लिए निर्णायक सबूतों की कमी का हवाला देते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत ने सभी संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पटना उच्च न्यायालय ने परीक्षा रद्द करने से इनकार करने वाले अपने फैसले में कहा था कि कई परीक्षा केंद्रों में अनियमितताओं के कोई निर्णायक सबूत नहीं मिले। इस वजह से बीपीएससी को मुख्य परीक्षा आयोजित करने की अनुमति दी गई। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने 13 दिसंबर, 2024 को आयोजित बीपीएससी परीक्षा में कथित अनियमितताओं और उसके बाद प्रदर्शनकारी उम्मीदवारों पर पुलिस कार्रवाई के संबंध में एक अलग याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था।




**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**-कांग्रेस ने कहा आतंकियों को ढूंढ निकालें, हम सरकार के साथ हैं।

**चुहिया- हां प्रिये**-सच है, यह राजनीति नहीं बल्कि करारा जवाब देने का ही समय है।

# कायराना करतूत पर पूरे देश में भारी आक्रोश और दुख



### रक्षा मंत्री का दो-टूक ऐलान

# करारा जवाब देंगे

## कांग्रेस बोली- गुनागारों को ढूंढ निकालें, हम सरकार के साथ

**नई दिल्ली/जम्मू-कश्मीर, भोपाल, देशबन्धु।** पहलगाम में आतंकियों की कायराना करतूत से पूरे देश में भारी गुस्सा के साथ गहरा दुख है। लगभग सभी प्रदेशों में जहां हमले के शिकार हुए लोगों को श्रृद्धांजलि दी गई वहीं गुस्से भरे विरोध प्रदर्शन हुए। जगह-जगह पाकिस्तान और आतंकियों के पुतले फूंके गये। पूरे देश से एक जुट आवाज उठ रही है कि इस करतूत का बिना देर किये करारा जवाब दिया जाना चाहिये। उधर अपना सऊदी अरब दौरा बीच में ही छोड़कर भारत लौटे प्रधानमंत्री ने हवाई अड्डे पर ही मंत्रिमंडल सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों से ताजा हालात और आगे की योजना पर चर्चा की।

बाद में प्रधानमंत्री निवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक भी हुई। उधर घटना स्थल पहुंचे केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात की और अस्पतालों में पहुंचकर घायलों से मिले, उनके समुचित उपचार के निर्देश दिये। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि इस हरकत का करारा जवाब दिया जायेगा।



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के एक दिन बाद बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़ा बयान दिया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि आतंकी हमले का करारा जवाब दिया जाएगा और जल्द ही भारत की ओर से एक्शन लिया जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित 'अर्जन सिंह मेमोरियल लेक्चर' कार्यक्रम में बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत सभी जरूरी कदम उठाएगा और घटना को अंजाम देने वालों तक जल्द ही हमारी पहुंच होगी। इस दौरान उन्होंने मृतकों को श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखा। रक्षा मंत्री ने कहा, पहलगाम में धर्म को निशाना बनाते हुए, आतंकियों के कायरतापूर्ण हमले में हमारे देश ने अनेक निर्दोष नागरिकों को खोया है। इस घोर अमानवीय कृत्य ने हम सभी को गहरे शोक और दर्द में डुबो दिया है। सबसे पहले मैं, उन सभी परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। इस दुखद समय में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए, मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।

उन्होंने कहा कि भारत एक इतनी पुरानी सभ्यता और इतना बड़ा देश है, जिसे ऐसी किसी भी आतंकी गतिविधियों से डराया नहीं जा सकता। ऐसी हरकतों का जवाब, इसके जिम्मेदार लोगों को आने वाले कुछ ही समय में जोरदार तरीके से मिलेगा।

यहां मैं, भारत के दृढ़ संकल्प को दोहराना चाहूंगा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो-टॉलरेंस पॉलिसी है। भारत का एक-एक नागरिक, इस कायरतापूर्ण हरकत के खिलाफ एकजुट है।

## बारामूला में मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया है। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया के माध्यम से बुधवार को यह जानकारी दी। यह कार्रवाई पहलगाम आतंकवादी हमले के एक दिन बाद की गई है। भारतीय सेना ने कहा कि बुधवार को मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब लगभग दो-तीन आतंकवादी बारामूला के उरी नाला में सरजीवन के सामान्य क्षेत्र से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे।

## राहुल ने हमले पर जताई चिंता, शाह से की बात

आतंकी हमले पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने इस घटना के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और (जेकेपीसीसी) के अध्यक्ष तारिक कर्रा से बात की। राहुल गांधी ने इस हमले को निंदनीय बताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

## पांच कातिलों की तलाश, हेलिकाप्टर, राडार, खोजी कुत्ते, ड्रोन लगाए गए, स्केच जारी



**जम्मू।** पहलगाम के निकट हुए विनाशकारी आतंकी हमले के मद्देनजर, जिसमें 28 लोगों की जान चली गई, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे, सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर की बैसरन घाटी में हाल के दिनों में सबसे बड़ा तलाशी अभियान शुरू किया है। हालांकि हमलावरों में से तीन के स्केच भी जारी किए गए हैं। अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण कश्मीर के मिनी-स्विट्जरलैंड के रूप में जाने जाने वाले बैसरन को अब उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में बदल दिया गया है, जहां कई स्तरों पर सुरक्षा बल गश्त कर रहे हैं। सेना, उन्नत रडार तकनीक, ड्रोन और हेलीकॉप्टरों की सहायता से हमलावरों की तलाश में विशाल वन और पर्वतीय क्षेत्रों की तलाशी ले रही है।

## पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान पर भारत की 5 बड़ी कार्रवाई

# सिंधु जल समझौते पर रोक, बॉर्डर बंद

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में खूंखार आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा ऐक्शन लिया है। सिंधु जल समझौते को खत्म करने का ऐलान हुआ है, जिससे पाकिस्तान में जल संकट की स्थिति पैदा हो सकती है। यह समझौता दोनों देशों के बीच 1960 से ही चला आ रहा है। दुश्मन देश के भारत स्थित उच्चायोग के स्टाफ को कम करने का आदेश दिया गया है। भारत ने पाकिस्तान से भी अपने दूतावास से स्टाफ को वापस बुलाने का निर्णय लिया है।

सभी पाकिस्तानियों का वीजा रद्द किया गया है और फिलहाल मौजूद लोगों को भारत छोड़ना होगा। भारत सरकार ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है और इसमें कोई और सख्त फैसला लेने पर चर्चा हो सकती है। पाकिस्तान और भारत के बीच आवाजाही के लिए इस्तेमाल होने वाले अटारी बॉर्डर को भी तत्काल प्रभाव से बंद करने का फैसला हुआ है।

### यह पांच बड़े फैसले लिये

(1) **सिंधु जल समझौते पर रोक**- पाकिस्तान के साथ 1960 से चले आ रहे सिंधु जल समझौते को तत्काल प्रभाव से रोका जाएगा। यह रोक तब जारी रहेगी, जब तक पाकिस्तान की ओर से आतंकवाद को बढ़ावा देने की खत्म नहीं की जाती। इस पर विश्वसनीय कदम उठाने पर ही समझौते पर दोबारा विचार किया जाएगा।

(2) **अटारी बॉर्डर होगा बंद**- अटारी चेक पोस्ट को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाएगा। वैध दस्तावेजों पर पाकिस्तान गए भारतीयों को 1 मई 2025 तक का समय लौटने के लिए मिलेगा।

(3) **पाकिस्तानियों की नो-एंट्री**- पाकिस्तान के नागरिकों को भारत में सार्क वीजा स्कीम के तहत आने की परमिशन नहीं मिलेगी। अब तक जो भी वीजा पाकिस्तानियों को जारी किए गए हैं, उन्हें रद्द किया जाएगा। कोई भी पाकिस्तानी जो भारत में मौजूद है, उन्हें 48 घंटे के अंदर देश छोड़ना होगा।

(4) **दूतावासों में कम होंगे स्टाफ**- दिल्ली स्थित पाकिस्तानी दूतावास में मौजूद सेना, नेवी और एयर एडवाइजर्स को वापस जाना होगा। इन लोगों के पास वापस लौटने के लिए एक सप्ताह का वक्त होगा। इसके अलावा इस्लामाबाद स्थित अपने उच्चायोग से भी भारत अपने अधिकारियों को बुलाएगा।

(5) **भारत अपना स्टाफ भी वापस बुलाएगा**- नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी दूतावास में स्टाफ की संख्या को अब कम किया जाएगा। अब तक 55 स्टाफ रहता था, जिसे घटाकर 30 किया जाएगा। इसके अलावा पाकिस्तान से भी अपने प्रतिनिधियों को भारत वापस बुलाएगा और यह संख्या 30 ही रहेगी।

## रक्षा मंत्री का लद्दाख का दौरा रद्द

**जम्मू।** क्या कश्मीर के मोर्चे पर अगले तीन दिनों में कुछ बड़ा होने जा रहा है? यह सवाल प्रदेश सरकार के उस निर्देश के बाद उठने लगा है जिसमें उसने पीएम पैकेज के तहत कश्मीर में सरकारी नौकरियां कर रहे कर्मचारियों को 27 अप्रैल तक वर्क फ्राम होम करने के लिए कहा है। यही नहीं यह आशंकाएं इसलिए पैदा हो रही हैं क्योंकि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी 25 व 26 अप्रैल के अपने लद्दाख के दौरे का रद्द कर दिया है। जबकि इससे पहले राष्ट्रपति भी पहलगाम के बर्बर हमले के बाद आसाम के अपने दौरे को रद्द कर चुकी हैं।

## मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पहलगाम में हुई आतंकवादी हमले को कायराना कार्रवाई करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि सरकार को आतंकवाद से निपटने की रणनीति पर विचार करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने बुधवार को यहां जारी एक वक्तव्य में पहलगाम आतंकवादी हमले पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए घटना पर गहरा क्षोभ व्यक्त किया।

JAN JYOTI
SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur



Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

**असर** कश्मीर की बुकिंग रद्द कराने लगे लोग

# एक दिन में 70 से 90 प्रतिशत तक टूर हो गए रद्द

**जम्मू-कश्मीर।** पहलगाम में हुए आंतकी हमले ने पलक झपकते ही कश्मीर की टूरिज्म इंडस्ट्री को तबाह कर दिया है। फिलहाल पूरे पर्यटन सीजन के लिए पर्यटकों ने अपनी बुकिंग रद्द करानी शुरू कर दी है। इससे ट्रैवल ऑपरेटर्स को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि बुकिंग कैंसल कराने से एक दिन में 70 से 90 फीसदी तक टूर रद्द हो गए हैं। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी कहा है कि राज्य से पर्यटकों का पलायन देखकर दिल टूट गया है।

दूसरी तरफ अमरावती के एक टूर ऑपरेटर को 38 लाख रुपए का नुकसान हुआ है, क्योंकि पहलगाम हमले की वजह से लोगों ने अपनी बुकिंग कैंसल कर दी है। जम्मू रेलवे स्टेशन पर श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सरस्वती धाम के एक कोने में चुपचाप बैठे, अमरावती के 'ईश्वर ट्रैवल्स' में काम करने वाले 29 वर्षीय टूर मैनेजर शुभम रवींद्र वडकर ने बताया कि उनके फर्म को अब लाखों रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।



वडकर के मुताबिक, 16 अप्रैल को एक समूह ने पहलगाम में बहुत अच्छा समय बिताया लेकिन मंगलवार को पलक झपकते ही पूरा मंजर पलट गया। उस मैनेजर ने बताया कि 25 अप्रैल और 30 अप्रैल को 40-40 पर्यटकों के तीन और समूहों को पहलगाम ले जाना था लेकिन अब सभी ग्राहकों ने अपनी बुकिंग रद्द कर दी है। उसने बताया कि 'ईश्वर ट्रैवल्स' कश्मीर की आठ दिनों की यात्रा के लिए प्रत्येक पर्यटक से 32000 रुपये लेता है, जिसमें यात्रा, रहना और खाना शामिल होता है। उन्होंने बताया कि पहलगाम हमले के बाद 40 पर्यटकों के तीन समूहों ने अपनी बुकिंग रद्द कर दी है, जिससे 38 लाख रुपये का भारी नुकसान हुआ है।

**बुकिंग 70 फीसदी तक कैंसल**

जम्मू में पार्टनरशिप के तहत एक टूर एंड ट्रैवल्स एजेंसी चलाने वाले 50 वर्षीय अमनीश शर्मा का कहना है कि उनकी बुकिंग में 70 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा,

>>शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## जम्मू-कश्मीर सरकार ने मुआवजे का किया ऐलान

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में कई बेगुनाह लोगों ने अपनी जान गंवाई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए। इस दुखद घटना के बाद जम्मू-कश्मीर सरकार ने पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मुआवजे की घोषणा की है। सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए 10 लाख रुपए और घायलों के लिए 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है। वहीं, मामूली रूप से घायलों के लिए 1 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की गई।

## यूपी सरकार ने आईटीआई-पॉलिटेक्निक पास युवाओं के लिए खोले 2,800 सेंटर, 5.50 लाख को मिला रोजगार

**लखनऊ, ( आईएएनएस )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार आईटीआई और पॉलिटेक्निक पास छात्रों को सीधे निजी कंपनियों से जोड़ने के मिशन में जुटी है। मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत अब तक 5,66,483 युवाओं को नौकरियां मिल चुकी हैं। राज्यभर में 2,800 प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से युवाओं को आधुनिक और रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान किया जा रहा है।

सरकार की इस पहल का असर नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर और वाराणसी जैसे शहरों में साफ देखा जा सकता है, जहां आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, मैन्युफैक्चरिंग और कृषि आधारित उद्योगों के विस्तार से रोजगार की



संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। ट्रेनिंग काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खान ने बताया कि 15 अप्रैल को राजकीय आईटीआई, अलीगंज लखनऊ में आयोजित रोजगार मेले में देश की प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे कॉन्टिनेंटल ऑटोमोटिव, एग्लो इंडिया, अदाणी विंड, पेटीएम और एजस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने भाग लिया। यहां कुल 22 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिन्हें 13,000 से लेकर 21,000 रुपए मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। इससे पहले 22 मार्च को आयोजित मिशन रोजगार योजना के तहत 73 युवाओं को रोजगार मिला। वहीं, राजकीय पॉलिटेक्निक में 95 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर किया गया। यह युवाओं को उनके कौशल के अनुसार नौकरी दिलाने की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल है उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत 35 वर्ष तक के युवाओं को मुफ्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## आर्थिक मंदी की आहट - छोटे व्यापारियों की स्थिति गंभीर

**इंदौर।** देशभर में आर्थिक मंदी के संकेत मिल रहे हैं और इसका सबसे गहरा असर छोटे व्यापारियों पर पड़ रहा है। मध्य प्रदेश के इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर जैसे प्रमुख शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक दुकानदारों और स्थानीय उद्यमियों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। बाजारों में पहले जैसी रौनक नहीं रही, ग्राहक कम हो गए हैं और लागत लगातार बढ़ती जा रही है।

इंदौर के सराफा बाजार, जो कभी रात भर गुलजार रहता था, आज समय से पहले बंद हो जाता है। छोटे दुकानदारों का कहना है कि बिक्री में 30 से 50 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। त्योहारी सीज़न में भी उम्मीद के मुताबिक ग्राहक नहीं पहुंचे। दुकानदार रमेश अग्रवाल बताते हैं, माल का दाम बढ़ गया है, लेकिन ग्राहक खरीदने को तैयार नहीं हैं। किराया, बिजली बिल और मजदूरी का खर्च तो वैसे ही बना हुआ है, ऊपर से बैंक की किस्तें भी हैं।

भोपाल के नए मार्केट क्षेत्र में एक रेडीमेड कपड़े की दुकान चलाने वाले विनोद साहू कहते हैं कि पिछले दो सालों में कारोबार आधा हो गया है। उन्होंने बताया कि पहले दिन में दर्जनों ग्राहक आते थे, अब कुछ ही लोग दिखते हैं और वे भी मोलभाव करके निकल जाते हैं। महंगाई और बेरोजगारी के चलते आम आदमी की खरीदारी की क्षमता कम हो गई है, जिसका सीधा असर छोटे व्यापारियों पर पड़ रहा है।

व्यापार संघों का मानना है कि जीएसटी की जटिलताओं, बढ़ते टैक्स भार और ई-कॉमर्स कंपनियों की आक्रामक रणनीति ने भी परंपरागत व्यापार को नुकसान पहुंचाया है। ग्वालियर चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक पदाधिकारी ने कहा कि छोटे दुकानदार न तो बड़ी छूट दे सकते हैं, न ही मुफ्त डिलीवरी जैसी सुविधाएं, इसलिए उनका ग्राहक तेजी से ऑनलाइन शिफ्ट हो रहा है।

सरकार की ओर से राहत के कुछ उपाय ज़रूर किए गए हैं, जैसे लोन में ब्याज में छूट और मुद्रा योजना के तहत वित्तीय सहायता, लेकिन व्यापारियों का कहना है कि ये उपाय या तो पहुंच से दूर हैं या ज़मीनी स्तर पर इनका असर सीमित है। जिन लोगों ने कर्ज लिया था, वे अब आर्थिक दबाव में आकर कारोबार समेटने पर मजबूर हो रहे हैं।

जबलपुर के एक फर्नीचर कारोबारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्होंने तीन कर्मचारियों को काम से निकाल दिया है क्योंकि वे अब उनका वेतन नहीं दे पा रहे। उन्होंने कहा, पहले फैक्ट्री चलती थी, अब बस दुकान में बैठे रहते हैं। जो ग्राहक आते भी हैं, वे उधारी मांगते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी कठिन है। मंडियों में किसानों की खरीदारी घटी है, जिससे स्थानीय दुकानों की बिक्री पर सीधा असर पड़ा है। शिवपुरी जिले में एक परचून व्यापारी ने बताया कि अब ग्राहक एक बार में पूरा महीना नहीं, बल्कि 2-3 दिन का सामान खरीदते हैं। इस आर्थिक दबाव ने छोटे व्यापारियों में निराशा और चिंता पैदा कर दी है। वे न तो निवेश कर पा रहे हैं, न ही विस्तार की सोच रहे हैं। स्थिति यदि जल्द नहीं सुधरी, तो छोटे कारोबारियों के सामने जीविका का संकट और गहरा सकता है।

मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था में छोटे व्यापारियों की बड़ी भूमिका है। यदि ये वर्ग कमजोर होता है, तो इसका असर न केवल राज्य के राजस्व पर पड़ेगा, बल्कि लाखों परिवारों की आजीविका भी खतरे में पड़ सकती है। यह वक्त सरकार और नीति-निर्माताओं के लिए चेतावनी है कि वे जल्द ठोस कदम उठाएं, वरना मंदी की यह आहट एक बड़ी आर्थिक चुनौती बन सकती।

**- उदय प्रताप सिंह**
**वरिष्ठ पत्रकार**


### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी, जबलपुर
### आम इश्तहार

रा.प्र.क्रं/ /अ-6/2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीता पिल्ले पिता/पति राजकुमार पिल्ले निवासी 528 लक्ष्मी बाई वार्ड बिलहरी जबलपुर द्वारा ग्राम बिलहरी प.ह.नं. 23 ख.नं. 95 रकबा 2400 वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/ वसीयतनामा/ सहमति पत्र/फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त भूमि आवेदक/ आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्रं. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद दावा/ आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 22/04/2025 को जारी।
जारी दिनांक-22/04/2025
पेशी दिनांक-09/05/2025

अतिरिक्त तहसीलदार
र.नं.- 215 रांझी जबलपुर

### नाम परिवर्तन

मैं SUNIL KINJAVDEKAR पिता VASUDEO KINJAVDEKAR निवासी 314/4, SHUBHANKAR APARTMENT NEAR KRIPAL CHOWK GUPTESHWAR WARD JABALPUR (M.P) 482001 कथन करता हूं कि मेरे पासपोर्ट नं. N0084620 में मेरा नाम SUNIL VSUDEO KINJAVDEKER पिता VASUDEO KINJAVDEKAR कर लिया है। जिसे मैंने बदलकर SUNIL KINJAVDEKER पिता VASUDEO KINJAVDEKAR कर लिया है।

अत: मुझे SUNIL KINJAVDEKER पिता VASUDEO KINJAVDEKAR के नाम से जाना व लिखा जावे।

**पूर्व नाम**- SUNIL VASUDEO KINJAVDEKER
**पिता** - VASUDEO KINJAVDEKER
**परिवर्तित नाम**- SUNIL KINJAVDEKER
**पिता**- VASUDEO KINJAVDEKAR

र.नं. 210

### आम सूचना

आम एवं खास जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार डॉ. चरणजीत सैगल आत्मज स्व. बेलीराम सैगल निवासी अधारताल जबलपुर म.प्र. द्वारा श्रीमती मधुरिमा सेंगर पत्नी सुमित सेंगर निवासी कृपाल चौक जबलपुर वालों से उनकी स्वामित्व कि संपत्ति प्लाट नं. 165 कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट, सैनिक सोसाइटी रोड, पावन भूमि जो जनता गृह निर्माण सहकारी समिति बदनपुर के खसरा नं. 199/2/1/1/1/1/1/1/1/ 1/1/1/1/1/ 1/1/1/1/2 में स्थित है जो उन्हें स्व. ध्रुव जी सिंह आत्मज स्व. डॉ. बी.डी. सिंह द्वारा निष्पादित वसीयतनामा दिनांक 29.12.2003 के माध्यम से प्राप्त हुई थी एवं राजस्व अभिलेखों पर बतौर मालिक स्वामी कि हैसियत से दर्ज है, को क्रय करने का इकरार किया जा रहा है। जिस किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उक्त संव्यवहार के सम्बंध में कोई आपत्ति हो वह इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के मेरे कार्यालय में आकर दर्ज कर संपर्क करें। उपरोक्त अवधि समाप्त होने के उपरांत कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार उपरोक्त संव्यवहार करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

र.नं.- 223

**सौरभ साहनी, अधिवक्ता**
**ऑफिस- शॉप नं. 862 बाई का बगीचा गली नं. 4 पंजाब नेशनल बैंक के पास, घमापुर जबलपुर**
**मो. 8770114263, 8085304304**

### न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर
### आम इश्तहार

रा.प्र.क. 2921/अ-6/2024-25

आवेदक सुशीला गुप्ता, मानस गुप्ता, आकांक्षा चौपड़ा, आयुषी गुप्ता तीनों के पिता स्व. अरविन्द गुप्ता निवासी स्टेट बैंक कॉलोनी विवेकानंद वार्ड जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रं./वसीयत क्रं./दान पत्र क्रं.... दिनांक..... के माध्यम से मौजा बैतला प.ह.नं. 22 स्थित भूमि खसरा नं. 22/2/5 रकबा 1207 वर्गफुट विक्रेता राजकुमारी बाई पति एस.के. वर्मा नरोत्तम लाल वर्मा पिता गिरधारी लाल वर्मा से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रयपत्र एवं फार्म पी।। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 30.04.25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 18-4-25 इश्तहार किया गया।
जारी दिनांक 18-4-25
पेशी दिनांक- 30-4-28

नायब तहसीलदार
तहसील अधारताल
र.नं. 212 जबलपुर

**विज्ञापन पत्र क्रमांक/1326/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/2025 सिवनी, दिनांक -16.04.2025**

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड- सिवनी (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई- प्रोक्युरमेंट ई-टेंडरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

| निविदा सूचना क्र./दिनांक | ई-टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनु. लागत ( रु. लाख में ) | कुल अमानती राशि ( रु. में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रु. में ) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑन लाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03/नि.प्र./ 2025-26 दिनांक 16.04.2025 | 2025_ PHED_ 417528_1 | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिवनी जिला-सिवनी की आईएसओ/आईई सी 17025:2017 मान्यता प्राप्त जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला में ग्लासवेयर्स एवं अन्य प्रयोगशाला सामग्री की आपूर्ति कार्य। | 6.30 | 12,600.00 | 2,000.00 | 05.05.2025 | 05.05.2025 | 15 दिवस ( वर्षाकाल सहित ) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |

G-11874/25 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है। **कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिवनी (म.प्र.)**

### कार्यालय नगरपालिका परिषद पनागर, जिला - जबलपुर (म. प्र.)

(Phone : 0761-2350029 Email : cmopanagar@mpurban.gov.in)

पत्र क्र. 811/ दुकान नीलामी / 2025-26 पनागर, दिनांक - 23.04.2025

#### ई-निविदा ऑफर आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद पनागर जिला जबलपुर के स्वामित्व के अधीन बस स्टेण्ड काम्पलेक्स के प्रथम तल की ब्लॉक 'बी' की 15 दुकानों को म.प्र. नगरपालिका ( अचल संपत्ति का अंतरण ) नियम 2016 तथा संशोधित नियम 04 मई 2021 एवं दिनाक 28.03.2023 ( निविदा दिनांक तक हुए समस्त संशोधनों सहित ) में उल्लेखित एवं विरचित प्रावधानों के अधीन आवंटन हेतु लमसम दर पर ऑनलाईन निविदा ऑफर आमंत्रित किया जाता है। दुकानों से संबंधित विवरण निम्नानुसार है :-

| सं. क्र. | टेन्डर आई.डी.नं. जारी दिनांक | दुकान क्र. | क्षेत्रफल ( वर्गमीटर में ) | दुकानों का वर्ग ( आरक्षण ) | न्यूनतम आरक्षित मूल्य | अर्नेष्ट मनी राशि ( 2.5 प्रतिशत ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_UAD_415709_1 24/04/2025 | 01 | 22.01 | अनुसूचित जनजाति | 570000.00 | 14250.00 | 2000.00 | 14/05/2025 |
| 2 | 2025_UAD_415711_1 24/04/2025 | 02 | 22.01 | अनारक्षित | 570000.00 | 14250.00 | 2000.00 | 14/05/2025 |
| 3 | 2025_UAD_415713_1 24/04/2025 | 03 | 22.01 | अनारक्षित | 570000.00 | 14250.00 | 2000.00 | 14/05/2025 |
| 4 | 2025_UAD_415715_1 24/04/2025 | 04 | 22.01 | अनारक्षित | 570000.00 | 14250.00 | 2000.00 | 14/05/2025 |
| 5 | 2025_UAD_415716_1 24/04/2025 | 05 | 22.01 | अनारक्षित | 570000.00 | 14250.00 | 2000.00 | 14/05/2025 |
| 6 | 2025_UAD_415717_1 24/04/2025 | 06 | 22.01 | अनारक्षित | 570000.00 | 14250.00 | 2000.00 | 14/05/2025 |
| 7 | 2025_UAD_415718_1 24/04/2025 | 07 | 22.01 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 570000.00 | 14250.00 | 2000.00 | 14/05/2025 |
| 8 | 2025_UAD_415719_1 24/04/2025 | 08 | 22.01 | अनारक्षित | 570000.00 | 14250.00 | 2000.00 | 14/05/2025 |
| 9 | 2025_UAD_415720_1 24/04/2025 | 09 | 22.01 | अनारक्षित | 570000.00 | 14250.00 | 2000.00 | 14/05/2025 |
| 10 | 2025_UAD_415721_1 24/04/2025 | 10 | 22.01 | अनारक्षित | 570000.00 | 14250.00 | 2000.00 | 14/05/2025 |
| 11 | 2025_UAD_415722_1 24/04/2025 | 11 | 22.01 | अनारक्षित | 570000.00 | 14250.00 | 2000.00 | 14/05/2025 |
| 12 | 2025_UAD_415723_1 24/04/2025 | 12 | 22.01 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 570000.00 | 14250.00 | 2000.00 | 14/05/2025 |
| 13 | 2025_UAD_415724_1 24/04/2025 | 13 | 22.01 | अनारक्षित | 570000.00 | 14250.00 | 2000.00 | 14/05/2025 |
| 14 | 2025_UAD_415726_1 24/04/2025 | 14 | 22.01 | अनुसूचित जाति | 570000.00 | 14250.00 | 2000.00 | 14/05/2025 |
| 15 | 2025_UAD_415727_1 24/04/2025 | 12 | 22.01 | अनारक्षित महिला | 570000.00 | 14250.00 | 2000.00 | 14/05/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://www.mptenders.gov.in की बेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद, पनागर (म.प्र.)**


### कांग्रेस ने बुलाई सीडब्ल्यूसी की आपात बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादी हमले के मद्देनजर पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की गुरुवार को आपात बैठक बुलाई है।


### निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात

In The Court of XVI, Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur presiding Officer:
फरहान मसूद कुरैशी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
**(RCS A/ 0000728/2024)**
आमप्रकाश पटेल ( काछी )............वादी
Vs
गौरीशंकर श्रीवास्तव .....प्रतिवादी
**Process Id**-/2025
पेशी दि.:-16/05/2025

प्रेषिती-( 1 ) गौरीशंकर श्रीवास्तव पिता रामस्वरूप श्रीवास्तव पता- निवासी गढाफाटक जबलपुर म.प्र. ( 2 ) शीतलपुरी गृह निर्माण समिति द्वारा अध्यक्ष सनद कुमार पता- निवासी मकान नंबर 886 जवाहरगंज जिला जबलपुर म.प्र. ( 3 ) मदन मोहन श्रीवास्तव पिता गौरीशंकर श्रीवास्तव पता- निवासी गढाफाटक जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी ओमप्रकाश पटेल ( काछी ) ने अपके विरूद्ध सिविल सूट वाद पत्र वास्ते घोषणा विरोधी अधिपत्य के आधार पर मालिक स्वामी घोषित करने हेतु के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर ( अधिवक्ता ) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 16 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन नोटिस के साथ दावा वास्ते घोषणा विरोधी अधिपत्य के आधार पर मालिक स्वामी घोषित करने हेतु तथा शपथपत्र एवं नक्शा की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(फरहान एम. कुरैशी)**
**सोलहवें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, जबलपुर (म.प्र.)**
र.नं. 219

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकारा आसमा बेगम पिता स्व. मोहम्मद ताहिर उम्र लगभग 64 वर्ष निवासी- म.नं. 955, मस्जिद नूर के पास, गोविन्द वल्लभ पंत वार्ड गोहलपुर जिला जबलपुर म.प्र.।

1. यह कि, मेरी पक्षकारा आसमा बेगम का समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय अभिलेखों में आसमा बेगम अंकित है।

2. यह कि, जीवन बीमा पॉलिसी एच.डी.एफ.सी. स्कीम के तहत आसमा बेगम के द्वारा दो पॉलिसी ली गई थीं जिसमें उनका नाम त्रुटिवश आसमा अंसारी अंकित हो गया है। जबकि आसमा बेगम और आसमा अंसारी एक ही महिला है।

3. यह कि, इन्हें आसमा बेगम और आसमा अंसारी के नाम से जाना एवं पहचाना जाता है क्योंकि आसमा बेगम का सरनेम आसमा अंसारी है।

जबलपुर, दिनांक 23.04.25

र.नं.- 214

**ए. हक, अधिवक्ता**
**म.प्र. हाईकोर्ट, जबलपुर**
**म.नं. 576/1, नगीना मस्जिद, गोहलपुर जबलपुर म.प्र.**
**मो. 9425384576, 932001957**

**न्यायालय- शिवांगी सिंह परिहार, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मझौली, जिला सीधी म.प्र.**
presiding Officer: **शिवांगी सिंह परिहार**
**संलग्न नोटिस प्रकाशन हेतु**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक MJC Suc. 02/2025**
**निरसिया भुर्तिया वगैरह ............आवेदिका**
**बनाम**
**हर आम व खास वगैरह .........अनावेदकगण**
प्रोसेस नंबर 686/25
दिनांक 22.4.2025
पेशी दि.:-08/05/2025

**प्रेषिती-( 1 ) सर्व साधारण हर आम एवं खास जनता।**

अनावेदक क्र. 1 सर्व साधारण हर आम व खास जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका निरसिया पत्नी श्यामलाल भुर्तिया उम्र 60 वर्ष पेशा गृहकार्य निवासी ग्राम दुबरी तहसील कुसमी जिला सीधी म.प्र. ने मृतक श्यामलाल भुर्तिया पिता कंधई भुर्तिया ग्राम दुबरी पोस्ट चिन्गवाह तहसील कुसमी थाना मझौली जिला सीधी म.प्र. के मृत्यु के बाद आवेदिकागण को मृतक का वैद्य उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र घोषित करते हुए मृतक को मृत्यु पश्चात आवेदिकागण को म.प्र. शासन द्वारा दी जाने वाली समस्त सहायता राशि एवं यूनियन बैंक शाखा मझौली जिला सीधी से मिलने वाली समस्त सहायता राशि आवेदिकागण प्राप्त करने हेतु आवेदिकागण के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन दिया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08.05.2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदिका को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08.05.2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 22.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
स्थान : मझौली

( शिवांगी सिंह परिहार )
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड मझौली, जिला-सीधी ( म.प्र. )


### श्रीनगर रूट पर कैंसिलेशन और रिशेड्यूल फ्री

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद श्रीनगर की यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा और सहूलियत को ध्यान में रखते हुए कई प्रमुख एयरलाइनों ने 30 अप्रैल 2025 तक श्रीनगर से और श्रीनगर के लिए उड़ानों पर रद्दीकरण व रिशेड्यूल शुल्क पूरी तरह माफ कर दिए हैं। **श्रीनगर से दिल्ली की दो अतिरिक्त उड़ानें**-एयर इंडिया ने बुधवार को घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बीच मौजूदा स्थिति के मद्देनजर वह 23 अप्रैल को श्रीनगर से दो अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगा। ये उड़ानें श्रीनगर से दिल्ली और मुंबई के लिए संचालित की जाएंगी।

( विस्तृत संबंधित खबर अर्थ जगत पृष्ठ 11 पर )


### नाम सुधार सूचना

मैं उर्मिला बझैया पति लखनलाल उम्र 40 वर्ष निवासी बोस वार्ड गोटेगांव तहसील गोटेगांव जिला नरसिंहपुर का/ की निम्न कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करता/करती हूं कि-

1. यह कि शपथकर्ता के नाम से आपकी शाखा में एक बचत खाता संचालित है जिसका खाता क्र. 34492773680 है।

2.यह कि शपथकर्ता के आधार कार्ड में नाम उर्मिला बझैया दर्ज है एवं बैंक खाते में नाम अंजनी बझैया दर्ज है। 3. यह कि उर्मिला बझैया की अंजली बझैया है एवं अंजनी बझैया ही उर्मिला बझैया है ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात शपथकर्ता के ही हैं किसी अन्य व्यक्ति के नहीं हैं।4. यह कि शपथकर्ता अपने बैंक खाते में अंजली बझैया के स्थान पर आधार कार्ड अनुसार उर्मिला बझैया नाम दर्ज करवाना चाहते हैं इसी बावत यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

### आम सूचना

**मैं आम जनता को सूचित करता हूँ कि मै विक्रेता धम्मूलाल एवं प्रकाशचन्द्र से उनके हक व हिस्से की भूमि जो कि प.ह.नं. 98 उमरिया, ख.नं. 693/2 रकबा 02.45 एकड स्थित हैं को क्रय करने का सौदा तय हुआ है और यदि किसी व्यक्ति व अन्य को उक्त उपर वर्णित क्रय विक्रय के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह आज दिनांक से 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय/आफिस में अपने समस्त दस्तावेजों सहित लिखित आपत्ति दर्ज करावें और 07 दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी और उक्त अवधि पश्चात् मेरे पक्षकार, उक्त सम्पत्ति को क्रय विक्रय करने हेतु स्वतंत्र होगा। अतः आम जनता को सूचनार्थ हेतु प्रकाशित।**

जबलपुर
दिनांक -

**राम जीवन लोधी**
**महराजपुर, मण्डला**
**9340484063**

### कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

**// निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID-2025_UAD_ 418635_1 PRO-66 Date-23/04/2025 | संभाग क्रं 01 गढा नया वार्ड क्रं 71 अंतर्गत जसूजा सिटी में फेस 3 मोड से गुरूद्वारा की ओर एम 30 सी सी सड़क निर्माण कार्य। ( पार्षद अनुशंसा ) | 08.42 लाख दो माह | 2,000/- 8420/- | 01/05/2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**


### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**एक दिन में...**

हम हाई कैटगरी के पर्यटकों को एसी कैब की सुविधा उपलब्ध कराते हैं। हम खुश थे कि व्यापार में तेजी आने लगी है, लेकिन अब सब कुछ अचानक खत्म हो गया है। केवल एक दिन में हमारी 70 फीसदी बुकिंग रद्द हो गई है। बिहार के पटना से 10 परिवार के सदस्यों के साथ आए 46 साल के पर्यटक सुरेश कुमार ने कहा कि वे माता वैष्णो देवी के दर्शन करने गए थे और पहलगाम जाने की योजना बना रहे थे लेकिन अब वहां नहीं जा रहे।

**अमरनाथ यात्रा पर केंद्र सरकार से खास अपील**- ऑल जम्मू होटल्स एंड लॉज एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत खजूरिया ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले से आगामी अमरनाथ यात्रा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा, मैं केंद्र से जोरदार अपील करता हूं कि आगामी तीर्थयात्रा को सेना को सौंप दिया जाए ताकि लोगों में कोई डर न रहे। दरअसल, मंगलवार को पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद हजारों पर्यटक कश्मीर छोड़ रहे हैं। अधिकारी भी पर्यटकों को उनके गृह राज्यों में सुरक्षित वापस भेजने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पर्यटकों का राज्य से पलायन देखना दल दहला देने वाला है। पहलगाम में कल हुए दुखद आतंकी हमले के बाद घाटी से हमारे मेहमानों का पलायन देखना दिल दहला देने वाला है, लेकिन साथ ही हम पूरी तरह से समझते हैं कि लोग क्यों जाना चाहते हैं।

# देश-प्रदेश

**उवाच**

**ये समय राजनीति करने का नहीं, पीड़ितों को न्याय दिलाने का है : खड़गे**



**नई दिल्ली,देशबन्धु।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पक्ष विपक्ष के सभी नेताओं ने कड़ी आलोचना की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा कि निर्दोष पर्यटकों की हत्या से गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी कड़े से कड़े शब्दों में इस आतंकी हमले की निंदा करती है. यह हमला हमारे देश की एकता और अखंडता पर कायराना हमला है। जो निर्दोष और निहत्थे नागरिकों को मारते हैं, वो इंसान नहीं हो सकते। खड़गे ने कहा यह समय राजनीति करने का नहीं पीड़ितों को न्याय दिलाने का है।

## देश में सर्वाधिक 2600 रूपये प्रति क्विंटल दर पर गेहूं खरीद रही है मध्यप्रदेश सरकारः मुख्यमंत्री




- उपार्जन में मप्र, हरियाणा और पंजाब से भी आगे
- किसानों को समय पर मिले उपार्जन राशि भुगतान
- खाद्यान्न के बारदानों में लगायें जायेंगे क्यूआर कोड
- वेयर हाउसेस भी क्यूआर कोडयुक्त किये जायेंगे
- मुख्यमंत्री ने की खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा

**भोपाल,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार पूरे देश में सर्वाधिक 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर गेहूं खरीद रही है, ताकि प्रदेश के गेहूं उत्पादक किसानों को सर्वाधिक लाभ मिले। इस उपार्जन राशि में सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस राशि भी शामिल है। उन्होंने कहा कि गेहूं उत्पादन एवं उपार्जन के मामले में हम पंजाब और हरियाणा जैसे खाद्यान्न उत्पादक राज्यों से भी आगे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी प्रकार के राशन कार्डधारकों की ई-केवाईसी जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता अधिकार संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के सभी प्रकार के राशन कार्ड धारकों को समय पर और बिना किसी कठिनाई के पात्रतानुसार राशन सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को राशन पाने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सार्वजनिक खाद्यान्न वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के लिए व्यवस्थाओं को बेहतर और त्रुटिरहित बनाने के निर्देश दिए हैं, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी राशन पाने से वंचित न रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़ी सभी योजनाएं, विशेषकर खाद्यान्न वितरण, उज्जवला गैस योजना की सब्सिडी वितरण और घर-घर घरेलू गैस पाइप लाइन डालने का काम पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ किये जाएं, ताकि प्रदेश के नागरिकों को सरकार की सुविधाओं का भरपूर लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि त्रुटिरहित राशन वितरण, किसानों को उपार्जन राशि का समय पर भुगतान और हर जरूरतमंद तक खाद्यान्न पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता अधिकार संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बैठक में बताया कि गोदामों में खाद्यान्न स्कंध की हेरा-फेरी पर अंकुश लगाने के लिए अब खाद्य विभाग द्वारा खाद्यान्नों के सभी बारदानों (बोरों) में क्यूआर कोड लगाये जायेंगे। इसी तरह एमपी वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के अधीन सभी वेयरहाउस को भी क्यूआर कोडयुक्त किया जा रहा है। इनमें सीसीटीव्ही कैमरे भी लगवाये जाएंगे। खाद्यान्न वितरण, शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर नजर रखने एवं फूड-स्टॉकिंग के सभी कामों की मुख्यालय से निगरानी के लिए भोपाल में एक कंट्रोल कमांड सेंटर भी बनाया जा रहा है। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा (मुख्यमंत्री कार्यालय), अपर मुख्य सचिव सहकारिता अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता अधिकार संरक्षण श्रीमती रश्मि अरुण शमी, आयुक्त खाद्य विभाग कर्मवीर शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### गेहूं उपार्जन का काम 5 मई तक पूरा कर लें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में चल रही गेहूं उपार्जन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गेहूं की खरीदी प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता का पालन किया जाए और किसानों को गेहूं उपार्जन का भुगतान कम से कम समय में कर दिया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की अवधि 30 अप्रैल तक करें। इस अवधि तक बुकिंग कराने वाले सभी किसानों से गेहूं उपार्जन का समस्त कार्य 5 मई 2025 तक हर हाल में पूराकिया जाए।

### लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने गुणवत्ता पर कसी लगाम

## निरीक्षण में दोषी पाए गए अधिकारियों व ठेकेदारों के विरुद्ध वेतन वृद्धि रोकने से लेकर ब्लैकलिस्टिंग तक की कार्रवाई

**भोपाल,देशबन्धु।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधार हेतु माह में दो बार औचक निरीक्षण का अभियान चलाया रहा है। निरीक्षण की कार्ययोजना के अंतर्गत 7 मुख्य अभियंताओं की टीमों ने प्रदेश के विदिशा, छिंदवाड़ा, दतिया, इंदौर, मंदसौर, सागर और अनुपपुर सहित अन्य जिलों में कुल 35 निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण कार्य रेंडम आधार पर चयनित परियोजनाओं पर किया गया, जिसमें लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, म.प्र. सड़क विकास निगम, भवन विकास निगम एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित कार्य शामिल थे।


निरीक्षण के पश्चात प्राप्त रिपोर्ट की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रबंध संचालक म.प्र. सड़क विकास निगम भरत यादव, प्रमुख अभियंता (बीएनआर) के.पी.एस. राणा, प्रमुख अभियंता (भवन) एस.आर. बघेल व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में की गई। समीक्षा बैठक में निरीक्षणकर्ताओं की रिपोर्ट के आधार पर अनेक स्थानों पर लापरवाही सामने आने पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

विदिशा जिले के अंतर्गत महामायी मंदिर पहुंच मार्ग व्हाया पाटन कमालिया के निर्माण कार्य की गुणवत्ता मानक मापदण्ड के अनुसार नहीं पाई गई। इस पर ठेकेदार मेसर्स इन्फा डेव्हलपर्स विदिशा के पंजीयन को कालीसूची में दर्ज किये जाने हेतु संबंधित मुख्य अभियंता भोपाल परिक्षेत्र को निर्देश दिए गए तथा संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। वहीं, विदिशा जिले के ही शमशाबाद में 50 सीटर विमुक्त जाति प्री-मेट्रिक बालिका छात्रावास भवन के निर्माण कार्य को निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण पाए जाने पर ठेकेदार और अधिकारियों की प्रशंसा की गई।

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष अभियान, कई जिलों में मिली अनियमितताएं

दतिया जिले के अंतर्गत इंदरगढ़-पढोकर-समथर मार्ग के निर्माण कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी आर.के. मिश्रा की एक वेतन वृद्धि रोकी गई, उपयंत्री संतोष शर्मा को निलंबित किया गया तथा रविकांत सरस्वत उपयंत्री की एक वेतन वृद्धि भी रोकी गई। साथ ही ठेकेदार मेसर्स प्रेस्टीजियर्स स्कोर्स प्रायवेट लिमिटेड ग्वालियर के पंजीयन को कालीसूची में दर्ज करने हेतु संबंधित मुख्य अभियंता ग्वालियर परिक्षेत्र को निर्देश दिए गए। इसी जिले के सेवढ़ा-स्टेट हाईवे पर शोल्डर का कार्य ठीक नहीं पाए जाने पर एम.पी.आर.डी.सी. के असिस्टेंट जनरल मैनेजर को नोटिस देने हेतु संबंधित मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया।

सागर जिले के जरुआखेड़ा आर.ओ.बी. एवं सागर-खुरई-बीना कार्य में अत्यधिक विलंब पर ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने



और कार्यवाही करने के निर्देश राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र भोपाल को दिए गए। वहीं रहली सी.एम. राइज स्कूल के कार्य को असंतोषजनक पाए जाने पर भवन विकास निगम के उपयंत्री और अनुविभागीय अधिकारी को नोटिस तथा ठेकेदार व कंसल्टेंट पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मंदसौर जिले में मनासा-रमपुरा-भानपुरा-झालावाड़ा राज्य मार्ग निर्माण में गुणवत्ता खराब पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार पर कार्रवाई हेतु एम.पी.आर.डी.सी. के मुख्य अभियंता को निर्देश दिए गए। इंदौर जिले में एम.पी.आर.डी.सी. द्वारा किए जा रहे सत्य साई फ्लाय ओवर निर्माण में अत्यधिक विलंब पाए जाने पर ठेकेदार मेसर्स नारायणदास कंपनी पर कार्रवाई हेतु भी संबंधित मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया।

## विमानन क्षेत्र में प्रदेश में 2 हजार करोड़ के निवेश की योजना

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जर्मनी के इनएविया एविएशन के मैनेजिंग पार्टनर माइकल हॉवेल ने मंत्रालय में सौजन्य भेंट की। उन्होंने प्रदेश में विमानन क्षेत्र में अत्याधुनिक एमआरओ (मेंटेनेंस रिपेयर एंड ऑपरेशंस) सुविधा की शुरुआत करने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा की।

इनएविया एविएशन समूह, सेवा मुक्त विमानों को रिसाइकल करके उन्हें इच्छुक एयरलाइंस को प्रदान करने के क्षेत्र में गतिविधियां संचालित करने के लिए प्रदेश में आरंभिक रूप से 500 करोड रुपए के निवेश का इच्छुक है। चरणबद्ध रूप से 2000 करोड़ रुपए तक का निवेश किया जाएगा। एमआरओ के अंतर्गत कंपोनेंट निर्माण, सीएनडी चैक और इंजन मरम्मत भी शामिल होंगे।

## जिलाधिकारी लखनऊ ने किया डालीबाग स्थित 120 एमएलडी क्षमता वाले एसटीपी का निरीक्षण

**लखनऊ।** जिलाधिकारी विशाख जी0 द्वारा डालीबाग क्षेत्र में हैदर अली कैनाल पर निर्माणाधीन 120 एमएलडी क्षमता के जी एच कैनाल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूरे प्लांट परिसर का भ्रमण किया और सीवेज वाटर को ट्रीटमेंट करने की प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

महेश कुमार गौतम, अधिशासी अभियंता, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि यह एसटीपी हैदर अली कैनाल के 120 एमएलडी तक के अशोधित जल को ट्रीटमेंट किए जाने हेतु बनाया जा रहा है। यह कैनाल शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय से प्रारंभ होती है और शहर के कई क्षेत्रों से होकर गुजरती है। यह परियोजना गोमती नदी को स्वच्छ रखने की दशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिसके पूर्ण होने के उपरांत 120 एमएलडी एसटीपी एवम उससे सटे हुए 100 एमएलडी एसपीएस के माध्यम से गोमती में हैदर अली कैनाल ड्रेन आउट होने पर रोक लगाया जा सकेगा।

एसटीपी को दो चरणों में चालू किया गया है। पहले चरण के अंतर्गत यह प्लांट 15 अगस्त 2024 से 80 एमएलडी की आंशिक क्षमता पर संचालित किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि आने वाले 15 दिनों में स्लूज़ गेट निर्माण का कार्य पूरा हो जाएगा, जिसके पश्चात यह प्लांट अपनी पूर्ण क्षमता यानी 120 एमएलडी पर कार्य करने लगेगा। इस प्रक्रिया के माध्यम से ट्रीट किया गया जल गोमती नदी की डाउन स्ट्रीम में डाला जाएगा, जिससे जल प्रदूषण में कमी आएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने यह निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण किए जाने का विशेष ध्यान रखा जाए। अधिशासी अभियंता महेश गौतम द्वारा बताया गया कि प्लांट में अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया गया है, जिनमें यूवी वाटर ट्रीटमेंट सिस्टम भी सम्मिलित है, जो जल को हानिकारक इकोलाई के स्तर को कम करने में प्रभावी होगा।

## पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वालों और घायलों की सूची जारी हुई

**जम्मू।** 22 अप्रैल 2025 का दिन देश के कई परिवारों के लिए 'काला दिन' साबित हुआ। बीते दिन जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में कई मासूमों ने अपनी जान गंवा दी।

इस हमले को 2019 के पुलवामा अटैक के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला बताया जा रहा है। ताजा अपडेट के मुताबिक, हमले में मरने वाले और घायलों के नाम की लिस्ट सामने आ गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मृतकों में यूपी, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के लोग शामिल हैं। साथ ही हमले में 2 स्थानीय नागरिकों की भी जान गई है।

**इनकी जान गई**

1- सुशील नथली- इंदौर, 2- सैयद आदिल हुसैन शाह- पहलगाम, 3- हेमंत सुहास जोशी, तमी मुंबई, 4- विनय नरवाल- करनाल, हरियाणा, 5- अतुल श्रीकांत मोनी- डोंबिवली वेस्ट, 6- नीरज उधवानी- उत्तराखंड, 7- बितान अधिकारी- कोलकाता

8- सुदीप न्यौपाने- नेपाल, 9- शुभम द्विवेदी- श्याम नगर, कानपुर सिटी, उत्तर प्रदेश,10- प्रशांत कुमार सतपथी- मालाश्वर, ओडिशा,11- मनीष रंजन (आबकारी निरीक्षक)- बिहार, 12- एन. रामचंद्र- कोच्चि, केरल, 13- संजय लक्ष्मण लाली- ठाणे, मुंबई, 14- दिनेश अग्रवाल- चंडीगढ़, 15- समीर गुहार- कोलकाता, 16- दिलीप दसाली- पनवेल, मुंबई, 17- जे. सच्चंद्र मोली- विशाखापट्टनम, 18- मधुसूदन सोमिसेट्टी- बेंगलुरु,19- संतोष जगधा- पुणे, महाराष्ट्र, 20- मंजू नाथ राव- कर्नाटक, 21- कस्तूबा गवंटोये- पुणे, महाराष्ट्र, 22- भरत भूषण- सुंदर नगर, बेंगलुरु, 23- सुमित परमार- भावनगर, गुजरात, 24- यतेश परमार- भावनगर, गुजरात, 25- तगेहायलिंग (वायुसेना कर्मचारी)- अरुणाचल प्रदेश, 26- शैलेशभाई एच. हिमतभाई कलाठिया - सूरत, गुजरात।

**ये घायल की लिस्ट**

1- डोभी विनोबा- गुजरात, 2- डॉ. ए. परमेश्वर- तमिलनाडु, 3- शशि कुमारी नाइक- कर्नाटक, 4- संतानो- तमिलनाडु

5- सोबीडे पाटिल- मुंबई, 6- विनय बाई- गुजरात, 7- मनीक पटेल- पनवेल, महाराष्ट्र, 8- रेनू पांडे- नेपाल, 9- बालचंद्रु- महाराष्ट्र, 10- अभजया एम. राव- कर्नाटक, 11- आकांक्षा- इंदौर, मध्य प्रदेश, 12- लक्षिता दास- रायपुर, छत्तीसगढ़, 13- जेनिफर- इंदौर, मध्य प्रदेश, 14- जया मिश्रा- हैदराबाद, 15- शबारिगुहा- कोलकाता, 16- हर्षा जैन- महाराष्ट्र, 17- निकिता जैन- महाराष्ट्र।

### राजधानी से चंद किलोमीटर दूर हुआ हादसा

## मंडीदीप गेल प्लांट से गैस लीक, मचा हड़कंप

### 10 घंटे की मशक्कत के बाद लीकेज किया बंद

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी से महज कुछ किलोमीटर दूर स्थित गेल इंडिया लिमिटेड के गैस प्लांट में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अचानक गैस का रिसाव होने लगा। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। इस घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में घबराहट और दहशत का माहौल पैदा कर दिया। हालांकि, प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की और दमकल कर्मियों की सूझबूझ से बड़ी दुर्घटना टल गई।

बीती रात करीब 12 बजे, गेल प्लांट से अचानक गैस का रिसाव शुरू हुआ। कुछ ही पलों में प्लांट के आसपास तेज गंध फैल गई। सायरन बजने लगे, जिसके बाद कर्मचारी मास्क पहनकर बाहर की तरफ दौड़ते हुए नजर आए। हादसे की खबर मिलते ही एनडीआरएफ और एसडीईआ की टीमें मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद प्लांट के एक किलोमीटर के दायरे में बैरिकेड्स लगाकर आवाजाही पर रोक लगा दी गई। नगर पालिका मंडीदीप की दमकलों को बुला लिया गया। पहले आसपास इलाके को खाली करा लिया गया। सतलापुर और मंडीदीप पुलिस, और होमगार्ड की टीम भी तैनात रही। वहीं जयपुर से गेल की सेफ्टी टीम प्लांट का सेफ्टी ऑडिट करने के लिए मौके पर पहुंचे गेल के प्रोजेक्ट मैनेजर डी.



डोंगरे के मुताबिक रिसाब को बंद कर दिया गया है, फिलहाल स्थिति नियंत्रित है। अब किसी तरह के नुकसान की आशंका नहीं है। उन्होंने स्कूलों की छुट्टियां कराने और आसपास के क्षेत्र को खाली कराने जैसी कोई आवश्यकता से इंकार किया है। हादसे के बाद कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, एसडीपीओ शीला सुरणा और नायब तहसीलदार नीलेश सरवटे ने प्लांट का निरीक्षण किया है।

कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने कहा कि प्लांट में आधी रात से गैस रिसाव शुरु हुआ था, हो रहा था। श्री विश्वकर्मा ने बताया कि इसकी सुबह 5 बजे मिलते ही रिसाव को रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र को सैनिटाइज कराया गया है। उन्होंने हालत के गंभीर होने से इंकार करते हुए कहा कि हम प्लांट का सेफ्टी ऑडिट करा रहे हैं।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा अनीता राय पति भरत राय निवासी राजाराम मूर्तिकार के पास, शास्त्री नगर जबलपुर वाली ने मौजा सगड़ा, नं.बं. 421, प.ह.नं. 33, रा.नि.मं. जबलपुर 1 तहसील गोरखपुर जिला में स्थित भूमि ख.नं. 5/2 रकवा 0.052 हेक्टेयर में से क्रय प्लाट रकवा 17×50-850 वर्गफुट प्लाट को क्रय करने का सौदा उक्त प्लाट के स्वामी श्रीमती सुनीता कुमारी सिंह पति बरमेश्वर नाथ सिंह निवासी पुराना कंकड़ बाग, गेट नंबर 15 पटना बिहार वालो से किया है, जिसका रजिस्ट्री बैनामा अतिशीघ्र निष्पादन होना तय हुआ है। अतः उक्त सौदे में किसी बैंक, संस्था या अन्य व्यक्ति को कोई आपत्ति हो अथवा इसमें किसी का हक्क निहित हो तो वह इस आम-सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज साक्ष्य के प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद में की गयी आपत्ति अमान्य होगी।

स्थान -जबलपुर
दिनांक-23/04/2024

विवेक नायक, एडवोकेट
म.प्र. उच्च न्यायालय
आफिस/निवास 656 धनवंतरी नगर जबलपुर

र.नं. 213 मो.नं. 9425387501

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 1970/अ-6/2024-25

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि द्वारका प्रसाद अग्रवाल (2) एच.एस. अग्रवाल पिता स्व. लक्ष्मी नारायण अग्रवाल निवासी 469, डी.साई. ऋुति पचपेड़ी, सिविल लाइन द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक... के माध्यम से मौजा गोरखपुर नं.बं. 605 प.ह.नं. 29 प्लाट नं. 316 रकवा 4352 वर्गफुट विक्रेता आम जनता फौती नामान्तरण बावत से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/हस्तांतरण पत्र/ दान पत्र की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 30/4/25. तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से दिनांक 16/4/85 को जारी ।
जारी दिनांक- 16/4/25
पेशी दिनांक- 30/4/25

नायब तहसीलदार
गोरखपुर, जबलपुर

र.नं. 211

**नाम सुधार सूचना**

मैं पंचम लाल पटेल आत्मज सीता राम पटेल निवासी- म. नं. 4730, इंद्र नगर, सुहागी, वार्ड नं. 09, अधारताल जबलपुर, म. प्र. का निवासी हूँ। यह कि मेरे आधार कार्ड,पेन कार्ड में मेरा नाम पंचम लाल पटेल (PANCHAM LAL PATEL) एवं पिता का नाम सीता राम पटेल (SITA RAM PATEL) नाम दर्ज है। एवं मार्कशीट में मेरा नाम पंचम लाल एवं पिता का नाम सीता राम दर्ज है। मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम पंचम लाल (PANCHAM LAL) एवं पिता का नाम सीता राम (SITA RAM) दर्ज हो गया है। मेरा नाम पंचम लाल पटेल, पिता सीता राम पटेल अथवा पंचम लाल एवं पिता सीता राम उपरोक्त जानकारी एक ही व्यक्ति अर्थात् मुझ शपथकर्त्ता के ही हैं, जो सत्य एवं सही है। अतः पासपोर्ट में मेरा नाम पंचम लाल पटेल व पिता का नाम सीता राम पटेल को दर्ज किया जावे। एवं सभी शासकीय दस्तावेजों में भी लिखा-पढ़ा जावे व जाना जावें।

**पंचम लाल पटेल (सही नाम)**
**पंचम लाल (गलत नाम)**

PARWATI

**CHANGE OF NAME**

I, Krishnapriya p is real/ legally Wife of Army No : 15703143k, Rank-Hav, Name - P Nanikiran, Unit- 3cesr, Home Address, Village:- Nellore, Po:- Ak Nagar post, Teh:- Nellore, District:- Nellore, State:- Andhra Pradesh, Pin:-524003. I have changed my Name from Krishnapriya p to Alapaka Krishnapriya Vide Affidavit No. BV 016065 before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
Krishnapriya p
CORRECT NAME
Alapaka Krishnapriya

**नाम सुधार**

मै संवेदना अमर वाघमारे पुत्री श्री अमर प्रभुजी वाघमारे उम्र 18 वर्ष निवासी - 102 बी' नर्मदा नगर, जबलपुर - 08 म.प्र. शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मेरी कक्षा 10वीं की CBSE मार्कशीट में मेरा नाम संवेदना ए. वाघमारे (SANVEDNA A. WAGHMARE) अंकित है . एवं मेरे पिता के नाम में भी ए. पी. वाघमारे (A.P. WAGHMARE) अंकित है जो कि गलत गलत है, यह मेरी गलती से हुआ है, जबकी मेरे अन्य दस्तावेजों मे मेरा नाम संवेदना अमर वाघमारे ही दर्ज है और मेरे पिताजी का नाम अमर प्रभुजी वाघमारे है जो कि सत्य व सही है। मेरे पिताजी द्वारा दिनांक 17 सितबंर 2016 को उक्त नाम परिवर्तन की सूचना भारत के राजपत्र में भी प्रकाशित कराई थी जिसमे उनका नाम अंबादास प्रभुजी वाघमारे से परिवर्तित कर अमर प्रभुजी वाघमारे किया गया था। अत: मेरा सही नाम संवेदना अमर वाघमारे है एवं मेरे पिता जी का सही नाम अमर प्रभुमी वाघमारे है इस आशय का शपथपत्र मेरे द्वारा तहसीलदार गोरखपुर कार्यपालिक दण्डाधिकारी जबलपुर से सत्यापित है।

शपथपत्र की तिथी - 15/4/2025
नोटरी का नाम - दिवाकर गुप्ता, जबलपुर
तहसीलदार गोरखपुर, कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जबलपुर द्वारा सत्यापन दि. 22/04/2025 शपथपत्र पेश करने वास्ते - द सेक्रेटरी CBSE, भोपाल, म.प्र.

**नाम सुधार**

मैं सोमराज झारिया (SOMRAJ JHARIA) उम्र 81 वर्ष पिता स्व. मल्थू प्रसाद झारिया (Late MALTHU PRASAD JHARIA) 3065 कटरा गणेश चौक अब्दुल हमीद वार्ड 36 अधारताल, जबलपुर पिन 482004 मध्य प्रदेश का निवासी हूँ। मैं वाहन निर्माणी जबलपुर सुरक्षा मंत्रालय भारत सरकार से भंडार नायक (STORE HOLDER)के पद से दिनांक 31/03/2004 को रिटायर हुआ हूँ। मेरा नाम सर्विस रिकार्ड एवं पी.पी.ओ (P.P.O) में सोमराज (SOMRAJ) लिखा है। जबकि मेरा नाम पेन PAN No. ADLPJ7207M एवं आधार कार्ड No. 639761117462 में मेरा नाम सोमराज झारिया (SOMRAJ JHARIA) अंकित है। मेरा सही नाम सोमराज झारिया (SOMRAJ JHARIA) मेरे सर्विस रिकार्ड एवं (P.P.O) पी.पी.ओ में दर्ज किया जाए।

गलत - सोमराज पिता मल्थू झारिया
सही - सोमराज झारिया
(SOMRAJ JHARIA)
पिता स्व. मल्थू प्रसाद झारिया

र.नं. 220

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र./ /अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 17/04/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सुभाष चंद्र चौरसिया अन्य पिता स्व. रामकिशन चौरसिया निवासी 976 गढ़ाफाटक के द्वारा मौजा .... ब्लाक 54 प्लाट नंबर 30/31 स्थित भूमि खसरा नंबर .... में से रकवा 670.46 वर्ग मीटर में से 7215 व.फु. जो राजस्व रिकार्ड में ...... के नाम से दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 02/05/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-17/04/2025
पेशी दिनांक-02/05/2025

तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

र.नं. 218

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 2195/ अ-6/2024-25

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती लता शिखरिया व अन्य पति स्व. हरीश कुमार शिखरिया निवासी सी-19, पोलीपाथर ग्वारीघाट रोड जबलपुर (म.प्र.) द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक.... के माध्यम से मौजा पोलीपाथर नं.बं. .... प.ह.नं. 24/2-29 ख.नं. 26/1, 2, 28/1, 2, 29/2 व अन्य रकवा 850 व.फु. विक्रेता ...... से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने वसीयतनामा/ बटवारानामा/ हस्तांरण पत्र/ दान-पत्र एवं नक्शा बंटाक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 08/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 25/03/2025 को जारी।

जारी दिनांक - 25/03/2025
पेशी दिनांक - 08/04/2025

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

र.नं. 217

**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर**

**आम इश्तहार**

रा.प्र.क्रं/2794/अ-6/2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री फूलचंद साहू, राकेश साहू दोनों के पिता स्व. शीतलप्रसाद साहू निवासी 4063 डॉ. अम्बेडकर कालोनी के सामने मालबाबा कटरा अधारताल जबलपुर के द्वारा मौजा बैतला प.ह.न. 01 खसरा नं. 189/44/2 रकबा 0.020 हेक्ट भूमि फौत खातेदार आवेदक के पिता शीतल प्रसाद साहू पिता दबलू साहू निवासी कटरा अधारताल जबलपुर का नाम पर वर्तमान अभिलेख में दर्ज है। खातेदार शीतल प्रसाद साहू की मृत्यु दिनांक 23/12/2017 को हो जाने उपरांत खातेदार का नाम विलोपित करने एवं वारसान हक में आवेदक स्वंय एवं राकेश साहू पिता स्व. श्री शीतलप्रसाद साहू का नाम शासकीय अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र, मय शपथपत्र एवं संलग्न दस्तावेज पंजीकृत मृत्यु प्रमाण पत्र एवं फार्म पी- ।। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त विक्रय पत्र/ फौती नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 24/04/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 16/04/2025 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक-16/04/2025
पेशी दिनांक-24/04/2025

नायब तहसीलदार,
तहसील अधारताल जबलपुर

र.नं. 222

**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर**

**इश्तहार**

रा.प्र.क्रं 2759/अ-6/2024-25

आवेदक श्रीमती अरूधंति शरद राजे पत्नि स्व. शरद राजे निवासी:- जयंत प्रबीर हाउस अकोला नाका वाशिम (महा.) द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्र./मृत्यु प्रमाण पत्र क्र. 3915 दिनांक 11/09/78 के माध्यम से मौजा/नजूल ब्लाक बैतला प.ह.न. 01 स्थित भूमि खसरा नं./प्लाट नं. 38/6 लेआउट प्लाट नं. 1 रकवा 4080 व.फु. पर विक्रेता / फौत आलोक गृह निर्माण सहकारी संस्था समिति जबलपुर से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी- ।। खसरा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक ..... तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक ..... इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक- 18/04/2025
पेशी दिनांक- 29/04/2025

नायब तहसीलदार,
तहसील अधारताल जबलपुर

र.नं. 216

जबलपुर, गुरूवार 24 अप्रैल 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## पहलगाम हमला: संशय के बादल

कश्मीर के सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के बैसरन घाटी में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में 27 लोगों की जान जाने का अफसोस पूरा देश मना रहा है, तो वहीं इस दर्दनाक घटना को लेकर हिन्दू-मुस्लिम की नयी लहर दौड़ पड़ी है। दोपहर तकरीबन ढाई बजे कई आतंकियों द्वारा उस वक्त अंधाधुंध फायरिंग की गयी जब एक बेहद खुशगवार मौसम में भारत के अलग-अलग हिस्सों से आये सैलानी प्रकृति का लुत्फ ले रहे थे। इनमें नवविवाहित जोड़े, सपरिवार या मित्रों के साथ आये लोग थे। गर्मी की छुट्टियों में इस हसीन वादी में लाखों पर्यटक आने लगे हैं। 2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद इसे सबसे बड़ा आतंकी हमला माना जा रहा है जिसने सरकार के इस दावे को चंद मिनटों में झुठला दिया कि 2016 की नोटबन्दी तथा 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद यहां से आतंकवाद की समाप्ति हो गयी है। कुछ दिनों पहले संसद में भी केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया था कि पहले यानी कांग्रेस के शासनकाल में कश्मीर कोई जाता नहीं था क्योंकि वहां होने वाले हमले के खिलाफ तत्कालीन सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती थी। शाह के दावे के अनुसार अब नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार की आतंक के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति से यहां सीमा पार से निर्देशित कार्रवाइयां ठहर गयी हैं।

इतना ही नहीं, जिस प्रकार से इस घटना को लेकर भाजपा तथा उनके समर्थकों की ओर से विमर्श चलाया जा रहा है, वह बतला रहा है कि इस घटना का भाजपा राजनीतिक लाभ लेने की तैयारियां कर चुकी है। गहन संदेह व्यक्त किये जा रहे हैं कि वक्फ़ कानून को सुप्रीम कोर्ट में मिल रही चुनौती से भाजपा को ध्रुवीकरण के उसके जाने-पहचाने खेल में मात न मिल जाये, इसके लिये वह कश्मीर के इस हमले को अगले साल बिहार और फिर पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनावों में वैसे ही भुनाएगी, जैसी वह पुलवामा हमले का लाभ 2019 के आम चुनाव में यह कहकर उठा चुकी है, कि 'क्या पहली बार के वोटर पुलवामा के शहीदों के नाम अपना मत भाजपा को देंगे?' कहा जाता है कि बालाकोट के साथ पुलवामा पर हुए हमले का असर मतदाताओं, खासकर युवाओं पर इस कदर पड़ा था कि भाजपा को अपने दम 303 सीटें मिल गयी थीं जो पूर्ण बहुमत के 272 से कई सीटें अधिक थीं। असलियत यह बताई जाती थी कि यदि यह मुद्दा भाजपा के हाथ न लगता तो उसे यह संख्या मिलनी मुमकिन नहीं थी।

याद हो कि पुलवामा हमले को लेकर आज भी संशय बना हुआ है कि राष्ट्रपति शासन के तहत रखे गये राज्य में इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक (आरडीएक्स) कहां से आया था जिससे सेना के 40 जवान शहीद हो गये जो वाहनों में जा रहे थे। तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने देशबन्धु के चैनल डीबी लाइव पर यह खुलासा किया था कि यह बहुत बड़ी सुरक्षा चूक थी। श्रीनगर से वाहनों का इतना बड़ा काफिला बगैर रास्तों को सुरक्षित किये, जिसे तकनीकी शब्दावली में सेनिटाइज़ करना कहते हैं, कैसे ले जाया गया। उस वक्त प्रधानमंत्री जिम कार्बेट नेशनल पार्क (उत्तराखंड) के घने जंगलों में एक विदेशी फिल्म निर्माता के साथ शूटिंग में व्यस्त थे जिनसे सम्पर्क करना सम्भव नहीं हुआ था। शाम को जब मलिक ने मोदी से कहा कि सुरक्षा सम्बन्धी चूक है तो बकौल मलिक प्रधानमंत्री ने इसे 'अलग तरह का मामला' बताते हुए खामोशी बरतने को कहा था। आज तक इस हमले की न तो ठीक से जांच हो सकी है और न ही हमलावरों की गिरफ्तारी तो दूर उनकी शिनाख़्त तक हुई है।

बैसरन घाटी पर हमला इसलिये शंका उत्पन्न कर रहा है क्योंकि रिपोर्ट के मुताबिक उस वक्त वहां 2000 से अधिक पर्यटक मौजूद थे लेकिन उनकी सुरक्षा के लिये एक भी जवान तैनात नहीं था। इसके अलावा भी बहुत सी बातें हैं जो इस ओर इशारा करती हैं कि सरकार ही नहीं, उसका समर्थक मीडिया भी घटना को तोड़-मरोड़कर भाजपा के पक्ष में पेश कर रहा है। एक बड़े टीवी चैनल के श्रीनगर स्थित संवाददाता ने जैसे ही कहा कि 'सुरक्षा सम्बन्धी बड़ी चूक के चलते यह हादसा हुआ है', एंकर ने उसकी बात को काटकर यह बताना शुरू कर दिया कि गोली चालन में दो विदेशी नागरिक भी मारे गये हैं (जबकि यह बात पहले ही सामने आ चुकी थी)। इस बड़ी खुफिया व सुरक्षा नाकामी पर सरकार से सवाल करने की बजाय गोदी मीडिया मोदी के महिमा मंडन में लगा है। बताया जा रहा है कि कैसे अब मोदी बड़ी कार्रवाई करेंगे, पाकिस्तान में भगदड़ मची है, आदि। शाह रात को श्रीनगर तथा बुधवार को घटना स्थल पर गये। सऊदी अरब का दौरा अधूरा छोड़कर मोदी लौट आये और उन्होंने दिल्ली हवाईअड्डे पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर, सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बैठक की।

इस घटना पर इसलिये भी लोगों को संदेह है कि घटना के कुछ ही देर बाद छत्तीसगढ़ भाजपा ने एआई निर्मित एक पोस्टर जारी किया जिसमें एक महिला अपने पति के शव के पास बैठी है और लिखा गया है- 'जाति नहीं धर्म पूछा'। यह संदेश दिया जा रहा है कि हिन्दू होने के नाते वे मारे गये। साथ ही विपक्ष द्वारा जातिगत जनगणना पर भी प्रहार किया गया है। देश भर में भाजपा समर्थकों ने एक तरह से इसे अभियान की तरह सोशल मीडिया पर वायरल किया है जो बतलाता है कि इतनी संवेदनशील घटना को भी भाजपा आपदा में अवसर की तरह इस्तेमाल करेगी ताकि यह सवाल किसी को सुनाई न दे कि सुरक्षा सम्बन्धी इस गम्भीर चूक का जिम्मेदार कौन है और क्या पुलवामा की ही तरह पहलगाम हमला रहस्य बनकर रह जायेगा?

# नानी की अगर मानें तो भेड़िया जिंदा है

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

देश एक बार फिर लहूलुहान हुआ है और एक बार फिर लोग तमाशाई की भूमिका में आ गए हैं। 26 नवंबर 2008 को मुंबई पर किया गया हमला याद कीजिए, जिसे अक्सर 9/11 की तर्ज पर 26 /11 कहा जाता है। हालांकि अमेरिका की तर्ज पर चलना था तो फिर 11/ 26 कहना चाहिए था, खैर महीना पहले आया या तारीख पहले आई, ये बात कोई मायने नहीं रखती और ये केवल एक दिन का नहीं बल्कि तीन दिनों का हमला था, जिसमें मुंबई के कई जाने-माने स्थलों को आतंकियों ने अपने निशाने पर लिया था। कई जांबाज़ पुलिस और सैन्य अधिकारियों ने आतंकियों को खत्म करने में अपनी शहादत दी थी, हालांकि फिर भी डेढ़ सौ से अधिक लोग मारे गए थे। तीन दिनों तक चले इस खूनी खेल में कई पत्रकार लाइव कवरेज के लिए पहुंच गए थे और कुछ तो ऐसे थे जिनकी तथाकथित जांबाज़ रिपोर्टिंग के कारण आतंकियों को खबर होती रही कि सुरक्षा बल कहां-कहां से उन्हें पकड़ने के लिए रास्ता बना रहे हैं। इस दौरान गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी भी फौरन मुंबई पहुंच गए थे, क्योंकि उन्हें तब सत्तारुढ़ कांग्रेस को घेरने और सवाल पूछने का अच्छा मौका मिला था। आपदा में अवसर तलाशने की आदत काफी पुरानी मानी जा सकती है। और उस समय कई लोग हमलाग्रस्त इलाकों के आसपास की छतों पर चढ़कर ये देखने में जुटे थे कि कैसे आतंकियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। हर साल दशहरे पर हम भारतीय रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले को जलते देखने के लिए जैसे जुटते हैं, कमोबेश उसी तर्ज पर 2008 में लोग जुट गए थे।

2008 के इस हमले को कांग्रेस सरकार की बड़ी विफलता के तौर पर आज तक पेश किया जाता है, इसमें कुछ गलत नहीं है। अगर सुरक्षा एजेंसियां समुद्री मार्ग से आने वाले आतंकियों की जानकारी नहीं रख पाईं और एक नहीं कई जगहों पर एक साथ हमले करने के बावजूद आतंकियों को फौरन नहीं पकड़ा जा सका, तो यह निश्चित ही विफलता है। ठीक ऐसी ही विफलता 2019 के पुलवामा हमले में भी हुई और अब 2025 के पहलगाम हमले में भी नजर आई है। लेकिन अब मीडिया उस तरह से सरकार की नाकामियों की चर्चा नहीं करता है। और लोगों का एक बड़ा वर्ग भी तमाशाई की भूमिका में इस तरह आ गया है कि वह आतंकी हमले की आड़ में फैलाए जा रहे हिंदू-मुस्लिम नैरेटिव पर तो अपनी प्रतिक्रिया दे रहा है और भाजपा की तरह पूछ रहा है कि लोगों को मारने से पहले धर्म पूछा, जाति नहीं। यानी कांग्रेस और इंडिया गठबंधन जो जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं, उसका जवाब देने के लिए यही मौका भाजपा को मिला है। मीडिया के बनाए नैरेटिव में फंसे लोग यह क्यों नहीं देख रहे कि आतंकी हमले के फौरन बाद पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए लोगों में हिंदू भी थे और मुसलमान भी, जो इन दोनों धर्मों की पहचान से पहले खुद को कश्मीरी मानते हैं। सोशल मीडिया पर अब कई वीडियो सामने आ गए हैं, जिनमें दिखाया जा रहा है कि कैसे कश्मीर के लोग धर्म से ऊपर उठकर इस कठिन वक्त में मदद के लिए आगे आए हैं। एक बस में फंसे पर्यटकों की मदद के लिए पास की मस्जिद के लोग पहुंचे, उन्हें वेज बिरयानी और पानी दिया, और कहा कि जैसे ही रास्ता खुलेगा आप चले जाएंगे, लेकिन तब तक हम आपकी मदद के लिए हैं। एक मस्जिद से इस हमले की बाकायदा लाउड स्पीकर के जरिए निंदा की गई। हमले के फौरन बाद जब तक सरकारी मदद नहीं पहुंची, तब तक स्थानीय दुकानदारों, घोड़े वालों ने पर्यटकों को सुरक्षित नीचे पहुंचाने का काम किया। महाराष्ट्र से आई एक महिला एक वीडियो में बता रही है कि इस हमले को नेशनल मीडिया हिंदू-मुसलमान नैरेटिव में बदल रहा है, जबकि यहां कश्मीर में सारे लोग हमारी मदद कर रहे हैं।

> इस समय सही तस्वीर को देखने और समझने की ही जरूरत है। जैसे किसी जिग सॉ पहेली के अलग-अलग टुकड़ों को देखें तो सब कुछ बिखरा नजर आता है, लेकिन सारे टुकड़ों को सही तरीके से जोड़ने पर पूरी तस्वीर दिखती है, कुछ वैसा ही हाल आतंकी हमलों का भी है। इस बार के हमले में बताया जा रहा है कि आतंकी मुसलमान थे और पीड़ित हिंदू, लेकिन ये केवल पूरी पहेली का एक टुकड़ा भर है।

एनडीटीवी की ही खबर है कि मृतकों में शामिल सैयद हुसैन शाह इसलिए मारा गया क्योंकि उसने आतंकियों से भिड़ने का साहस किया। एक वीडियो में जीटीवी के पत्रकार ने पीड़ितों और चश्मदीदों से पूछा कि क्या आतंकियों ने नाम पूछकर मारा और तमाम लोगों ने ना में उत्तर दिया। आजतक के जम्मू-कश्मीर संवाददाता ने बताया कि जहां हमला हुआ वहां कम से कम 2 हजार पर्यटक थे, लेकिन सुरक्षाबल नहीं था, यह बड़ी सुरक्षा चूक है। हालांकि जब पत्रकार ये बात कह रहे थे तब दिल्ली स्टूडियो में उनकी आवाज रोककर दूसरी ब्रेकिंग खबर चलाई जाने लगी। ये तीनों चैनल भाजपा के समर्थन में खबरें पेश करने वाले माने जाते हैं, लेकिन इनके जम्मू-कश्मीर के संवाददाताओं ने असल तस्वीर पेश कर दी है।

इस समय सही तस्वीर को देखने और समझने की ही जरूरत है। जैसे किसी जिग सॉ पहेली के अलग-अलग टुकड़ों को देखें तो सब कुछ बिखरा नजर आता है, लेकिन सारे टुकड़ों को सही तरीके से जोड़ने पर पूरी तस्वीर दिखती है, कुछ वैसा ही हाल आतंकी हमलों का भी है। इस बार के हमले में बताया जा रहा है कि आतंकी मुसलमान थे और पीड़ित हिंदू, लेकिन ये केवल पूरी पहेली का एक टुकड़ा भर है, इसके बाकी टुकड़ों को देखें तो आतंकी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के बताए जा रहे हैं, जो भले इस्लाम धर्म के हों, लेकिन असल में वो इस्लाम की शिक्षाओं पर नहीं चल रहे हैं। मरने वालों में हिंदू अधिक थे, लेकिन फिर वही बात कि इनमें मुसलमान और ईसाई भी थे, यानी आखिर में इंसान का ही खून बहा, इंसानियत को ही निशाने पर लिया गया। इस पूरे मसले को हिंदू-मुसलमान तक सीमित कर दिया जाएगा तो फिर दहशतगर्द अपने मकसद में कामयाब समझे जाएंगे। लेकिन इससे आगे बढ़कर ये समझने की कोशिश की जाएगी कि आखिर इस हमले का मकसद क्या था। क्यों ये बात फैलाई गई कि आतंकियों ने धर्म पूछकर मारा। जब आतंकी एक-एक का धर्म पूछ रहे थे और गोलियां चला रहे थे, तब सुरक्षा बल कहां था। एक मिनट में कोई बम धमाका हो और सुरक्षा बल तत्काल न पहुंचे, तब तो बात समझ आती है, लेकिन आतंकियों को लोगों से धर्म पूछने और कलमा पढ़ने के लिए कहने का वक्त कहां से मिला, ये सवाल पूछा जाना चाहिए। पुलवामा में आरडीएक्स कहां से आया, इसका जवाब आज तक नहीं मिला है, अब क्या ये पता चल पाएगा कि सैन्य अधिकारियों के भेस में आतंकी घुस गए और जांच एजेंसियों को खबर नहीं हुई। हमला मंगलवार दिन में करीब ढाई बजे हुआ, लेकिन नरेन्द्र मोदी का पौने चार बजे का सऊदी अरब का वीडियो है, जहां प्रवासी भारतीय मोदी-मोदी के नारे लगा रहे हैं और मोदीजी गदगद हैं। क्यों प्रधानमंत्री तुरंत अपने विमान से नहीं लौटे, क्या उन्हें इस हमले की जानकारी नहीं दी गई थी, अगर ऐसा है, तो क्या ये प्रधानमंत्री के साथ ही बड़ा खेल नहीं है। आखिर गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल क्या कर रहे हैं। क्या ये लोग किसी भी हादसे या हमले के बाद केवल बैठक करने के लिए अपने पद पर बैठे हैं, या इससे आगे बढ़कर इनकी कोई जिम्मेदारी है। अगर ये जिम्मेदारी पूरी नहीं कर पा रहे तो क्या उन्हें इस्तीफा नहीं दे देना चाहिए।

इस समय हरेक नागरिक को ऐसे सवालों को सरकार के सामने रखना चाहिए। मगर सवाल पूछने की जगह लोग इस बात पर नाराज हैं कि आतंकियों ने धर्म पूछा और फिर गोली चलाई। नाराजगी सही जगह इस्तेमाल नहीं होगी तो फिर एक दिन ऐसा वक्त भी आ सकता है कि नाराज होने का हक भी छीन लिया जाए।

1997 में गुलजार ने एक लंबा गीत कश्मीर के आतंकवाद पर लिखा था, जिसकी कुछ पंक्तियां पाठकों के लिए प्रस्तुत हैं-

इन बूढ़े पहाड़ों पर कुछ भी तो नहीं बदला।
सदियों से गिरी बर्फ़े
और उनपे बरसती हैं हर साल नई बर्फ़े
घर लगते हैं क़ब्रों से, घर लगते हैं क़ब्रों से,
ख़ामोश सफेदी में
कुतबे से दरख़्तों के,
---
ना आब था, ना दाने
अलग़ोज़ा की वादी में
भेड़ों की गई जानें।
--
अब के तुग़यानी में कुछ डूब गये गांव
कुछ गल गये पानी में
चढ़ती रही कुर्बानी
अलग़ोज़ा की वादी में
भेड़ों की गयी जानें
--
फिर सारे गड़रियों ने उस भेड़िये को ढूंढा और मार के लौट आए।
उस रात एक जश्न हुआ और सुबह को जंगल में
दो और मिली खालें
---
नानी की अगर मानें
तो भेड़िया जिंदा है
जायेंगी अभी जानें
इन बूढ़े पहाड़ों पर
कुछ भी तो नहीं बदला।।

यूनुस खान के ब्लॉग रेडियोवाणी पर यह पूरा गीत उपलब्ध है, जहां सुरेश वाडेकर की आवाज में इसे सुना जा सकता है।

भेड़िया न केवल जिंदा है, बल्कि अलग-अलग शक्लों और रूपों में आकर हमला कर रहा है, यही बड़ी चिंता है।

# टैरिफ युद्ध में ट्रंप पीछे हटे, भारत को अधिकतम लाभ उठाना चाहिए

■ अंजन रॉय

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वांस की सोमवार से शुरू हो रही यात्रा भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में एक सूक्ष्म बदलाव का संकेत देती है। ट्रंप के टैरिफ युद्ध को लेकर वैश्विक व्यापार में उथल-पुथल के बीच इस चार दिवसीय यात्रा में एक निजी छाप भी है। वांस को एक उग्र और थोड़े कठोर व्यक्ति के रूप में जाना जाता है। लेकिन एक दूसरा पक्ष भी है, उनका परिवार-उनकी पत्नी उषा भारतीय मूल की वकील हैं, जिन्हें अपने तेलुगू वंश पर गर्व है। उषा के माध्यम से, वांस भारतीय संस्कृति और इतिहास से बहुत परिचित हैं।

महत्वपूर्ण बात यह कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने सोमवार को अपने पहले कार्यक्रमों में से एक दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर का दौरा किया, जिसके दौरान वांस परिवार के बच्चों ने भारतीय वेशभूषा पहनी थी और गले में माला पहन रखे थे। यह दूसरे परिवार के भारत के साथ व्यक्तिगत और सांस्कृतिक जुड़ाव को रेखांकित करता है, जिसे प्रदर्शित करने के लिए वे काफी आगे तक गये।

दूसरा, भारत अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस देश को एशिया और समग्र भू-राजनीति में चीन के बढ़ते प्रभाव के खिलाफ एक ढाल के रूप में देखा जाता है। अमेरिका चीन को आर्थिक रूप से और साथ ही, अमेरिकियों के मन में, वैश्विक रणनीतिक संतुलन में अपना कट्टर प्रतिद्वंद्वी मानता है।

> यदि भारत अमेरिकी टीम को पूर्ण पैमाने पर व्यापार युद्ध के बजाय अमेरिका के साथ एक उचित व्यापार सौदा करने की अपनी वास्तविक इच्छा से अवगत कराने में सक्षम है, तो यह भारत-अमेरिका संबंधों के लिए नयी खिड़कियां खोलेगा। भारत ने टैरिफ पर शुरुआती बातचीत पहले ही शुरू कर दी है और कुछ हालिया रियायतें बदलाव की दिशा की ओर इशारा करती हैं।

यह ध्यान देने योग्य है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग वर्तमान में दक्षिण पूर्व एशिया के विस्तारित दौरे पर हैं ताकि ऐसे देशों का एक नेटवर्क बनाया जा सके जो अमेरिका के साथ टकराव में चीन के साथ खड़े हो सकें। हाल तक, दक्षिण पूर्व एशियाई देश संयुक्त राज्य अमेरिका के लगभग ग्राहक देश थे।

अब चीन विशाल चीनी बाजारों में आकर्षक आवास और सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए सहयोग के साथ उन्हें अमेरिका से दूर करने की कोशिश कर रहा है। चीन इन देशों को अमेरिका से कहीं अधिक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। इस अर्थ में, चीन अमेरिका को एशिया के साथ-साथ अन्य जगहों पर अपने पुराने मित्रों और सहयोगियों से अलग-थलग करने की कोशिश कर रहा है।

ट्रंप के मनमौजी टैरिफ और धमकियों के बाद, अमेरिका पहले से ही वैश्विक मंच पर प्रमुख खिलाड़ियों से अलग-थलग पड़ गया है। ट्रम्प ने चीन के साथ-साथ यूरोपीय संघ को भी गहरी चोट पहुंचाई है, जो आर्थिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण ब्लॉक हैं। साथ ही रणनीतिक कूटनीति और भू-राजनीति के मामले में भी यूरोपीय संघ को धक्का लगा है। दुनिया ट्रम्प के घमंड और अमेरिकी श्रेष्ठता के पैंतरों से नाराज़ है।

ट्रंप के मौजूदा दौर में वांस बेहद महत्वपूर्ण हैं और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडोमिर ज़ेलेंस्की के साथ अमेरिकी दूरदर्शी डोनाल्ड ट्रम्प की कुख्यात बैठक के दौरान उनकी भूमिका देखी गयी। वांस डोनाल्ड ट्रम्प के कान हैं, भले ही ट्रम्प हमेशा अपने हिसाब से काम करते हैं। हाल ही में इटली की प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान उनके साथ बैठक में वांस प्रमुखता से बैठे थे।

इस प्रकार, भारत को अब इस बात का लाभ मिला है कि वांस इस कठिन समय में भारत के दृष्टिकोण को सुनेंगे, जब अमेरिका ने टैरिफ की बौछार के साथ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के खिलाफ आभासी युद्ध शुरू कर दिया है। भारत को तथाकथित पारस्परिक टैरिफ का भी सामना करना पड़ा है, जिसे अब अस्थायी रूप से नब्बे दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है।

यदि भारत अमेरिकी टीम को पूर्ण पैमाने पर व्यापार युद्ध के बजाय अमेरिका के साथ एक उचित व्यापार सौदा करने की अपनी वास्तविक इच्छा से अवगत कराने में सक्षम है, तो यह भारत-अमेरिका संबंधों के लिए नयी खिड़कियां खोलेगा। भारत ने टैरिफ पर शुरुआती बातचीत पहले ही शुरू कर दी है और कुछ हालिया रियायतें बदलाव की दिशा की ओर इशारा करती हैं।

यह दुनिया के दो प्रमुख खिलाड़ियों - चीन और यूरोपीय संघ के रुख के बिल्कुल विपरीत है। लेकिन कोई गलतफहमी न पालें, क्योंकि जैसे ही ट्रम्प उनमें से किसी के साथ कुछ सौदे करने में सक्षम होंगे, उनके महत्व के कारण, वह उस पर कूद पड़ेंगे। वह इन खिलाड़ियों पर अपनी जीत के साथ आगे बढ़ेंगे और दुनिया को दिखायेंगे कि वह कितने महान सौदा-निर्माता हैं। अब तो और भी ज़्यादा, क्योंकि एक तेज़ डील मेकर के रूप में उनकी छवि और यूक्रेन युद्ध को 'एक दिन में' समाप्त करने की उनकी क्षमता के बारे में उनके दावे सब उजागर हो चुके हैं। उन्होंने रूसी ताकतवर नेता पुतिन की चापलूसी की, लेकिन कोई फ़ायदा नहीं हुआ और पुतिन ने अपनी चतुर कूटनीति से उन्हें अपने पक्ष में कर लिया। ट्रंप को एक मध्यस्थ और एक कर्ता के रूप में अपनी विश्वसनीयता को बहाल करने की सख्त ज़रूरत है। भारत जैसे बड़े देश के साथ व्यापार समझौता उनके लिए एक तरह का पंख साबित हो सकता है। यह अब भारत के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ एक अनुकूल डील की तलाश करने का एक शानदार अवसर है, जिसका मुद्रीकरण किया जाना चाहिए, इससे पहले कि डोनाल्ड ट्रंप की मजबूरियां दूसरों की ओर मुड़ जाएं। भारत को राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए सही कदम उठाने होंगे।

## आपके पत्र

### क्या भारतीय लोकतंत्र अधिनायकवाद की ओर तो नहीं बढ़ रहा?

भारत एक सशक्त लोकतंत्र है, जिसकी नींव तीन स्तंभों,कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका पर टिकी हुई है। इन तीनों स्तंभों का संतुलन ही भारतीय संविधान की आत्मा है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में, विशेष रूप से हाल के घटनाक्रमों के संदर्भ में, यह संतुलन डगमगाता हुआ प्रतीत होता है। न्यायपालिका द्वारा बार-बार संविधान के अनुच्छेद 142 का प्रयोग, कॉलेजियम प्रणाली की बंद कमरे की कार्यप्रणाली और कार्यपालिका के साथ टकराव की स्थितियां, इन सभी ने यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या भारतीय लोकतंत्र अधिनायकवाद की ओर तो नहीं बढ़ रहा?

तमिलनाडु के राज्यपाल से जुड़ी फाइलों के लंबित रहने पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश और उसके पश्चात भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा उस निर्णय की सार्वजनिक आलोचना, यह केवल एक संवैधानिक असहमति नहीं, बल्कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच टकराव की स्थिति बनाता है।

संविधान के अनुच्छेद 142 के अंतर्गत सुप्रीम कोर्ट को 'पूर्ण न्याय' करने का अधिकार है, लेकिन जब बार-बार इसी अनुच्छेद के माध्यम से न्यायपालिका विधायिका के बनाए कानूनों को निष्प्रभावी करने लगे, तो यह गंभीर चिंता का विषय बन जाता है। भारतीय न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली शुरू में न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने हेतु लागू की गई थी। लेकिन आज यह व्यवस्था अपने आप में एक 'बंद क्लब' बन गई है, जहां पारदर्शिता, जवाबदेही और समान अवसर की भारी कमी है।

एक लेख में यह सामने आया कि आज़ादी के बाद से लेकर अब तक, केवल 370 परिवारों के युवाओं को ही सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया है, और उनमें से हर तीन में से एक न्यायाधीश आपसी रिश्तेदारी में है। यह आंकड़ा इस बात की पुष्टि करता है कि कॉलेजियम प्रणाली अब योग्यता की बजाय संबंधों की सीढ़ी पर चढ़ रही है। हाल ही में एक न्यायाधीश के पास भारी मात्रा में जले हुए नोटों का जखीरा मिलने की खबरें आईं, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इस पर न तो एफआईआर दर्ज हुई, न कोई कठोर कार्रवाई, न ही सुप्रीम कोर्ट की अंतरात्मा जागी। केवल एक आंतरिक समिति बनाकर तीन न्यायाधीशों की नियुक्ति करना, एक तरह से 'खाना पूरी' जैसा प्रतीत होता है। क्या ऐसा अन्य किसी संस्थान के साथ होता, तो भी प्रतिक्रिया इतनी नरम होती? क्या यही है 'समान कानून' की भावना? संविधान का सर्वोच्च संरक्षण न्यायपालिका के हाथों में सौंपा गया है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि न्यायपालिका स्वयं को संविधान से ऊपर समझने लगे। शाहबानो केस इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को संसद द्वारा पलटा गया था। यह संविधान की मर्यादा में रहकर संसद की सर्वोच्चता का परिचायक था।

यदि कॉलेजियम प्रणाली बंद नहीं होती, और पारदर्शिता नहीं आती, तो सरकार को यह गंभीरता से विचार करना होगा कि क्या प्रतिभाशाली युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से न्यायपालिका में उच्च पदों पर नियुक्त करने की प्रणाली लागू की जाए? जैसे आईएएस, आईपीएस, आईआरएस जैसे सेवाओं में देशभर के होनहार युवा एक समान प्रक्रिया के जरिए चयनित होते हैं, वैसे ही सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के लिए भी खुली, पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया बनाई जा सकती है।

**मधु सुभाष बुड़ावनवाला, रतलाम, मप्र**



## ललित सुरजन की कलम से

### वह अफसर कहां है?

*'पैंतीस साल पहले देखी फिल्म 'सूखा' का अंतिम दृश्य याद आता है। फिल्म का युवा नायक जो किसी सूखाग्रस्त जिले का कलेक्टर है, अपने साथी से क्षोभ भरे स्वर में कहता है-'आई हेट पॉलिटिक्स'। जहां तक मुझे याद आता है, फिल्म यहां समाप्त हो जाती है। इन पैंतीस सालों के दौरान इस अंतिम संवाद में निहित भावना में यदि कोई परिवर्तन हुआ है तो यही कि राजनीति के प्रति जनता के मन में संदेह व अविश्वास की भावना कुछ और गहरी हो गई है। इसका स्वाभाविक परिणाम यह भी हुआ है कि राजनीति जिनका पेशा है याने राजनेता, उनके प्रति भी जनमानस में घृणा व अविश्वास पहले से अधिक प्रबल हुआ है। विगत बीस-पच्चीस सालों के दौरान बनी अनेक फिल्मों में इसके प्रमाण हमें मिलते हैं। मेरी राय में यह स्थिति दुखदायी व चिंताजनक है। मेरी चिंता के एकाधिक कारण हैं। पहली बात तो यही कि जनतांत्रिक समाज में राजनीति व राजनेताओं के प्रति ऐसा क्यों होना चाहिए? राजतंत्र, तानाशाही, सैन्य शासन में शासकों के प्रति जनता के मन में नफरत हो तो उसे समझना कठिन नहीं है, लेकिन जिन्हें जनता ने स्वयं चुना है, उनके प्रति असम्मान विकसित हो जाए तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है।'*

**(देशबंधु में 14 फरवरी 2019 को प्रकाशित)**

## पावन प्रसंग

### सकारात्मकता की ओर बढ़ें

विचारों की शक्ति सर्वोपरि है। जैसा हम लगातार सोचते हैं, वैसा ही कर्म बन पड़ता है और कर्म के अनुरूप ही जीवन की नियति तय होती है। यदि हम वर्तमान से संतुष्ट नहीं हैं तथा जीवन को अभीष्ट दिशा की ओर बढ़ता नहीं देख पा रहे, तो अपने चिंतन पर एक बार अवश्य झांककर देख लें कि दिनभर अधिकांश समय हमारी मन:स्थिति कैसी रहती है-हमारे विचार सकारात्मक रहते हैं या नकारात्मक। यदि नकारात्मक अधिक हैं, तो विषय चिंता का है, क्योंकि ईश्वर के इस विशिष्ट उपहार को बोझ की तरह ढोना अपनी ईश्वरीय संभावनाओं का अपमान है और ईश्वरीय विधान की अवमानना भी। इस पर समय रहते आवश्यक कदम उठाना समझदारी वाला कदम माना जाएगा। नकारात्मक चिंतन के साथ व्यक्तित्व तमाम तरह के दोषों से ग्रस्त होने लगता है। जीवन में भय, चिंता, संशय, छिद्रान्वेषण, ईर्ष्या द्वेष, परदोषारोपण, अधीरता व अशांति उद्वेग जैसे अवांछनीय भाव हावी होने लगते हैं, जिनके दुष्प्रभावों से जीवन की गुणवत्ता बुरी तरह से प्रभावित होने लगती है। नकारात्मक सोच के चलते अधिकांशत: निर्णय हम गलत ले बैठते हैं और अवसरों को पहचानने में भी चूक हो जाती है। ऐसे में जो अवसर व्यक्ति के विकास के लिए आए थे, जीवन में खुशहाली और प्रसन्नता का प्रसून खिलाने वाले थे, वे उन्हीं से हाथ धो बैठते हैं। नकारात्मक चिंतन के कारण व्यक्ति की सोच एकतरफा हो जाती है, जीवन की सम्यक समझ से व्यक्ति वंचित हो जाता है। ऐसे में अपने संकीर्ण दायरे तक सिमटा जीवन, अस्तित्व के बृहत्तर फलक के अवदानों से रीता ही रह जाता है। व्यक्ति अपने मानसिक कुनबे में रहने का आदी हो जाता है, उससे बाहर नहीं निकलना चाहता। जीवन की चुनौतियों से बचता फिरता है और एक असफल जीवन जीने के लिए अभिशप्त होता है। दूसरे जब उसी क्षेत्र में बाजी मार ले जाते हैं, तो स्वयं को अभागा समझता है तथा अपने भाग्य को कोसने लगता है। नकारात्मक सोच के कारण आत्मविश्वास की कमी रहती है, जिसके चलते जीवन के यथार्थ का सामना नहीं कर पाता तथा दूसरों से जो सम्मान की अपेक्षा रखते हैं, वो नहीं मिल पाता। ऐसे में मन:स्थित्ति मलाल व गहरी कुढ़न से भरी हो जाती, जिसमें यह पीड़ा रहती है कि लोग हमारा सम्मान नहीं करते, हमारे प्रभाव को पूर्णतया स्वीकार नहीं करते। नकारात्मक चिंतन के कारण व्यक्ति अपने व्यक्तित्व की मूलभूत कमियों को देख-समझ नहीं पा रहा होता है और इनका कारण बाहर खोजता फिरता है और मन के बहलावे के लिए ऐसे ढेरों प्रमाण मिल भी जाते हैं, जिनकी छद्म संतुष्टि के सहारे व्यक्ति स्वयं को छलता रहता है, लेकिन भीतर-ही-भीतर एक कुंठा व हताशा के भाव से सुलगता रहता है। निश्चित रूप से मन की इस सब कशमकश का स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे में चिंता, भय, हताशा, उद्वेग जैसे नकारात्मक भावों से युक्त मन:स्थिति व्यक्ति को तनाव में रहने विवश करती है।

**-अखंड ज्योति**

## पहलगाम आतंकवादी हमला के विरोध में नगर में विरोध प्रदर्शन

# निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतारने वालों को सख्त सजा देने उठी आवाज

जबलपुर, देशबन्धु। नगर में पहलगाम आतंकी हमला को लेकर लोगों में आक्रोष व्याप्त है। अनेक संगठनों के बैनर तले बुधवार को प्रदर्शन के साथ आतंकवादियों पर कड़ी कार्रवाई के लिये आवाज उठाई गई। प्रशासन के अधिकारियों के माध्यम से केंद्र सरकार से मामले में कठोर से कठोर कदम तुरंत उठाने की मांग की जा रही है। सभी लोग अपने तरीके से इस वीभत्स घटना के मामले में अपना गुस्सा व्यक्त कर रहे हैं।




उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय के द्वारा बराट रोड स्थित आर्य समाज मंदिर में शत्रु नाशक एवं नवग्रह शांति स्थापना हेतु यज्ञ करवाया गया।

जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकवादी हमले में निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या के विरोध में उत्तर मध्य विधानसभा के समस्त भाजपा पदाधिकारियों द्वारा विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय जी के नेतृत्व में यज्ञ किया गया एवं इसके माध्यम से ईश्वर से प्रार्थना करके देश के शत्रुओं का नाश करने एवं नवग्रह शांति हेतु हवन किया गया।

सभी हताहत लोगों के परिवार जनों के साथ इस दुख की घड़ी में पूरा देश खड़ा हुआ है हमारा नेतृत्व और सुरक्षा बल जल्दी ही इसका बदला लेंगे और पूर्ण रूप से इनको समाप्त करने का कार्य करेंगे।

इस दौरान डॉ धीरवानी, पवन तिवारी, असीम त्रिवेदी, मंडल अध्यक्ष सपन यादव,योगेश बिलोहा, राहुल रजक, पुष्पराज पाण्डेय, पार्षद कमलेश अग्रवाल, रजनी कैलाश साहू, अंशुल राघवेंद्र यादव, लवलीन काके आनंद, मनीष जैन कल्लू,अजय तिवारी,प्रणीत वर्मा,संजय यादव,आयुष चौबे,अनुज जैन मासाब, राजेश रोहरा ,रमेश रैकवार,अमर पटेल, उज्जवल पचौरी, रवि पटेल,प्रवीण नायडू,चंद्रशेखर पटेल,शिरीष सिंघई,नितिन मिश्रा,राहुल बैन,अंकित पाठक,शानू दुबे, रनेश खरे,सुधा तिवारी आदि बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने जारी विज्ञप्ति में बताया की 23 अप्रैल 2025 को सायं 6 बजे भारत माता चौक, सिविक सेंटर, जबलपुर में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी जबलपुर के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सौरभ नाटी शर्मा जी ने कहा, आतंकवाद किसी भी रूप में मानवता के लिए अभिशाप है। देश की एकता और शांति को भंग करने वाले इन कायरतापूर्ण हमलों का हम पुरज़ोर विरोध करते हैं और शहीदों को नमन करते हैं।

कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित वरिष्ठ नेताओं, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल एवं ब्लॉक पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की जिसमे दिनेश यादव, अमरीश मिश्रा, श्रीमती कमलेश यादव, कौशल्या गोटिया, इंदिरा पाठक तिवारी, अयोध्या तिवारी, झल्ले लाल जैन, मुकेश राठौर,वकील अंसारी, संतोष दुबे पड़ा,गुलाम हुसैन, गुड्डू नवी, याकूब अंसारी, संजय साहू, कलीम खान,विजय जैन चुन्ना, आरिफ बेग,नवल केसरवानी, भावना निगम, पंकज पांडे, पप्पू वसीम, प्रशांत मिश्रा, आजम अली खान, अवधेश गुप्ता, अखिलेश शर्मा, मदन लारिया,अभिषेक यादव, रिजवान कोटी, निर्मल जैन, जग्गू विश्वकर्मा, उमेश पटेल, विष्णु विनोदिया, टीकाराम कोस्टा, राजेश पटेल, प्रवेंद्र चौहान, आज़ाद अंसारी रज्जू सराफ,सुरेंद्र यादव, पूनम सोनकर,बुलमिंदर मान, रामदास यादव,राजकुमार सोनकर, हाशिम खान,प्रिंस सलूजा, के के मिश्रा, संदीप चरार, संजय गुप्ता, राहुल कोरी,रितेश नूतनानी, अनुज श्रीवास्तव, चंदन श्रीवास्तव संदीप जैन, विक्रम सिंह, भारत पटेल , शुभम यादव,मिस्टर जैन, अमित पलिया सहित कांग्रेसजन और आम नागरिक उपस्थित रहे।

## पहलगाम आतंकी हमले की निंदा, आज श्रद्धांजलि सभा

कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों से धर्म पूंछ कर 28 हिंदुओं की गोली मारकर की गई निर्मम हत्या पर गुंजन कला सदन मध्यप्रदेश परिवार हतप्रभ है। संस्था परिवार इस कृत्य की घोर निंदा करते हुए सरकार से अपील करता है कि इस घटना को अंजाम देने वालों पर कठोरतम करवाई की जाएं। गुंजन द्वारा इस हमले में शहीद हुए निर्दोष हिंदुओं को आज 24 अप्रैल को संध्या 5.30 बजे शहीद स्मारक प्रांगण में श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी । गुंजन, महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट,सुप्रभातम, लायंस परिवार,पी एम जी एवं पाथेय द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लोगो से पहुंचने की अपील की गई है ।

## सर्व ईसाई समाज ने कैंडल मार्च निकाला

पहलगाम, कश्मीर आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या अत्यंत हृदयविदारक और निंदनीय है। हम उन सभी मासूमों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते है, जिन्होंने इस क्रूर हमले में अपनी जान गँवाई। उनके परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएँ हैं। प्रभु यीशु मसीह से हमारी प्रार्थना है कि परिवारो को शांति प्रदान करे और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ दे। इस कायरतापूर्ण कृत्य के दोषियों को कठोर दंड मिलना चाहिए। हम सब इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ एकजुट हैं।।

इस दौरान इस दौरान ईसाई समाज के धर्मगुरु जी. स्टेनली सुकुमार, पीटर जॉनसन, मलर सेलवन, राष्ट्रिय कोषाध्यक्ष डेविड फ्रांसिस, प्रदेश अध्यक्ष विनोद चैंबर्स, जिला अध्यक्ष शान कुमार, प्रदेश संघठन मंत्री प्रभाकर चक्रे, जिला सचिव डेन्लि आंग्रे, जिला कोषाध्यक्ष जेरी दयाल,




युवा मोर्चा अध्यक्ष नॉर्बर्ट पॉल युवा सचिव शिमोन, राजा बाबू, मिडिया प्रभारी मनोज एंथोनी, मेशक , संजय, पी. आशीष सनी एवं संघठन के लोग शामिल रहे।

## हिन्दू सेवा परिषद् ने इस्लामिक आतंकवाद का पुतला फुंका

हिन्दू सेवा परिषद् परिषद ने आज कश्मीर के पहलगाम में हुए काएराना आतंकी हमले के विरोध में इस्लामी आतंकवाद का पुतला फुंका। कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंकते समय आतंकवाद एवं पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हिन्दू सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने कहा कि केंद्र शासन इस पर डबल सर्जिकल स्ट्राइक करें क्योंकि पाकिस्तान तो दुश्मन है ही साथ ही साथ कश्मीर में रह रहे आस्तीन के सांप भी दुश्मन है। इस पुतला दहन आंदोलन के दौरान अतुल जेसवानी, गौरव साहू, निखिल कनौजिया, धीरज ज्ञानचंदानी, अंकित विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा, अंकित साहू, पारस, राजा रजक, अंकित राजपूत, उमेश रजक एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने तिलहरी, एकता मार्केट, सदर चौपाटी क्षेत्र में मारा छापा

**जबलपुर,देशबन्धु।** गरमी का सीजन को देखते हुए खाद्य निर्माण एवं विक्रय में स्वच्छता सम्बंधी विशेष सावधानियां रखने के कलेक्टर के निर्देश पर बुधवार को सुरक्षा प्रशासन की टीम ने तिलहरी, एकता मार्केट, सदर चौपाटी क्षेत्र में जांच की कार्यवाही की और कई खाद्य सामग्रियों के कई नमूने जांच हेतु लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि तिलहरी स्थित गुल पराठा एवं स्नेक्स सेन्टर से पनीर, काबली चने, मैदा, बेसन, बर्गर के नमूने जांच हेतु लिए गये। वहीं सदर चौपाटी स्थित सुभान केक्स बेकर्स आईस्क्रीम से आईस्क्रीम, नूडल्स मोमोज सेन्टर और कोलकाता कार्नर, मयंक चाट सेन्टर सदर से बेसन, सेव, फुल्की का पानी और सम्राट चाट से नमकीन, श्री सांई चाट सेन्टर से फुल्की का पानी, मनीष डोसा सेन्टर से पनीर के नमूने जांच हेतु लिए गए। मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने क्षेत्र के सभी स्ट्रीट फूड वेन्डर्स, जंक फूड संचालकों को खाद्य सुरक्षा सम्बंधी की अनुसूचि चार के तहत प्रशिक्षण दिया। इस दौरान फूड सेफ्टी डिस्पले प्रदर्शित किये जाने हेतु कहा गया है।

**पनीर, काबली चने, मैदा, आईसक्रीम, फुल्की आदि के लिए नमूने**

श्री श्रीवास्तव ने बताया कि यह खाद्य सुरक्षा प्रशासन निरंतर कार्यवाही कर रहा है, प्रतिष्ठानों में गंदगी पाये जाने, अस्वच्छ परिस्थितियों में निर्माण किये जाने, लायसेंस प्रदर्शित न करने, फूड सेफ्टी डिस्पले का प्रदर्शन न होने पर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किये जायेंगे। जो नमूने जांच हेतु लिए गए हैं, उन्हें जांच हेतु भोपाल स्थित प्रयोगशाला में भेजा जायेगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद अमानक पाये जाने पर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### पुस्तक समीक्षा

## जादूकमल बाबू लक्ष्मण सिंह गहलोत व्यक्तित्व एवं कृतित्व : जादूगर एस के निगम

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुस्तकें ज्ञान का भंडार होती हैं किंतु कुछ लोग तो ज्ञान के भंडार को अपनी लाइब्रेरी के भंडार मे रखकर लाइब्रेरी की शोभा बढाते हैं।जादू लेखक जादूगर प्रहलाद राय द्वारा लिखित महान् जादूगर लक्ष्मण सिंह गहलोत के जीवन पर आधारित पुस्तक जादूकमल बाबू लक्ष्मण सिंह गहलोत व्यक्तित्व एवं कृतित्व पुस्तक पुस्तक प्रेमियों के लिए एक ऐसी कृति है जिसे लाइब्रेरी मे रखने से पहले पढना ही पड़ेगा। पुस्तक के प्रारंभ से अंतिम पृष्ठ तक लेखक द्वारा शब्दों का चयन और वाक्य रचना तथा तारतम्य इतना शानदार है कि पुस्तक पाठक को अंत तक बांधे रखती है। 140 पृष्ठ की यह पुस्तक चार खंडों मे है जिसमे बाबू लक्ष्मण सिंह गहलोत के रहमदिल परिवार,उनकी जापान कला यात्रा,समाज सेवा, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक समरसता, आदि पर विस्तार से बताया गया है। बाबू लक्ष्मण सिंह गहलोत कला के प्रति इतने अधिक समर्पित थे कि लेखक का यह कहना कि बाबू जी के शरीर मे रक्त नही जादू ही जादू था यह कोई अतिशयोक्ति नही है। लक्ष्मण सिंह गहलोत जीवन पर्यन्त सामाजिक कुरीतियों एवं अंधविश्वासों से संघर्ष करते रहे। नगरपरिषद के चेयरमैन रहते भी उन्होने जात पांत,धर्म मजहब से ऊपर उठकर मानवता की सेवा कर एक मिसाल बन गए।

# हजारों गैलन बहाया जा रहा है पानी

## जवाबदार जनप्रतिनिधि और ननिज के अधिकारियों की चुप्पी

**जबलपुर, देशबन्धु।** गर्मी के समय एक-एक बूंद पानी की कीमत बढ़ जाती है, वहीं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के श्री कृष्णम ईको सिटी में हजारों गैलन पानी की बर्बादी हो रही है। इस तरफ न ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और न ही नगर निगम के जवाबदार अधिकारी ध्यान दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि टंकी भरने के बाद इसे कई घंटों तक टंकी से पानी की पानी की आपूर्ति की जाती है। जिससे पानी बहता रहता है। कहा जा रहा है कि ठंकी काफी पुरानी है जो अब खराब होने की स्थिति में है।

**दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के श्री कृष्णम ईको सिटी का मामला**




उल्लेखनीय है कि वार्ड अंतर्गत श्री कृष्णम् ईको सिटी स्थित पानी की टंकी से रात भर में पानी बहता रहा, यह टंकी बोरिंग के पानी से भरी जाती है जिसकी क्षमता 2 लाख लीटर की है। इससे माढ़ोताल बस्ती में पानी की सप्लाई होती है। यह टंकी चार से पांच घंटे में भर जाती है लेकिन जिस व्यक्ति की ड्यूटी पानी चालू और बंद करने की है, बताया गया कि लापरवाही पूर्वक 8 से 10 घंटे पानी चालू रखना है जिससे पानी और बिजली दोनों बर्बाद होते हैं। नगर निगम के अधिकारियों और पार्षद के माध्यम से कई बार जानकारी दी गई लेकिन किसी ने अब तक ध्यान नहीं दिया है। महीने में तीन-चार बार इस भीषण गर्मी में बेवजह पानी पाया जाता है जो अपनी किसी की प्यास बुझा सकता है, लेकिन पानी व्यर्थ में ही बहाया जा रहा है, इस लापरवाही के कारण कई बार मोटर भी जल जाती है। टंकी से पानी भी रिश्ता है जिससे टंकी कमजोर हो रही है।

### इनका कहना है

कालोनी में रहने वाले युवक **रामशंकर** ने बताया कि इस तरह की समस्या जब तक सामने आती है, कई बार नगर निगम की पार्षद और नगर निगम के अधिकारियों को बताया गया लेकिन इस पर अब तक उचित पहल नहीं की जा रही है। यह बात सही है कि गर्मी के समय पानी की कीमत वैसे भी ब ढ़ जाती है। लेकिन यहां पर बेशकीमती पानी जो जरूरत मंदों के काम आ सकता है, उसे बचाया नहीं जा रहा है। यह बात चिंता वाली है। अब देखने वाली बात होगी कब तक ननिज और यहां के पार्षद इस पर सकारात्मक कदम उठाते हैं।



# शहर के प्रमुख चौराहों पर डिफोगर मशीन प्रतिदिन चलाएँ : निगमायुक्त




**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के नागरिकों को चिलचिलाती धूप से राहत प्रदान करने निगमायुक्त प्रीति यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रतिदिन प्रमुख चौराहों पर डिफोगर मशीन को चलाया जाए।




निगमायुक्त श्रीमती यादव ने बताया कि भीषण गर्मी और धूप को देखते हुए इस मौसम में चिलचिलाती धूप एवं डस्ट से आम नागरिकों, राहगीरों को राहत प्रदान करने शहर के प्रमुख चौराहों पर डिफोगर मशीन लगवाई है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत प्रदान की जा सके।


उपायुक्त संभव अयाची एवं स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल ने बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशन में शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों तीन पत्ती, ब्लूम चौक, छोटीलाइन चौराहा, एवं मालवीय चौक में लोगो को राहत प्रदान करने के लिए निगम द्वारा ख़रीदी गई डिगोगर मशीन प्रतिदिन दोपहर के समय में चलायी जा रही है, जिससे लोगो को इस चिलचिलाती धूप से कुछ राहत मिल रही है।



## कर्ज न चुकाने पर सेन्ट्रल बैंक ने की कार्यवाही

**जबलपुर,देशबन्धु।** मंडला स्थित ग्राम अमगवा प.ह.न. 14/26, रा.नि.म. बम्हनी, तहसील व जिला मंडला, मध्यप्रदेश पिन 481661 की ऋषभ राईस मिल प्रोप. कोमल कानुगा पिता संतोष कुमार कानूगा द्वारा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की मंडला शाखा से लिया गए कर्ज का भुगतान न करने से उनका खाता दिनांक 04/10/2024 को अनर्जक आस्ति (एनपीए) में वर्गीकृत किया गया था, भौतिक कब्जा हेतु न्यायालय जिलादंडाधिकारी, मंडला के द्वारा पारित आदेश प्रकरण क्रमांक 0066/ब-121/2024-25 19/03/2025 (धारा 14 सरफेसी अधिनियम) के अनुपालन में 22 अप्रैल को दोपहर लगभग 3:30 बजे बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा नायब तहसीलदार हीरालाल तिवारी बम्हनी जिला मंडला के द्वारा लिया गया। सम्पत्ति का भौतिक कब्जा सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया के बैंक अधिकारी अमित केशरी (प्राधिकृत अधिकारी), अजीत वर्मा, (विधि अधिकारी), सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मंडला शाखा के शाखा के प्रमुख निखिल वोहरा एवं प्रबंधक समग्र पाठक की उपस्थिति में लिया गया। उक्त संपत्ति का कब्जा लेने के दौरान मौके पर नायब तहसीलदार द्वारा यह बताया गया कि फैक्ट्री परिसर में पीछे की हिस्से की तरफ 535 के क्षेत्र में आग लगी सी प्रतीत हो रही है जिसका तत्काल निरीक्षण किया गया एवं आग बुझाने के लिए त्वरित कार्यवाही की गयी।

## नर्मदा किनारे सुंदरकांड एवं महा आरती का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत महिला प्रकोष्ठ जिला जबलपुर द्वारा पूर्व संध्या पर भगवान परशुराम प्रकट उत्सव की उपलक्ष में सुंदरकांड एवं महा आरती का आयोजन नर्मदा तट के किनारे किया गया प्रदेश संरक्षक श्रीमती सोनल तिवारी जी द्वारा नर्मदा तट पर महा आरती का आयोजन भी किया गया,जिसमें प्रदेश महासचिव विजयकांत तिवारी जी महिला प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे संभागीय संयोजक गीता अवस्थी संभागीय महासचिव कंचन तिवारी जिला महामंत्री मनीषा पाराशर जिला सचिव सविता रेनू उपाध्याय जिला सचिव निशा तिवारी कोषाध्यक्ष दिशा चौबे संयोजक संयोजक ज्योति शुक्ला संयोजक रेखा तिवारी व्हाट संयोजक अर्पिता चौबे जिला सचिव सरोज शर्मा जी कल्पना शुक्ला स्वयंसेवक संगठन से श्रीमती भगवती भारद्वाज .ब्राह्मण एकता मंच एकता से अतुल दुबे राहुल दुबे अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा से .कविता दुबे ब्राह्मण महासभा से अनीता शुक्ला रेणुक .सुनिधि बाजपेई अनंत ब्राह्मण सभा से शक्ति शुक्ला लकी गर्ग अनंत ब्राह्मण महासभा.से अखिलेश उपाध्याय अरुण शुक्ला अन्य संगठन के साथ संगठित होकर एवं और मात्र शक्तियों के साथ भगवान परशुराम भगवान का सुंदरकांड एवं महा आरती नर्मदा जी की आरती पूर्ण लाभ अर्जित किया गया।

## भाजपा प्रदेश प्रभार सिंह एवं छिंदवाड़ा सांसद विवेक साहू बंटी करेंगे संबोधित

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के सम्मान अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार 24 अप्रैल को शाम 4 बजे भाजपा कार्यालय रानीताल में किया गया है। संगोष्ठी में भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह, छिंदवाड़ा सांसद विवेक साहू बंटी के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी, प्रदेश मंत्री सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकू विज के साथ वरिष्ठ जन उपस्थित होंगे।

भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रदेश के सभी जिलों में संगोष्ठी का आयोजन हो रहा है और हमारे लिए प्रसन्नता की बात है कि जबलपुर महानगर की संगोष्ठी को प्रदेश के प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह जी संबोधित करेंगे।

सोनकर ने बताया इस संगोष्ठी में महानगर के विभिन्न समाजों के प्रमुख जनों के साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले सभी जनों को आमंत्रित किया गया है।

## सी एम राइज मेडिकल के 12वीं के छात्र का जेईई में हुआ चयन




**जबलपुर, देशबन्धु।** सीएम राइज मेडीकल स्कूल जबलपुर के 12 वीं के छात्र राजकुमार मल्लाह ने प्रथम प्रयास में जेईई मेन 2025 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और माता-पिता को गौरवान्वित किया है। राजकुमार को जेईई में कुल 91.38 परसेंटाइल अंक प्राप्त हुए हैं तथा ओबीसी वर्ग में 42 हजार 197 वीं रैंक हासिल हुई है। उन्हें जेईई एडवांस की परीक्षा के लिए पात्र घोषित किया गया है। राजकुमार की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, प्राचार्य श्रीमती किरण राव, उप प्राचार्य शैलेश कुमार पाठक, बीएसी अजय रजक सहित पूरे विद्यालय परिवार ने छात्र को बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# बिना पुण्य के दान का मान नहीं होता - आचार्य श्री





**जबलपुर, देशबन्धु।** आचार्य श्री विद्यासागर सभा भवन में विराजमान आचार्य श्री समयसागर महाराज ने अपने मांगलिक प्रवचन में कहा कि अर्थ पुरुषार्थ के द्वारा व्यक्ति धन तो अर्जित कर लेता है, लेकिन उस अर्जित धन को प्रभु के चरणों में समर्पित करना अलग बात है। धनाढ्य तो कई हो सकते हैं लेकिन बिना पुण्य के उसके दान का मान नहीं होता। आचार्य श्री ने अपने प्रवचन में आगे कहा कि यदि हमारे गुरु आचार्य श्री विद्यासागर महाराज नहीं होते तो हम कहाँ जाते हमारा कल्याण कैसे होता। गुरु के हमारे ऊपर अनन्त उपकार हैं, हम सब उनकी ही वाणी को सुनते है और उनका ही अनुसरण करते हैं। हम सब के आराध्य तो विद्यासागर जी महाराज है,। उन्हीं के द्वारा हम सब का कल्याण है। गुरुदेव को जो प्रभाव है वह अमिट है न भूतोन भविष्यति ऐसा उनका प्रभाव है प्रभु के स्वरुप का वर्णन गुरु के बिना संभव नहीं है। जब तक परमार्थ पद को उपलब्धि नहीं होती तब तक गुरु जी की ऊंगली पकड़कर ही चलना है।

धर्म सभा के प्रारंभ में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के तैल चित्र के समक्ष अमित जैन, रुपेश नायक (नागपुर) एवं आलोक जैन ने दीप प्रज्जवलित किया। आचार्य श्री को शास्त्र मेंट एवं पाद प्रक्षालन का सौभाग्य स: सिआनंदकुमार, जम्बू कुमार, प्रदीप कुमार लक्ष्मी परिवार एवं अमित जैन को मिला आचार्य श्री की महापूजन दिगम्बर जैन समाज शांतिनगर एवं नेपियर टाउन द्वारा किया गया। श्री चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर संगम कालोनी की जैन समाज द्वारा आचार्य श्री को श्रीफल भेंट कर उनका सानिध्य प्राप्त होने का आग्रह किया। धर्मसमा का संचालन अमित पडरिया ने किया।

# आठवें वेतनमान की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर, देशबन्धु।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन, जबलपुर में दोपहर 12 बजे संभागायुक्त जबलपुर को उक्त संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। क्योंकि इसका लाभ 01/01/2025 के पूर्व के लोगों आठवें वेतनमान का लाभ नहीं दिया जाना है जिसमें पेंशनर्स भी शामिल है केन्द्र शासन की उपरोक्त नीति कि विरोध में कर्मचारियों एवं पेंशनरों में रोष व्याप्त है। ज्ञापन सौंपते समय निम्मलिखित पदाधिकारी एवं पेंशनर साथी आदि उपस्थित थे। एड. राजकुमार दुबे प्रांताध्यक्ष, के.एस.ठाकुर प्रांतीय सचिव एवं एस.के.तिवारी प्रांतीय कोषाध्यक्ष, राजेन्द्र प्रसाद सेन, जिला अध्यक्ष, व्ही.व्ही. साहू सचिव, रामचरण सेन, विनय कुमार तिवारी, ललित कुमार मिश्रा, प्रीतम लाल झारिया, नीलेश चन्द्र तिवारी, अठ्ठी लाल झारिया आदि उपस्थित थे।

# स्नान, दान और प्रसाद को समर्पित वैशाख मास

## नित्य तैराक मंडल जिलहरी घाट का वैशाख मास भंडारा



**जबलपुर, देशबन्धु।** सनातन संस्कृति मे अलग अलग माह के नियम, साधना और उसके फल है, इसी कड़ी मे वैशाख माह का विशेष महत्व है, सनातन धर्म मे स्नान, दान और फिर प्रभु प्रसाद से विशाख मे विशेष लाभ प्राप्त किया जा सकता है, और मां नर्मदा के भक्तों के इसी उद्देश्य की प्राप्ति मे सहायक बन रही है नित्य तैराक मंडल जिलहरी घाट स्थित संस्था, वैसे तो ये संस्था वर्ष भर किसी न किसी रूप में घाट पर आने वाले भक्तों को भोजन उपल्ब्ध कराती रहती है। लेकिन वैशाख माह मे विशेष तौर पर पूरे माह नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराती है। मंडल के सभी सदस्य तन मन और धन यथा पूरे सेवाभाव से माई के भक्तों को भोजन प्रसाद उपलब्ध कराते हैं। इस भंडारे की कुछ ख़ास बातें हैं, जो इसे अन्य भंडारे से अलग करती हैं। इस पावन कार्य मे पर्यावरण सुरक्षा की सोच, भोजन व्यर्थ ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाता है। यहां पर भोजन देने के लिए स्टील के थाली और गिलास हैं प्लास्टिक का एक भी पात्र नहीं है, तथा भोजन देने के बाद सभी से आग्रह किया जाता है, भोजन उतना ही लें, जितना ग्रहण कर सकें। और सबसे महत्वपूर्ण यहां भोजन नि:शुल्क है, और यदि आप स्वेच्छा से कुछ देना चाहें ये आपकी श्रद्धा है, जो और भक्तों के प्रसाद मे उपयोग होगी। लेकिन ऐसा कोई आग्रह मंडल का नही है। इस कार्य मे मण्डल के प्रमोद जैन, जुगल अग्रवाल, गणेश सोनी, पिंकी अग्रवाल, चंदू गुप्ता, राजू दुबे, ब्रजेश सुहाने, टोनी अग्रवाल आदि नर्मदा के भक्तगण।

# पॉक्सो एक्ट से छात्राओं को करवाया अवगत



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शासकीय बालक हाई स्कूल गोकलपुर एवं शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल गोकलपुर में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर लगाया गया। सचिव शक्ति वर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नशीली दवाओं के पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाएं और नशीली दवाओं के उन्मूलन के लिए कानूनी सेवाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही एसिट अटैक पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाओं, भारतीय नागरिक सुरक्षा, पॉक्सो अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, यौन उत्पीड़न एवं अन्य अपराधों के लिए कानूनी जानकारी दी।

# लोकनृत्य कार्यशाला

**जबलपुर, देशबन्धु।** इंद्रलोक परफॉर्मिंग आर्ट संस्था के तत्वावधान में 25 से 10 मई तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जाएगा। पंजीयन जानकीरमण कॉलेज में किया जाएगा। शिविर में लोक नृत्य शिक्षक इंद्र पांडे, प्रशिक्षक दीपाली ठाकुर, आकृति वैश्य, आस्था अग्रहरि, विभूति चौरसिया लोक नृत्य बुंदेली, आदिवासी, बघेलखंडी एवं मालवा अंचल के लोकनृत्य का प्रशिक्षण देंगे। कार्यशाला सुबह 7 बजे से संचालित होगी।

## संगीत संध्या

**जबलपुर, देशबन्धु।** विंटेज वाइब्स म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में सदाबहार गीतों की कार्यक्रम रानी दुर्गावती कलावीथिका में शाम 6.30 बजे से मनाया जाएगा।

# प्लास्टिक पर रोक ही पर्यावरण का संरक्षण है



**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ और भूगर्भ शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यान माला आयोजित हुई। प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया, विभागाध्यक्ष डॉ. डीके देवलिया, प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जया वाजपेयी का संयोजन रहा। डॉ. देवलिया ने कहा कि इंसानी गतिविधियों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के प्रति सचेत रहकर आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। भूगर्भ शास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. संजय तिगनाथ ने कहा कि रोजमर्रा की गतिविधियों में प्लास्टिक का उपयोग कम करना, जल संरक्षण करना जैसी बातें शामिल हैं। डॉ. आरपीएस चंदेल, डॉ. रोहिणी सिंह, डॉ. ईश्वर लाल डांगी ने पर्यावरण का महत्व समझाया। इस मौके पर डॉ. राजश्री कपूर, डॉ. उषा मसराम, डॉ. ओपी साहू, डॉ. प्रीति पांडे, डॉ. अनिल बिछिया, डॉ. अपर्णा अवस्थी, डॉ. अर्चना द्विवेदी,

# मुस्लिम विकास परिषद द्वारा कलेक्टर का सम्मान



**जबलपुर, देशबन्धु।** डॉ. मोईन अंसारी मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष हाजी मुईन खान एवं सदस्यों द्वारा कलेक्टर दीपक सक्सेना के जनता की समस्याओं को निराकरण में अपना पूरा समय देने तथा शहर में शांति और अमन कायम रखने के लिए कलेक्टर को परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में कठोर निर्णय ले कर व आम जनता के पक्ष में सख्त कार्यवाही की। इसमें असफाक आरिफ शेख निजामी साहब, मोनिस अंसारी, इरफान फैजान कुरैशी, वसीम खान एड रियाज, अशरफ कुरैशी, लियाकत जावेद आदि शामिल रहे।

# गुलाबी परिधान में मनाया उत्सव, खेले मनोरंजक खेल



**जबलपुर, देशबन्धु।** भगिनी मंडल के तत्वावधान में हल्दी कुमकुम कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान महिलाओं ने नए फल खरबूजा, आम, अंगूर, टरबुजा, कैरी का स्वाद चखा। इसके साथ ही नए अनाज के प्रदार्थ का प्रसाद भी मां पार्वती को लगाया। कार्यक्रम में महिलाओं ने नए चने से बनी नमकीन दाल, कैरी पना, गुड और नारियल से बनी गुझिया, पताशों का स्वाद भी चखा। **ड्रेसकोड किया कैरी-** कार्यक्रम में शामिल होने के लिए महिलाओं ने पिंक ड्रेसकोड कैरी किया। इसके साथ ही मनोरंजक खेल खेले गए। इस मौके पर आभा रानडे, नयना यावलकर, प्रतिभा चौधरी, आभा दातार, वीणा खेर, आभा सरवटे, रश्मि कुलकर्णी, सुचिता यावलकर, हेमा सप्रे, अर्चना गुर्जर, श्वेता गोडबोले, संचिता गुर्जर, शिल्पा ताम्हणे, रेखा पाटिल, सुषमा नाईक, रंजना वर्तक, रोहिणी बेहरे, प्राची पापरीकर, वैशाली चांदोरकर, विभा क्षीरसागर, कीर्ति बर्वे, सोनल पंडित, रसिका बेडेकर, सीमा दामले मौजूद रहीं।

# दैनिक राशिफल

**गुरूवार 24 अप्रैल 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। वैशाख कृष्ण पक्ष की एकादशी, नक्षत्र शतभिषा।**

**मेष** आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे।

**वृषभ** आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है।

**मिथुन** दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार आपको उलझपूर्ण स्थिति में रखेंगे।

`क-

**कर्क** आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी।

**सिंह** आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या** शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा।

**तुला** गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक** आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थजीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**धनु** आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। किसी भी काम को करने में उमंग- उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे।

**मकर** आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अचानक धन खर्च होगा।

**कुंभ** प्रेम, रोमांस, यात्रा, पर्यटन और मनोरंजन आपके आज के दिन का एक हिस्सा बनकर रहेंगे।

**मीन** दैनिक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव में उग्रता रहेगी। वाणी और व्यवहार में संभलकर काम करें।

म.

1,5,7,8,10,52,74,85,58,07,70,11

# चित्रकला-नारालेखन में उठाया ग्लोबल वार्मिंग का मुद्दा



**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ। समारोह में चित्रकला और नारालेखन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाने के लिए विद्यालय के विज्ञान शिक्षक शीतल वाईकर, इंदु पटेल, मनोज चौरसिया के संयोजन में परिसर के 25 पेड़-पौधों पर क्यूआर कोड लगाया गया। इससे छात्रों को पौधों के बारे में विस्तृत जानकारी मिल सकेगी।

**परिसर में किया पौधरोपण-** आयोजन में पक्षियों के लिए सकोरे और 50 पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रादुविवि कुलपति प्रो. डॉ. राजेश वर्मा, विशिष्ट अतिथि पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस प्राचार्य डॉ. अल्केश चतुर्वेदी, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण प्राचीश जैन, डॉ. नीलेश पाण्डे, स्कूल प्राचार्य साहिर शेख, श्रध्दा शुक्ला, भूपेंद्र सलामे मौजूद थे।

# पोस्टर निर्माण में झलका पर्यावरण का नजारा

## आर्मी पब्लिक स्कूल क्रमांक 2 में कार्यक्रम



**जबलपुर, देशबन्धु।** मिलिट्री ईकाई आवा के आशा मिलाप प्रोजेक्ट के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में आशा स्कूल के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसी कड़ी में एक दीया बाती..., हजारों रोशनी... के साथ-साथ मेरे देश की धरती... देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति के दौर में एपीएस नं. 2 की अन्वेशा मिश्रा ने धरती बचाओ विषय पर एक कविता सुनाई। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता और बुकमार्क निर्माण गतिविधि पृथ्वी दिवस की थीम पर आयोजित हुई। इस मौके पर आर्मी पब्लिक स्कूल क्रमांक 2 प्राचार्य शीला पांडे, काउंसलर जोगेंद्री पठारिया, रश्मि वासन, अर्चना तिवारी, आशा स्कूल की प्रधानाचार्या मधुलिका मिश्रा मौजूद रहीं।

# पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कर्मचारियों के गृह भत्ता देने को किया पुनरीक्षित

**कर्मचारी जगत**

**जबलपुर, देशबन्धु।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने कंपनी कर्मचारियों के पुनरीक्षित गृह भत्ता का आदेश आज जारी कर दिया। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ-4-1/2025/नियम/वार दिनांक 3 अप्रैल 2025 को जारी राज्य शासन के शासकीय सेवकों को देय गृह भत्ता भत्ता पुनरीक्षण संबंधी आदेश को आवश्यक संशोधनों सहित शासकीय सेवक के स्थान पर कंपनी कार्मिक प्रतिस्थापित करते हुए ग्रहण किया है । पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पुनरीक्षित गृह भत्ता अब इस प्रकार होगा- 7 लाख अथवा इससे अधिक जनसंख्या वाले नगरीय क्षेत्रों में निवासरत कंपनी कार्मिकों को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अनुसार देय मूल वेतन का 10 प्रतिशत देय होगा। 3 लाख से अधिक परंतु 7 लाख से कम जनसंख्या के नगरीय क्षेत्रों में निवासरत कंपनी कार्मिकों को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अनुसार देय मूल वेतन का 7 प्रतिशत देय होगा। 3 लाख से कम जनसंख्या के नगरीय क्षेत्रों में निवासरत कंपनी कार्मिकों को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अनुसार देय मूल वेतन का 5 प्रतिशत देय होगा।

जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि- जिन्हें कंपनी आवास गृह आबंटित किया गया है अथवा जो किराया रहित कंपनी आवासगृहों में निवासरत हों अथवा जिन्हें किराया रहित आवासगृह के बदले और कोई भत्ता दिया जा रहा हो संविदा, तदर्थ, स्थायीकर्मी तथा दैनिक वेतन के आधार पर नियुक्त। गृह भाड़ा भत्ता की स्वीकृति के संबंध में अन्य शर्ते पूर्वानुसार ही रहेंगी।

# पहलगाम आतंकी हमले की निंदा आज श्रद्धांजलि सभा

**जबलपुर, देशबन्धु।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों से धर्म पूंछ कर 28 हिंदुओं की गोली मारकर की गई निर्मम हत्या पर गुंजन कला सदन मध्यप्रदेश परिवार हतप्रभ है । संस्था परिवार इस कृत्य की घोर निंदा करते हुए सरकार से अपील करता है कि इस घटना को अंजाम देने वालों पर कठोरतम करवाई की जाएं । गुंजन द्वारा इस हमले में शहीद हुए निर्दोष हिंदुओं को आज 24 अप्रैल को संध्या 5.30 बजे शहीद स्मारक प्रांगण में श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**मुकेश कहार-** मुकेश कुमार कहार उम्र 44 साल पिता मनी लाल कहार का आज निधन हो गया, वे अशोक कहार, धमेन्द्र कहार के बड़े भाई थे, जिनकी अंतिम यात्रा आज 24 अप्रैल को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान से गौरीघाट मुक्धिाम के लिए प्रस्थान करेगी।

**श्रीमती संजना जैन-** फूटाताल हनुमानताल रोड निवासी आदित्य जैन की धर्मपत्नी श्रीमती संजना जैन (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**कु. आस्था बचवानी-** गोस्वामी दरबार के पास द्वारका नगर लालमाटी निवासी राजेश बचवानी की पुत्री कु. आस्था बचवानी (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती विमला सिंह ठाकुर-** मीनाक्षी अपार्टमेंट कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी गोविंद सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती विमला सिंह ठाकुर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**कु. खुशी चौधरी-** रामहरख का बगीचा कुचबंधिया मोहल्ला के पास नेहरू वार्ड निवासी धर्मेंद्र चौधरी की पुत्री कु. खुशी चौधरी (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मूलचंद कुकरेजा-** श्रद्धा नगर ललपुर रोड निवासी श्री मूलचंद कुकरेजा (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रूपा रजक-** कछियाना मोहल्ला द्वारका नगर लालमाटी निवासी लक्ष्मण रजक की धर्मपत्नी श्रीमती रूपा रजक (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।


**श्री मनोहर तड़पे-** एमआईजी 142, शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री मनोहर तड़पे (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कलावती पासी-** तुलसी मोहल्ला बाई का बगीचा घमापुर निवासी पुनवासी राम पासी की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती पासी (97) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती शीला बघेल-** कृष्णा कॉलोनी धोबीघाट कजरवारा रोड निवासी नवीन चंद्र बघेल की धर्मपत्नी श्रीमती शीला बघेल (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती खुशबू चक्रवर्ती-** बड़ी मदार टेकरी शंकर चौक निवासी नितेश चक्रवती की धर्मपत्नी श्रीमती खुशबू चक्रवती का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

## पनागर में युवक की हत्या परिजनों ने न्याय की गुहार लगाई




**पनागर,देशबन्धु।** पनागर निवासी सुलोचना वंशकार ने अपने बेटे की निर्मम हत्या के बाद न्याय की मांग करते हुए आरोप लगाया है कि कौशल वंशकार, पवन वंशकार और नितेश वंशकार ने मिलकर बड़ी खेरमाई मंदिर के पास ईंट से वार कर उसकी जान ले ली।

पुलिस ने नहीं सुनी परिजनों की बात

सुलोचना ने बताया कि घटना के बाद पनागर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन पुलिस ने कोई गंभीर कार्रवाई नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी गुप्ता ने उन्हें टालते हुए कहा, अपना कार्यक्रम करो, हम जाकर देख लेंगे। परिजनों का कहना है कि पुलिस की लापरवाही के कारण आरोपी फरार हो सकते हैं।

सुलोचना के मुताबिक, उनका बेटा एक शांतिप्रिय युवक था, जिसकी किसी से दुश्मनी नहीं थी। वह नाइट शिफ्ट में काम करता था और उस दिन काम पर जाने वाला था। परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सख्त सजा दी जाए।

इस घटना ने पनागर क्षेत्र में लोगों को आक्रोशित कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की होती, तो शायद युवक की जान बच सकती थी। अब सभी की नजरें प्रशासन पर टिकी हैं कि वह पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए क्या कदम उठाता है।

### साढ़े आठ लाख रुपये के जेवरात बरामद

## सूने मकान को निशाना बनाने वाले तीन गिरफ्तार




**जबलपुर,देशबन्धु।** सूने घर को निशाना बनाने वाले तीन नकाब जन को गोरा बाजार पुलिस ने गिरफतार किया है। पुलिस ने आरोपी युवकों के पास साढे आठ रुपये के जेवरात बरामद किये है।

गोरा बाजार पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उर्मिला धवन मॉडल टाउन बिलहरी में अपनी बड़ी बेटी के पुत्र के जन्मदिन में शामिल होने लखनऊ गयी है। जो अपने घर में काम करने वाली मुनिया पासी को बता कर गयी थी। काम करने वाली मुनिया ने फोन कर उन्हे बताया कि मुख्य द्वार ताला टूटा हुआ है तथा मकान में चोरी हो गयी है। अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोडकर जेवर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 109/ 25 धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस ने पतासाजी कर दीपू उर्फ प्रदीप विश्वकर्मा पिता सत्यनारायण विश्वकर्मा उम्र 29 वर्ष निवासी राजीव नगर चेरीताल, अंकित बेन पिता मुकेश बेन उम्र 22 वर्ष निवासी बकरा मार्केट भान तलैया तथा मोहसिन खान पिता फहीम खान उम्र 19 साल निवासी नटराज मूर्तिकार के बाजू से फूटाताल थाना हनुमानताल को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।

पुलिस ने आरोपी के पास सोने के कंगन, चेन, मंगलसूत्र, टॉप्स, अंगूठी, वजन लगभग 9 तोला एवं चांदी की पायल, चूड़ियां, अंगूठी, कटोरी, चम्मच, वजन लगभग 300 ग्राम तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की।




## पाक्सो एक्ट के अंतर्गत पीड़ित समर्थन पर कार्यशाला संपन्न

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं कैटालिस्ट्स फॉर सोशल एक्शन(सी.एस.ए.) के संयुक्त तत्वावधान पुलिस कंट्रोल रूम जबलपुर में ''पॉक्सो एक्ट, 2012 के अंतर्गत पीड़ित समर्थन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती रुचि गुप्ता के व्याख्यान सत्र से हुआ। उनके द्वारा चालान प्रक्रिया एवं न्यायालयीन कार्यवाहियों की विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात आशीष जैन डीएसपी महिला सुरक्षा शाखा एवं श्रीमती आकांक्षा उपाध्याय डीएसपी ग्रामीण नोडल अधिकारी किशोर इकाई ने पॉक्सो के मामलों में अनुसंधान कार्यवाही के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। गुरुमुख लांबा (वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार, जेजेसी एण्ड एमपी एचसी, यूनिसेफ) एवं दीपेश चौकसे (प्रशिक्षण एवं सलाह प्रमुख, सी.एस.ए.) ने पॉक्सो अधिनियम 2012 के अंतर्गत पीड़ित समर्थन एवं संबंधित विधिक प्रावधानों पर गहन विचार रखे।

जिला अभियोजन अधिकारी ने अजय जैन एफआईआर पंजीयन और जांच प्रक्रिया के विभिन्न चरणों पर प्रकाश डाला गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शक्ति वर्मा ने पीड़ितों को उपलब्ध मुआवजा योजनाओं एवं अंतरिम राहत के प्रावधानों की जानकारी दी। हितधारकों एवं सपोर्ट पर्सन सहभागिता को रेखांकित करते हुए सी.एस.ए. अध्यक्ष मनीष व्यास एवं संजय अब्राहम (एडिशनल डायरेक्टर महिला एवं बाल विकास विभाग) ने पीड़ित समर्थन के दृष्टिकोण से अपने अनुभव साझा किए और विभागीय समन्वय की आवश्यकता को बताया। कार्यशाला का समापन सी.एस.ए. टीम द्वारा समापन टिप्पणी एवं भविष्य की कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए किया गया। टीम ने ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखते हुए बाल संरक्षण तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यशाला बाल अधिकारों की सुरक्षा और पीड़ित केंद्रित न्याय प्रक्रिया को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई। कार्यशाला में सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी ऊर्जा डेस्क प्रभारी उपस्थित रहे।

### मझगवां के टिकरिया ग्राम की घटना

## पति ने पत्नी के साथ की मारपीट, प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** मझगवां थानातंर्गत ग्राम टिकरिया में एक युवक ने अपनी पत्नी के साथ जमकर मारपीट की। जिसकी शिकायत पीड़िता ने पुलिस में दर्ज करायी है। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी पति की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

पुलिस ने बताया कि 24 वर्षीय कृष्णा काछी की शादी वर्ष 2021 में हिन्दू रीति-रिवाज से गांव के ही राजकुमार काछी के साथ हुई थी, जिससे उनका एक बेटा भी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि शादी के एक साल बाद तक पति ने उसे अच्छे से रखा।

इसके बाद छोटी-छोटी घरेलू बातों को लेकर परेशान कर मारपीट करने लगा। जिसके बाद सामाजिक पंचायत में सरपंच के सामने समझौता हुआ था। जिसके बाद कृष्णा अपने पति राजकुमार के साथ गांव में ही अलग रहने लगी थी। बीते दिवस गेहूं की फसल जब कटकर घर पहुंची और कृष्णा ने गेहूं धुलने के लिये रखने के लिये पति से कहा तो उसके पति राजकुमार ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## युवक पर नाबालिग ने चाकू से किया जानलेवा हमला

### गोराबाजार की तिलहरी बिस्थापित बस्ती में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोराबाजार थानातंर्गत एक दिन पूर्व कचरा गाड़ी चालक और बिस्थापित बस्ती के युवक के बीच हुए विवाद के बाद बीती रात एक नाबालिग ने वहां पहुंचकर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस को विस्थापित बस्ती निवासी 30 वर्षीय सुलेखा झारिया ने बताया कि 21 अप्रैल की सुबह नगर निगम की कचरा उठाने वाली गाड़ी के चालक राकेश सोमकुंवर से उसके पड़ोस में रहने वाले श्रेयांश बर्मन के भाई राज बर्मन ने शराब पीने के लिये रुपयों की मांग की थी। जिस पर वाहन चालक राकेश सोमकुंवर ने राज बर्मन के साथ गाली गलौज करते हुए ईंट से हमला कर अपने वाहन का कांच तोड़ दिया था और मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई थी। राकेश सोम कुंवर की शिकायत पर राज बर्मन जेल चला गया था। बीती रात करीब आठ बजे उसके पति सुशील झारिया जैसे ही बस चलाकर घर आये तभी एक सोलह वर्षीय किशोर उम्र का लड़का आया और हत्या करने की नियत से उसके पति सुशील पर चाकू से दनादन वार कर दिये। जिससे सुशील को जांघ, हाथ व पीठ में गंभीर चोट आ गई, जिन्हें विक्टोरिया अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया है। पुलिस का कहना है कि उक्त वारदात पूर्व में हुए विवाद को लेकर ही हुई, जिसे विवेचना में लिया गया है।

## माल वाहक का वायपास में तांडव

### कारों में मारी टक्कर, 6 व्यक्तियों को आई चोट



**जबलपुर,देशबन्धु।** अधारताल थानान्तर्गत खजरी खिरिया बाईपास के समीप माल वाहन ने तांडव मचाते हुए दो कार को टक्कर मार दी। जिसके कारण कार में सवार महिला सहित आधा दर्जन व्यक्तियों को चोटे आई है। जिन्हे तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायलों में दो व्यक्तियों की हालत गंभीर बताई जाती है। आरोपी चालक घटनास्थल में वाहन छोडकर फरार हो गया था। पुलिस ने सूचना मिलने पर मालवाहक वाहन जब्त कर आरोपी चालक के संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

## मध्य प्रदेश मध्यस्थता न्यायाधिकरण में अध्यक्ष सहित अन्य सदस्यों की दो माह की जाये नियुक्ति

### हाईकोर्ट ने दिये राज्य सरकार को आदेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश मध्यस्थता न्यायाधिकरण में अध्यक्ष सहित सदस्यों के रिक्त पदों को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगल पीठ ने अपने आदेश में राज्य को निर्देशित किया है कि प्रस्तावित संशोधन प्रक्रिया को पूरा करते हुए दो महीने के भीतर अध्यक्ष सहित रिक्त तीनों पदों की नियुक्ति के संबंध में अधिसूचना जारी करें।

जबलपुर निवासी अधिवक्ता संजय कुमार पटेल की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि मध्य प्रदेश मध्यस्थता न्यायाधिकरण में अध्यक्ष सहित 6 सदस्य के पद निर्धारित है। वर्तमान में अध्यक्ष सहित दो तकनीक सदस्य सहित एक विधिक सदस्य की पद रिक्त है। जिसके कारण मध्य प्रदेश मध्यस्थता न्यायाधिकरण में बडी संख्या में प्रकरण लंबित है। जिसके कारण पक्षकारों को भी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

युगलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि पूर्व में भी न्यायालय ने विभिन्न आदेश और निर्देश पारित किए गए हैं। युगल पीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेष जारी किये। युगल पीठ ने अपने आदेष में यह कहा है कि आवश्यकता अनुसार अधिक संख्या में सदस्यों की नियुक्ति के संबंध में आंकलन करते हुए सरकार दो महीने के भीतर नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करें। नियुक्ति प्रक्रिया कार्य भी दो महीने के अवधि में पूरा होना चाहिये। युगल पीठ ने कहा है कि पूरी प्रक्रिया चार महीने में पूर्ण होना चाहिये। आदेष का पालन नहीं होने पर मुख्य सचिव तथा विधि विभाग के प्रमुख सचिव को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देना होगा।

## पैरामेडिकल छात्रों को परीक्षा में शामिल करें

### हाईकोर्ट ने तत्काल प्रवेश पत्र जारी करने के दिये निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने पैरामेडिकल छात्रों को परीक्षा में शामिल करने के निर्देश दिये हैं। मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर को तत्काल प्रवेश पत्र जारी करने कहा गया है।

याचिकाकर्ता मंदसौर के साईं नाथ पैरामेडिकल कालेज माँ पीताम्बरा पैरामेडिकल कालेज व राधा देवी कॉलेज के संचालकों की ओर से अधिवक्ता आकाश सिंघई ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मेडिकल विश्वविद्यालय ने आनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2025 रखी थी। मेडिकल विश्वविद्यालय ने पोर्टल ही नहीं खोला, जिस कारण छात्र आवेदन नहीं कर पाये, मामले की सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने विश्वविद्यालय को छात्रों को प्रवेश पत्र जारी कर उन्हें परीक्षा में शामिल करने के राहतकारी निर्देश दिये है।

## उपभोक्ता आयोग का मामला पीआईएल के रूप में सुना जाएगा

### हाईकोर्ट ने पत्र पर संज्ञान लेकर दी व्यवस्था

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे के पत्र को जनहित याचिका के रूप में सुने जाने की व्यवस्था दी है। मामला मध्य प्रदेश के विभिन्न उपभोक्ता आयोगों में अध्यक्ष व सदस्यों के पद रिक्त होने को चुनौती से संबंधित है। अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय इस प्रकरण में कोर्ट को असिस्ट करेंगे। इस संबंध में प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए उन्होंने एक सप्ताह का समय लिया है। उक्त पत्र में कहा गया था कि मध्य प्रदेश के 61 प्रतिशत जिला उपभोक्ता आयोगों में अध्यक्ष




के पद रिक्त पड़े हैं। यह जानकारी स्वयं राज्य उपभोक्ता आयोग की वेबसाइट में दर्शायी गई है। जनवरी 2025 तक की स्थिति में 51 जिलों में से 31 में अध्यक्ष के पद रिक्त थे। वहीं नरसिंहपुर आदि में विगत चार वर्ष से नियमित अध्यक्ष की बाट जोही जा रही है। जिन आयोगों में अध्यक्ष के पद रिक्त हैं, उनमें इंदौर-एक, शिवपुरी, धार, सतना, मुरैना, हरदा, बुरहानपुर, सीहोर, बड़वानी, मंडलेश्वर, मंडला, डिंडौरी, नरसिंहपुर, सिवनी, बालाघाट, शाजापुर, देवास, रायसेन, झाबुआ, नीमच, उमरिया, सीधी, शहडोल, अनूपपुर, राजगढ़, अशोकनगर, दतिया, श्योपुर, टीकमगढ़, पन्ना, बैतूल शामिल हैं। इस संबंध में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, विधि व उपभोक्ता मामलों के सचिव व मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित किये गये थे। साथ ही हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष भी यह समस्या रेखांकित की गई थी। डॉ. नाजपांडे के अनुसार अध्यक्ष के पद रिक्त होने से उपभोक्ताओं के परिवाद लंबित हैं। शीघ्र निराकरण मुमकिन नहीं हो पा रहा है। लंबित प्रकरणों का अंबार लग गया है।

## बेन गंगा नदी को समतल कर सड़क बनाने को चुनौती

### जबलपुर कलेक्टर सहित अन्य से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया गया है कि चौकीताल के पास बिल्डर द्वारा बेन गंगा नदी को समतल कर सड? बना दी है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल, डायरेक्टर एनटीसीपी, कलेक्टर जबलपुर, नगर निगम आयुक्त जबलपुर, एसडीओं राजस्व गोरखपुर, बिल्डर आदर्श अग्रवाल चेतन प्रमोटर्स एंड डेवेलपर्स, बिल्डर रोहित तिवारी, बृजेन्द्र केशरवानी को नोटिस जारी कर चार सपताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। जबलपुर निवासी सुनील मरावी की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता केके पांडेय, कौशलेश पांडेय, सिद्धार्थ पांडेय ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि भेड़ाघाट रोड चौकीताल के पास चेतन प्रमोटर्स एंड डेवेलपर्स ने बेन गंगा नदी को समतल कर सड? बना दी है। ग्राम सगड़ा चौकीताल रामनगर तेवर, भड़पुरा गांवों का निस्तार का पानी जो पांच सरकारी नालों से निकलता था उसे बंद कर दिया गया है। वहां प्लॉट बनाकर बेच दिए गए हैं। इतना नहीं कॉलोनी शर्तों के विपरीत स्कूल, सामुदायिक भवन एवं सड? के लिए छोड़ी गयी जमीन की भी प्लॉटिंग करके बेच दी गई है। आरोप लगाया गया कि इस पूरे मामले में राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से अनियमितताएं की गई हैं। याचिकाकर्ता ने कलेक्टर, कमिश्नर एवं विभागीय अधिकारियों को आवेदन दिया, जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये है।

## वेटरनरी विवि के असिस्टेंट रजिस्ट्रार का चयन निरस्त

### कुलगुरु व रजिस्ट्रार को नये सिरे से मेरिट लिस्ट जारी करने के निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने नानाजी देशमुख वेटरनरी विश्वविद्यालय में असिस्टेंट रजिस्ट्रार के पद राम किंकर मिश्रा का चयन निरस्त कर दिया। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने विश्वविद्यालय के कुलगुरू और रजिस्ट्रार को नए सिरे से मेरिट लिस्ट जारी करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने साफ कहा कि नियमानुसार ही उम्मीदवारों को अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाएं। इसके लिए तीन माह की मोहलत दी है। जबलपुर निवासी किरण अहिरवार ने याचिका दायर कर बताया कि राम किंकर को नियम विरुद्ध तरीके से अतिरिक्त अंक दिये गये हैं। अनावेदक को विवि कर्मी होने के 5 अंक और अनुभव के 6 अंक प्रदान किए गये हैं। अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव ने दलील दी कि नियम में इस तरह के अतिरिक्त अंक देने का प्रावधान नहीं है। साक्षात्कार के बाद याचिकाकर्ता ने विवि के अधिकारियों को शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर याचिका दायर की गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## सॉफ्टवेयर कंपनियों द्वारा मोबाइल एप के जरिये डाटा चुराने व सायबर ठगी को चुनौती

### हाईकोर्ट ने गूगल एप्पल, माइक्रोसॉफ्ट व शाओमी सहित अन्य से मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने सॉफ्टवेयर कंपनियों पर मोबाइल एप के जरिए उपयोगकर्ताओं का डाटा चुराने और साइबर ठगी करने के आरोप के मामले में जवाब-तलब किया है। इस सिलसिले में इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, स्टाक निदेशालय, सीडेक, गूगल, एप्पल, माइक्रोसॉफ्ट और शाओमी टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी किये गये है।

यह जनहित का मामला जबलपुर निवासी अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता की ओर से दायर किया गया है, जिन्होंने अपना पक्ष स्वयं रखा। जिन्होंने बताया कि मोबाइल में मौजूद प्री-इंस्टॉल या गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किये गये एप उपयोगकर्ता की सुरक्षा के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहे हैं। ये एप उपयोगकर्ता की जानकारियां कई कंपनियों को साझा करती हैं, जो आगे चलकर एक साइबर ठगी का रूप भी ले सकती हैं। कई एप ऐसे होते हैं जिनमें कान्टेक्ट, फाइल्स या कैमरा का कोई उपयोग नहीं होता फिर भी इंस्टॉल करने के बाद इन सभी एप्लीकेशन की परमिशन मांगते हैं। इस तरह से मोबाइल ही डाटा चोरी करने का एक यंत्र बन जाता है। आवेदक की ओर से कहा गया कि देश में डिजिटल क्रांति के साथ-साथ साइबर धोखाधड़ी की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। आम नागरिकों की गोपनीय जानकारी, बैंकिंग विवरण और व्यक्तिगत डेटा चोरी हो जाते हैं। जनहित याचिका में कहा गया कि वर्तमान कानूनी ढांचा केवल तब सक्रिय होता है जब किसी एप्लिकेशन के जरिए पहले ही नुकसान हो चुका होता है। अगर कोई एप नुकसान पहुंचाता है तब संबंधित एजेंसियां उसकी जांच करती हैं और उसे प्रतिबंधित करती हैं। जनहित याचिका में मांग की गई है कि इसकी रोकथाम के लिए कड़े नियम बनाएं जाये। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## आईपीएल क्रिकेट मैच का सट्टा खेलते दो आरोपी पकड़ाए

### ओमती पुलिस की कार्यवाही, दो मोबाइल जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** ओमती पुलिस ने जयंती कॉम्प्लेक्स के पास आईपीएल का ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खेल रहे दो आरोपियों को दबोचा है। जो कि लखनऊ और दिल्ली के बीच चल रहे मैच की हर गेंद पर दांव लगा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो मोबाइल जप्त करते हुए उनके खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जयंती कॉम्प्लेक्स के पास दबिश दी गई। जहां से नफीस राजा उम्र 45 वर्ष निवासी नगीना मस्जिद मैदान के पास गोहलपुर, अयूब अंसारी उम्र 54 वर्ष निवासी नई बस्ती अंसार नगर चोपड़ा गोहलपुर को हिरासत में लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के मोबाइल चेक किये तो उसमें अलग-अलग आईडी से ऑनलाइन दांव लगाकर क्रिकेट का सट्टा खेलना पाया गया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि राशिद मंसूरी द्वारा आईडी उपलब्ध करायी गई। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल जप्त करते हुए उनके खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की।

## जन्मदिन की पार्टी में हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल

### एडिशनल एसपी बोले दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई


**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर के एक होटल में जन्मदिन की पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वैभव होटल में पार्टी के दौरान खुलेआम फायरिंग की जा रही है, जिससे मानव जीवन को गंभीर खतरा पैदा हुआ।

इस मामले में जबलपुर के एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा ने सख्त रुख अपनाते हुए बयान दिया है। उन्होंने बताया कि जैसे ही मामला सामने आया, तत्काल भेड़ाघाट थाना प्रभारी को जांच के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा, मानव जीवन को खतरे में डालने वाली कोई भी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी, चाहे फायरिंग लाइसेंसी हथियार से ही क्यों न की गई हो। यह एक अपराध है और इसमें संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।एडिशनल एसपी ने स्पष्ट किया कि घटना में जो भी व्यक्ति शामिल हैं या जिनकी संलिप्तता वीडियो फुटेज और साक्ष्यों में सामने आएगी, उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# हाथियों ने रात भर कई घरों में की तोड़फोड़

## खेतों में लगी फसलों को बनाया आहार, हाथियों के डर से जागकर रात बिता रहे ग्रामीण





**अनूपपुर, देशबन्धु।** छग से आये तीन हाथियों का कहर जारी हैं। तीन दिनों से वन परिक्षेत्र राजेंद्रग्राम में रात को जंगलों में निकल कर ग्रामीण के घरों में रखी एवं खेतों में लगी फसलों को आहार बनाते हुए नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं हाथियों के डर से ग्रामीण रात भर जागकर जानमाल की सुरक्षा करने को मजबूर हैं। बुधवार की सुबह वन परिक्षेत्र राजेन्दगाम के तुलरा बीट अंतर्गत श्यामदुआरी के जंगल में में डेरा जमाया हैं। वहीं हाथियों के साथ ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए वनविभाग, पुलिस विभाग एवं ग्राम पंचायतो के पदाधिकारी निरंतर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों को सतर्क एवं सचेत कर रहे हैं।

तीन हाथों का समूह अनूपपुर जिले के जैतहरी एवं अनूपपुर से विचरण करते हुए तीन दिनों से राजेंद्रग्राम में हैं, जहां जंगलों से रात में निकलकर ग्रामीणों के खेत एवं बांडियों में लगी फसलो को अहार बनाते हुए पैरों से रौद कर नुकसान पहुंचा रहें हैं। वहीं घरों में तोड़फोड़ कर वहां रखे विभिन्न प्रकार के अनाज को अपना आहार बना रहे हैं । एक दिन पूर्व तीनों हाथियो ने अनूपपुर के बड़हर से राजेंद्रग्राम के दुधमनिया गांव के महुआटोला में तीन ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ किया। दूसरे दिन ग्राम खुसुरगोड़, तरंग कातुरदोना में 5-6 ग्रामीणो के घरों में तोड़फोड़ की और अनाज को खाया, इसके बाद खेत एवं बांडियों में लगी फसलो आहार बनाते हुए बुधवार की सुबह राजेन्दगाम के तुलरा बीट अंतर्गत श्यामदुआरी के जंगल में डेरा जमाया हैं। देर रात हाथियों का समूह जंगल से निकल कर किस ओर विचरण करेगा यह रात होने पर ही पता चलेगा।

# रोशनी वेयर हाउस खरीदी केंद्र पर बिना आईडी के सर्वेयर तैनात

## स्थानीय सर्वेयर की तैनाती से खरीदी होगी प्रभावित

**पाटन, देशबन्धु।** शासन के द्वारा समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों की रबी सीजन की गेहूं की खरीदी कुंवरपुर समिति के द्वारा रोशनी वेयर हाउस में की जा रही है। बताया जाता है कि वेयर हाउस मालिक के द्वारा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से साठ गांठ करके स्थानीय सर्वेयर अनुराग यादव को कुंवरपुर समिति के खरीदी केंद्र पर बिना आईडी के पदस्थ कराया गया है। वर्तमान में इनके पास किसी भी संस्था के द्वारा जारी पदस्थ होने के दस्तावेज नहीं है। सूत्र: बताते हैं कि इस वेयर हाउस में बिना पैसे लिए गेहूं की तौल नहीं की जाती है। जब तक इनको पैसा नहीं मिलता ये किसानों की उपज की तुलाई



नहीं करते है, जो किसान पैसा नहीं देता है उसकी उपज सर्वेयर के द्वारा रिजेक्ट कर दी जाती है। बेचारे किसान ऐसे वेयर हाउस की शिकायत भी नहीं कर पाते हैं क्योंकि यदि इनकी शिकायत होती है तो फिर किसानों को अपनी उपज खरीदी केंद्र में तुलाई कराने में परेशानी होगी।

**इनका कहना**

जब इस संबंध में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उक्त सर्वेयर की आईडी की जांच करना पड़ेगी, उसके बाद ही पता चलेगा कि असली सर्वेयर है कि नकली सर्वेयर है।

**आभा शर्मा,** कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, पाटन

## सार-समाचार



### पहलगाम की आतंकवादी घटना को लेकर उड़ना गांव में पाकिस्तान का फूंका पुतला

**पाटन, देशबन्धु।** पहलगाम की आतंकवादी घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश की लहर है। जिले के ग्रामीण इलाकों में भी उक्त घटना के बाद जमकर आक्रोश देखने को मिल रहा है। जगह-जगह पाकिस्तान के पुतले फूंके जा रहे हैं और सभी एक स्वर में पाकिस्तान मुर्दाबाद और बदला लो बदला लो के नारे लग रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह से पहलगाम में आतंकवादियों ने हमारे पर्यटकों को मारा है।

इसका जल्द से जल्द बदला लिया जाए। पाटन के ग्राम उड़ना में सरपंच बृजेश बादल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए और उन्होंने जमकर नारेबाजी की और पाकिस्तान से बदला लेने की मांग की। इस दौरान पाकिस्तान का पुतला भी फूंका गया। गांव के बच्चे भी हाथों में पोस्टर लेकर बदला लो बदला लो के नारे लगाते दिखे। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह से आतंकवादियों ने बर्बरता की है उसका जवाब सेना जल्द देगी। पुलवामा के बाद जिस तरह से सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी एक बार फिर से आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने का काम देश की सेना करेगी। लोगों का कहना है कि जिस तरह से जम्मू कश्मीर में आतंकवादी घटना हुई है उसको लेकर वह आक्रोशित हैं और चाहते हैं कि जल्द से जल्द इसका बदला लिया जाए।

### पोषण परववाड़ा स्वस्थ जीवन जीने के लिए आवश्यक

**पनागर, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती आराधना गर्ग और सुपरवाइजर लक्ष्मी पंजाबी के मार्गदर्शन में पोषण पखवाड़ा के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों को मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर बल और महिलाओं में जीवन के प्रथम 1000 दिवस केंद्रित गतिविधियों का आयोजन किया गया तथा मोटे अनाज के व्यंजन को उपयोग में लाना आदि पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम की जानकारी दी गई और उसके महत्व को समझाया गया कार्यक्रम में कार्यकर्ता सुमन कोरी, अपर्णा तंतुवाय, पुष्पा लोधी, अर्चना कोरी कार्यक्रम का समापन मौलाना वार्ड - 2 पनागर में किया गया।

### जिला स्तरीय रेफरी एवं कोचिंग सेमिनार आयोजित किया गया

**पनागर, देशबन्धु।** कुराश एसोसिएशन जबलपुर के महासचिव शशांक सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि अमेच्योर कुराश एसोसिएशन मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार कुराश एसोसिएशन जबलपुर के द्वारा जबलपुर जिला स्तरीय कुराश रेफरी एवं कोचिंग सेमिनार की आयोजन कृषि उपज मंडी पनागर स्थित कुराश एकेडमी पनागर में आयोजित किया गया । रेफरी एवं कोचिंग सेमिनार में प्रतिभागियों को अमेच्योर कुराश एसोसिएशन मध्यप्रदेश महासचिव राहुल व्यास के द्वारा प्रशिक्षित किया गया।

### भीटा गांव में पसरा मातम, शोक संतप्त परिवार सांत्वना देने पहुंच रहे लोग

**शहगुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** समीपस्थ ग्राम भीटा के लोधी ठाकुर परिवार के भीटा फुलर गांव में रहने वाले एक ही परिवार के आठ लोगों की दमोह में सड़क हादसे में विगत दिवस मौत गई। हादसे में मृतक के शव जैसे ही गांव पहुंचे पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया है। गमगीन माहौल में मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें गांव सहित आसपास के क्षेत्र बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और मृतकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने के लिए रिश्तेदारों, परिचितों का तांता लगा हुआ है। मृतक के परिजनों को लोग ढांढस बंधा रहे हैं। बुधवार को शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए पहुंचे नेतराम सिंह पटेल पावला, महेंद्र सिंह, राजेन्द्र बन्धु जैन, नरेंद्र जैन, सतीश जैन, राम बाबू, राज कमल जैन, संग्राम सिंह, जयकांत सिंह, प्रमोद शुकला, नीलेश जैन अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी ग्रामीण, शाहिद भाईजान आदि ने शासन से मृतक परिवार को आर्थिक सहायता अधिक से अधिक देने की मांग की है।

# भगवान परशुराम की प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने के लिए सर्वसमाज की हुई बैठक

**बरेला, देशबन्धु।** विष्णु के छठवें अवतार भगवान श्री परशुराम जी की आदमकद अष्टधातु से निर्मित मूर्ति की शौभायात्रा 6 मई को शाम 5बजे भैरव बाबा मंदिर बरेला से नगर भ्रमण करते हुए परशुराम धाम पहुंचेगी जहां पांच दिवसीय आयोजन, अनुष्ठान,अधिवाश , प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जायेंगे। उक्त कार्यक्रम को भव्य रूप देने आज पनागर विधायक सुशील तिवारी की अध्यक्षता में सर्व समाज और सभी धर्मों के पदाधिकारियों की बैठक परशुराम धाम में आयोजित कर सुझाव लिए गए।

सर्व ब्राह्मण समाज परिक्षैत्र अध्यक्ष अरविन्द तिवारी और नगर अध्यक्ष योगेश दुबे, युवा अध्यक्ष ज्ञानू प्यासी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे और रजनीश पांडे ने गणमान्य नागरिकों का स्वागत कर सुझाव रखने हेतु आमंत्रित किया इस अवसर पर उपस्थित विमल जैन, कैलाश केशरवानी,राजेश सोनी,, गौरीशंकर पांडे दिनेश पटेल,नरेश पटेल , रूपेन्द्र चोकसे, प्रेमदास बैरागी, मुकेश गोटियां,सोनू सोनकर,सुरेश झारिया, प्रवीण जैन, अमिताभ नामदेव, मुकेश साहू,भानू नवेरिया लक्ष्मण तिवारी , प्रहलाद चोकसे ने कहा कि




शौभायात्रा में सभी भगवा वस्त्र धारण करें। अपने अपने बैनर बनवाकर घर के, दुकान के सामने लगाये । दीपक जलाकर,झालर लगा कर शोभायात्रा का स्वागत करें। साथ ही सभी समाज और संस्थायें प्रसाद वितरण कराने का प्रयास करें।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा गौंटिया, सुभाष चौरसिया, गौरीशंकर तिवारी, सतेन्द्र गर्ग, गोविंद दुबे, श्रीकांत उपाध्याय, शैलेन्द्र दुबे,भाईसाब पटेल,समर सिंह पटेल, आलोक दुबे, हाजी जहीर अहमद,शीलचंद जैन,मनोज यादव,सोनी साहू, रामजी रैकवार, विपिन झारिया, विजय जैन,रमेश शास्त्री, महेश मानव, राजकुमार गौंटिया,, कृष्णा बर्मन,अतीक बर्मन, प्रकाश चक्रवर्ती, मुनि विश्वकर्मा, महेश पहलवान, संजय दुबे, गोल्डी दुबे, विष्णु तिवारी, धर्मदास बैरागी, राहुल बारी, संजय गिरी, प्रीतम कटारे, राकेश रोशन,शिवमं तिवारी, प्रवेश पटेल, अजय दुबे, आलोक चोकसे,सत्यम पांडे,माधव शर्मा,अजय चोकसे,सरमन पटेल,रांकी बर्मन, राकेश सोनी, योगाचार्य रामरतन,चंदू सोनी ,समर सिंह पटेल, रजनीश मांझी,मैसी,शेख सलीम,गोलू पटेल,समीर उपाध्याय,राजा उपाध्याय, हरीश उपाध्याय, आनंद शुक्ला, नंदकुमार उपाध्याय,गोलू जैन,सरेश बैरागी,छोटू दुबे, विक्की शरदा नगर, संकेत नामदेव,साहिल, अनिल सोनी, सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सुधा सागर महाराज का नगर मंगल आगमन आज

## जैन समाज जुटा भव्य अगवानी में

**गोसलपुर, देशबन्धु।** जैन समाज के महान संत परम पूज्य तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव 108 सुधासागर महाराज का आज गुरुवार को गोसलपुर नगर आगमन हो रहा है। महाराजजी के नगर मंगल प्रवेश को लेकर जैन समाज गोसलपुर एन एच 30 जुझारी के डायवर्सन चौराहे में गुरुवार को सुबह आठ बजे महाराज जी की भव्य आगवानी करेगी।




जुझारी कछपुरा गोसलपुर में आगवानी के पश्चात नगर भ्रमण करते हुए अतिशय क्षेत्र सम्मदगिरि गोसलपुर में संपन्न होगी जहां पर महाराज जी के मंगल प्रवचन एवं आहार चर्या संपन्न होगी महाराज जी की भव्य अगवानी में सभी लोगों से पहुंचने की अपील सकल दिगंबर जैन समाज गोसलपुर अतिशय क्षेत्र सम्मदगिरि कमेटी एवं गौशाला समिति गोसलपुर द्वारा की गई है। सुधासागर महाराज का आगमन सिहोरा के उपनगर खितौला के जैन मंदिर से होगा महाराज जी के नगर मंगल प्रवेश की तैयारी को लेकर गोसलपुर जैन समाज बहुत उत्साहित नजर आ रहा है। सकल जैन समाज द्वारा अनेक प्रकार की भव्य अगवानी की तैयारी की जा रही है।

# हमारा गांव हमारा तीर्थ हो इसके लिए सभी को प्रयासरत होना चाहिए : गुरुराज

## मिट्टी, गौमाता और वृक्ष पूजन के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

**पाटन, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वंसेवक संघ के आयाम समग्र ग्राम विकास द्वारा भूमि सुपोषण अभियान के अन्तर्गत ग्राम सिमरिया और मादा में विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय अधिकारी गुरुराज जी,संत आत्माराम त्यागी ने गौमाता एवं वृक्ष पूजन और भूमिपूजन के साथ किया इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामीण जनों से अपने अपने गांव को ही तीर्थ के समान बनाकर देश में उदाहरण प्रस्तुत करने प्रेरित किया। न्होंने आगे बताया कि हमारा प्रत्येक गांव नशामुक्त,संघर्ष मुक्त,शिक्षित,साफ स्वच्छ एवं स्वस्थ हो इसके लिये सभी को मिलकर कार्य करना होगा। यदि ऐसे गांव बनाने में हम सफल हुए तो निश्चित ही हमारा गांव तीर्थ बन जाएगा ऐसी स्थिति में घर-घर में विकास की लहर दौड़ेगी।

**राम नाम संकीर्तन के साथ गांव दर्शन**

राम संकीर्तन शोभायात्रा के साथ समस्त अधिकारियों ने गांव में जाकर गांव दर्शन किये।उन्होंने शिक्षा संस्कार केंद्र, रोपणी,पुस्कालय और गांव के युवाओं ने



उनको भजन सुनकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर लोगो ने घर के सामने चौक पूरकर तथा कलश रखकर अतिथियों का स्वागत किया। गांवों के लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर सभी का दिल जीत लिया। अंत मे समरसता भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**गौ आधारित खेती हर किसान करे**

इस अवसर पर उन्होंने गौ आधारित खेती करने उपस्थित किसान भाइयों,माताओ और बहिनो और युवाओं से आह्वान किया उन्होंने रासायनिक खाद से होने वाले नुकसान पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व कृषि अनुविभागीय अधिकारी रघुनाथ सिंह,संघ चालक यादवेंद्र सिंह,प्रान्त संयोजक श्याम जी,प्रान्त टोली सदस्य सुजीत सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला संयोजक संजय सिंह, उत्तम सिंह, लालजी पटेल, ब्रजेश यादव, राजकुमार जैन,ज्ञानेश शर्मा, रामराजा यादव, अरविंद यादव,राजकुमार सिंह,बल्लू पटेल,शैलू यादव, विक्रम यादव ,विशाल सिंह, पप्पू रजक, छतर सिंह, माखन सिंह, संतोष सिंह, बहादुर सिंह, गिरवर सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में माता-बहिने,युवा और बुजुर्ग जन उपस्थित रहे।

### लगातार दूसरे दिन रोके गए सात बाल विवाह

**दमोह, देशबन्धु।** गोपनीय सूचना के आधार पर गठित टीम द्वारा आज बुधवार को सात बाल विवाह रोके गए। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अनुसार समझाईस देकर कार्रवाई की गई । इसी कड़ी में 22 अप्रैल 2025 को महिला बाल विकास परियोजना शहरी अंतर्गत एक एवं जबेरा अंतर्गत छह, जिसमें थाना जबेरा सीमा अंतर्गत दो बाल विवाह सिंग्रामपुर चौकी सीमा अंतर्गत तीन बाल विवाह एवं नोहटा थाना सीमा अंतर्गत एक बाल विवाह कल रोका गया था। बाल विवाह रुकवाये गये। बाल विवाह रोकथाम वाले दल में जिसका नेतृत्व परियोजना अधिकारी रिंकल घनघोरिया एवं परियोजना अधिकारी सुलेखा ठाकुर सेक्टर पर्यवेक्षक अंकिता जैन, सुंदरलाल अहिरवार पर्यवेक्षक अन्नपूर्णा दुबे एवं पर्यवेक्षक श्रीमती दीपा कोरी एवं संबंधित थाने के पुलिस कर्मी तथा संबंधित ग्राम की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

**सिहोरा,देशबन्धु।** आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन कोल आदिवासी उत्थान समिति रूपनाथ बहोरीबंद के तत्वाधान में दिनांक 20अप्रेल2025 को आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें अध्यक्ष प्रीतम लाल रौतिया के अथक प्रयासों से 15 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।कार्यक्रम के अध्यक्ष संतोष गौंटिया मुख्य अतिथि अजय गौंटिया जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि जेठू लाल कोल आदिम समाज पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष जबलपुर, भैया कोल करौंदी बी डी सी, महिला प्रकोष्ठ श्रीमती बबिता गौंटिया महिला समाज सेवी पहरेवा सिहोरा, श्रीमती किरण गौंटिया ,श्रीमती शांति बाई गौंटिया, रघुनंदन



कोल, नरेश कोल, प्रवीण गौंटिया, दादा चूरामन जी, जानकी प्रसाद रौतेल, मुन्ना कोल , पूरन कोल , अशोक कोल , प्रीतम लाल कोल, बिसराम कोल , लटोरी गौंटिया, सुरेश कोल, रवि गौंटिया मुन्ना गौंटिया , विष्णु रावत, हरेराम गौंटिया, स्लीमनाबाद परगना के मुखिया संजीव गौंटिया , तलाड़ परगना के मुखिया राम सहाय गौंटिया, मसंधा परगना के मुखिया कैलाश कोल , किशोरी लाल कोल, नोने लाल कोल, कोल आदिवासी समाज उत्थान समिति के सचिव प्रकाश कोल, उपाध्यक्ष मंगी लाल कोल,सुदर्शन गौंटिया, राजेश कोल, बुद्धू लाल कोल, शिव प्रसाद कोल , राम विसाल कोल, शिक्षक विजय रावते , रामकिशोर कोल, गोपाल प्रसाद कोल , भोलाराम रौतिया आदि की उपस्थिति में पुरोहित, रमेश की उपस्थिति में संपन्न कराया।

# दिल्ली में विवेकानंद प्रतिमा अनावरण और के एबीवीपी के यशवंत कार्यालय का उद्घाटन

**सिहोरा, देशबन्धु।** एबीवीपी के राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नव निर्मित यशवत कार्यालय का उद्घाटन ओर 12 फिट की स्वामी विवेकानंद जी की अष्टधातु प्रतिमा का अनावरण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक माननीय मोहन भागवत द्वारा किया गया

दिल्ली के दीनदयाल उपाध्यक्ष मार्ग पर स्थित इस कार्यालय में प्रतिमा के अनावरण पर मोहन भागवत ने मूर्तिकार महावीर भारती ओर मूर्तिकार निर्मला कुलहरी से चर्चा की ओर प्रतिमा की सराहना की निकट ही



स्थित बाल भवन में विशाल सभा में सरसंघचालक मोहन भागवत जी द्वारा मूर्तिकार महावीर भारती ओर मूर्तिकार निर्मला कुलहरी को स्टेज पर यशवंत केलकर का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इस अवसर पर एबीवीपी ओर आरएसएस के बड़े पदाधिकारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी,केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मनसुख मंडाविया, पीयूष गोयल,दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, मंत्री प्रवेश वर्मा,कपिल मिश्रा पत्रकार प्रभु चावला सहित आदि बड़े गणमान्य लोगों के सामने दोनों मूर्तिकारों को सम्मानित किया।

## कौन है सऊदी अरब का स्लीपिंग प्रिंस, कोमा में रहते मनाया 36 वां जन्मदिन, क्यों ऐसी हालत

सऊदी अरब के शाही परिवार के सदस्य प्रिंस अल-वालीद बिन खालिद बिन तलाल ने कोमा में रहते हुए 36 साल पूरे कर लिए हैं। दुनिया भर में वो स्लीपिंग प्रिंस के नाम से जाने जाते है। उन्होंने कोमा में रहते हुए अपना जन्मदिन मनाया। वे पिछले लगभग दो दशकों से ऐसी ही हालत में हैं। प्रिंस अल-वालीद सऊदी अरब के संस्थापक किंग अब्दुलअज़ीज़ के परपोते हैं और प्रिंस तलाल बिन अब्दुलअज़ीज़ के पोते। वर्तमान सऊदी किंग सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ उनके दादा के भाई हैं, यानी प्रिंस के ग्रेट-अंकल। प्रिंस अल-वालीद 2005 में एक सैन्य कॉलेज में छात्र थे और एक सड़क दुर्घटना में उन्हें सिर पर गंभीर चोट आ गई। इसके बाद से वे कोमा में हैं और रियाद के किंग अब्दुलअज़ीज़ मेडिकल सिटी में वेंटिलेटर और फीडिंग ट्यूब के सहारे जीवित हैं। डॉक्टरों ने कई बार सुझाव दिया कि जीवन रक्षक उपकरणों को हटाया जाए, लेकिन प्रिंस के पिता, प्रिंस खालिद बिन तलाल ने इस सलाह को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा, अगर अल्लाह चाहते कि वह दुर्घटना में मर जाए, तो वह कब्र में होता।

### बांग्लादेश में महिलाओं पर सख्ती की मांग तेज

# इस्लामिक संगठनों ने कहा- पुरुषों से समानता विकृत विचारधारा

**ढाका।** शेख हसीना ने अपने कार्यकाल में कट्टर धार्मिक संगठनों को कड़ा जवाब देते हुए महिलाओं के अधिकारों को बढ़ाने के लिए एक सरकारी आयोग बनाया था। अब धार्मिक संगठनों ने महिला और पुरुषों में समानता को विकृत और पश्चिमी सोच करार दिया है।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं की हत्याएं और अत्याचार के बाद अब महिलाओं पर सख्ती की मांग तेज हो रही है। धार्मिक दलों के प्रभावशाली गठबंधन ने महिलाओं से जुड़े सरकारी आयोग को समाप्त करने की मांग की है। यह देश में इस्लामी सोच पर आधारित राजनीति के उभार का नया संकेत माना जा रहा है, खासकर तब जब लंबे समय तक धार्मिक गतिविधियों पर रोक रही थी। महिला आयोग शेख हसीना के शासन के दौरान स्थापित प्रणालियों में सुधार के प्रयासों का हिस्सा है। अगस्त 2024 में छात्रों के नेतृत्व वाले बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों ने हसीना सरकार को उखाड़ फेंका था। शेख हसीना ने अपने कार्यकाल में कट्टर धार्मिक संगठनों को कड़ा जवाब देते हुए महिलाओं के अधिकारों को बढ़ाने के लिए एक सरकारी आयोग बनाया था। अब उनके हटने के बाद धार्मिक संगठन फिर से ताकत में आ रहे हैं और महिला अधिकारों जैसे सुधारों का विरोध कर रहे हैं।

इस आयोग ने सिफारिश की थी महिलाओं के साथ भेदभाव खत्म किया जाए, मुस्लिम पर्सनल लॉ की जगह समान नागरिक कानून लाया जाए, ताकि विवाह, तलाक, विरासत जैसे मामलों में पुरुष और महिला को समान अधिकार मिलें। अब, धार्मिक दल जैसे हिफाजत-ए-इस्लाम और जमात-ए-इस्लामी इस आयोग के खिलाफ हैं। उनका कहना है कि यह इस्लाम के खिलाफ है और पश्चिमी विचारधारा को थोपने की कोशिश है।

**जमात-ए-इस्लामी ने भी उठाई आवाज**

देश की सबसे बड़ी धार्मिक राजनीतिक पार्टी जमात-ए-इस्लामी ने भी आयोग की सिफारिशों को तुरंत रद्द करने की मांग की है। पार्टी के महासचिव मियां गोलाम परवार ने कहा, महिलाओं और पुरुषों के बीच समानता स्थापित करने की सिफारिश इस्लामी विचारधारा को विकृत करने का दुष्प्रचार है। मोहम्मद यूनुस ने 19 अप्रैल को आयोग की सिफारिशें प्रस्तुत होने के बाद कहा था, दुनियाभर की महिलाएं हमारी ओर देख रही हैं। हमें आगे बढ़ना ही होगा।

**शेख हसीना पर निशाना**

यह आयोग दरअसल पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सख्त नीतियों के बाद शुरू हुए सुधारों का हिस्सा था। हसीना की सरकार पर मानवाधिकार उल्लंघनों के गंभीर आरोप लगे थे, वो अब भारत निर्वासन में हैं और ढाका लौटने से इनकार कर रही हैं। उनके खिलाफ सैकड़ों प्रदर्शनकारियों की हत्या के मामलों में अपराधों का मुकदमा चल रहा है।

**महिला आयोग के खिलाफ धार्मिक संगठन**

बांग्लादेश में धार्मिक मदरसों के प्रमुख मंच हिफाजत-ए-इस्लाम ने महिलाओं के अधिकारों में सुधार की सिफारिश को रद्द करते हुए महिला मामलों में सुधार आयोगको पूरी तरह से समाप्त करने की मांग की है। हिफाजत के वरिष्ठ नेता अजीजुल हक इस्लामाबादी ने कहा, समानता की अवधारणा एक पश्चिमी विचारधारा है। यह आयोग मुस्लिम पारिवारिक कानून की जगह समान नागरिक संहिता की सिफारिश कर रहा है, जो इस्लामिक मान्यताओं के खिलाफ है।

## आज का इतिहास

1982 – 15 वर्षों के इजरायली आधिपत्य के बाद सिनाई प्रायद्वीप क्षेत्र मिस्र को वापस।

1998 – क्लोन भेड़ डोली द्वारा एक स्वस्थ मेमने बॉनी का जन्म।

2002 – अर्जेन्टीना में बैंक अनिश्चित काल के लिए बंद।

2003 – तमिल विद्रोहियों का मानवीय मसलों पर होने वाली 17वें दौर (थाइलैंड) की वार्ता में भाग लेने से इन्कार।

2006 – नेपाल में संसद बहाल।

2007 – हमास ने इस्रायल पर हमला करके युद्ध विराम को तोड़ा।

2008 – नेपाल में नई सरकार का गठन करने जा रहे माओवादी नेता पुष्पकमल दहल उर्फ प्रचण्ड ने भारत व नेपाल के मध्य 1950 में हुई संधि को समाप्त करने की घोषणा की।

## पहलगाम आतंकी हमला : विश्व नेताओं ने एक स्वर में की निंदा



**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले के बाद दुनिया भर से शोक संवेदनाएं व्यक्त की जा रही हैं। हमला मंगलवार को बैसरन घाटी में हुआ, आतंकवादियों ने आसपास के जंगलों से निकलकर अंधाधुंध लोगों पर (अधिकांश पर्यटक) गोलीबारी की। हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई। निर्दोष पर्यटकों पर हुए बर्बर हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करते हुए नेपाल ने कहा कि वह दुख की इस घड़ी में भारत सरकार और भारत के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। घायलों के शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ होने की हार्दिक कामना करते हैं। इस बीच, नेपाल की विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा ने सोशल मीडिया पर कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले पर गहरा सदमा और दुख व्यक्त किया। उन्होंने पोस्ट किया, हम आतंकवाद के इस कृत्य और बेवजह हिंसा की कड़ी निंदा करते हैं, जिसने निर्दोष लोगों की जान ले ली है। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं, हम घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं। नेपाल इस दुख की घड़ी में भारत सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने भी इस भयानक आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए कहा कि हिंसा को उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मैं जम्मू-कश्मीर में निर्दोष नागरिकों पर हुए भयानक आतंकवादी हमले से स्तब्ध हूं। इस हिंसा का कोई औचित्य नहीं है और ऑस्ट्रेलिया इसकी निंदा करता है। हम घायलों, शोक मना रहे प्रियजनों और इस भयानक समाचार से ऑस्ट्रेलिया में प्रभावित हुए सभी लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।

कश्मीर में हुए भीषण हमले को बेहद विनाशकारी बताते हुए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने सोशल मीडिया पर लिखा, कश्मीर में हुआ भीषण आतंकवादी हमला बेहद विनाशकारी है। मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों, उनके प्रियजनों और भारत के लोगों के साथ हैं। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने भी इस घृणित आतंकी हमले पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, पहलगाम में आज हुए घिनौने आतंकी हमले ने कई मासूम लोगों की जान ले ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आज शोक में डूबे हर भारतीय के प्रति मेरी गहरी संवेदना। मैं जानती हूं कि भारत की भावना अटूट है। आप इस मुश्किल घड़ी में मजबूती से खड़े रहेंगे और यूरोप आपके साथ खड़ा रहेगा।

आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान ने भी आतंकवादी हमले पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की। पशिनयान ने एक्स पर पोस्ट किया, पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले से बहुत दुखी हूं। मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। आर्मेनिया आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा करता है। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं भारत के मित्रवत लोगों के साथ हैं।

### चीन ने एक और मोर्चे पर अमेरिका को दिया तगड़ा झटक

# 86 प्रतिशत तक रोका निर्यात, संकट में तीन बड़ी इंडस्ट्री

दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध और गहरा गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 245 फीसदी का टैरिफ लगाए जाने के बाद चीन ने पहले अमेरिकी बोइंग विमानों को खरीदने से इनकार कर दिया था और अब उसने अमेरिका को दुर्लभ खनिजों की सप्लाई रोक दी है। सीमा शुल्क के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले दुर्लभ खनिजों की सभी सप्लाई करीब-करीब रोक दी गई है। अमेरिकी टैरिफ वॉर का चीन द्वारा दिए गए इस जवाब से अमेरिकी निर्माताओं पर दबाव बढ़ गया है क्योंकि ये सभी चीनी माल पर ही निर्भर थे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने सोलर पैनल और थर्मोइलेक्ट्रिक उपकरणों के निर्माण में इस्तेमाल में बड़े पैमाने पर उपयोग की जाने वाली धातु टेल्यूरियम के निर्यात में करीब 44 प्रतिशत की गिरावट आई है। टंगस्टन रॉड शिपमेंट में लगभग 84 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि अन्य खनिज पदार्थ टंगस्टन के निर्यात में 77 प्रतिशत की गिरावट आई है। सीमा शुल्क के आंकड़ों के अनुसार, मोलिब्डेनम पाउडर, बिस्मथ उत्पादों और टंगस्टन सामग्री की अन्य तीन श्रेणियों सहित कुछ उत्पाद श्रेणियों के लिए शिपमेंट पूरी तरह



से रोक दिए गए हैं।

**245 फीसदी के टैरिफ को कम करवाना उद्देश्य-** फरवरी में अमेरिका द्वारा चीन पर टैरिफ लगाए जाने के बाद से ही टंगस्टन, बिस्मथ, टेल्यूरियम, इंडियम और मोलिब्डेनम के निर्यात पर चीन ने प्रतिबंध लगाना शुरू कर दिया था। चीनी नियमों के मुताबिक निर्यातकों को इन खनिजों को विदेश भेजने से पहले सरकार की मंजूरी लेनी होती है। लेकिन अमेरिका से बढ़ते व्यापार युद्ध के बाद चीन सरकार ने इन नियातों पर बैन लगा दिया है। चीन की कोशिश है कि इस तरह का प्रतिबंध लगाकर अमेरिका पर दबाव बढ़ाया जा सके ताकि वह 245 फीसदी के टैरिफ को कम कर सके।

**संकट में तीन बड़ी इंडस्ट्री-** इन खनिजों के निर्यात पर बैन और सप्लाई में आई बड़ी कमी से अमेरिका का न केवल सोलर पैनल और थर्मोइलेक्ट्रिक उपकरणों का निर्माण करने वाली कंपनियां और इंडस्ट्री दबाव में हैं बल्कि स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनियों से लेकर अत्याधुनिक सैन्य उपकरण बनाने वाली कंपनियां भी परेशान हैं। दरअसल, इन कंपनियों और निर्माण उद्योग में इस्तेमाल होने वाली दुर्लभ खनिजों के भंडार और शोधन एवं प्रसंस्करण पर चीन का एकाधिकार है। इसीलिए चीन ने अमेरिका को जबाव देने के लिए सबसे पहले इन खनिजों की सप्लाई पर ब्रेक लगाया है।

**इटट्रियम की सप्लाई में 86 फीसदी की कटौती**

आंकड़ों से पता चलता है कि मार्च में चीन ने अमेरिका को निर्यात होने वाले एक अन्य खनिज पदार्थ इटट्रियम की सप्लाई में 86 फीसदी की कटौती की है। इसी तरह स्कैंडियम के निर्यात में दो तिहाई की कटौती की गई है। बता दें कि चीन टंगस्टन के कुल वैश्विक उत्पादन में 83 फीसदी, बिसमथ में 81 फीसदी, टेल्यूरियम में 75 फीसदी, इंडियम में 70 फीसदी और मोलिब्डेनम में 42 फीसदी की हिस्सेदारी रखता है। इन खनिज तत्वों का इस्तेमाल एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर में होता है।

# अमेरिकी सेना ने पहली बार दक्षिण कोरिया में परमाणु हथियार प्रभाव प्रशिक्षण किया आयोजित

**सोल, (आईएएनएस)।** अमेरिकी सेना ने दक्षिण कोरिया में एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। पहली बार इसका मकसद परमाणु वातावरण में प्रभावी ढंग से काम करने की क्षमताओं को बढ़ाना था। यूएस फोर्सेज कोरिया (यूएसएफके) ने बुधवार को यह जानकारी दी। 15-16 अप्रैल के बीच सोल में दक्षिण कोरिया के रणनीतिक कमान में यह प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

इसका उद्देश्य उत्तर कोरिया के परमाणु खतरों के खिलाफ सहयोगियों की संयुक्त प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना था। यह प्रशिक्षण अमेरिकी सेना की परमाणु एवं सामूहिक विनाश के हथियार निरोधक एजेंसी (यूएसएएनसीए) के नेतृत्व में दक्षिण कोरियाई सेना के लिए आयोजित किया गया था। इसमें दक्षिण कोरिया के 13 कर्मी शामिल थे। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष अगस्त में मित्र राष्ट्रों ने परमाणु और पारंपरिक क्षमताओं को एकीकृत करने के लिए अपना पहला टेबल-टॉप अभ्यास आयरन मेस 24 संपन्न किया था। दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका उत्तर कोरिया के उभरते परमाणु खतरों का मुकाबला करने के लिए प्रयास बढ़ा रहे हैं।

पिछले साल अक्टूबर में आयोजित वार्षिक द्विपक्षीय रक्षा वार्ता में, सहयोगी देशों ने भविष्य के संयुक्त सैन्य अभ्यासों में उत्तर कोरियाई परमाणु हमले सहित यथार्थवादी परिदृश्यों को शामिल करने पर सहमति व्यक्त की। दक्षिण कोरिया में 28,500 से अधिक अमेरिकी सैन्यकर्मी तैनात हैं।

वे उत्तर कोरियाई खतरे को रोकने, कोरियाई युद्धविराम समझौते को बनाए रखने के लिए दक्षिण कोरियाई सेना और संयुक्त राष्ट्र कमांड के सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करते हैं। उत्तर कोरिया के उकसावे और हमलों को रोकने के लिए, अमेरिका-दक्षिण कोरिया गठबंधन एक मजबूत रक्षात्मक सैन्य रुख अपनाया हुआ है।

## सुडोकू 6892

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | 1 | | | 9 | 5 |
| | 3 | 1 | 8 | | | 7 | | |
| 5 | | | | 2 | | | | |
| | | 4 | | | 8 | 9 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | 2 | 9 | | | 6 | | |
| | | | | 7 | | | | 9 |
| | | 9 | | | 4 | 3 | 2 | |
| 6 | 2 | | | 3 | | | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6892

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. चतुराई, बुद्धिमान
३. प्रिय व्यक्ति या वस्तु को प्राप्त करने लिए बेचैन होना
५. पुस्तक (उर्दू)
६. दुर्गा
७. शाम का समय
८. 'स्वीमिंग पुल'
१३. जिसकी मदद करने वाला कोई न हो
१५. अंधकार
१६. तूणिर
१७. इज्जत, सम्मान (उर्दू)
१८. सभी, सम्पूर्ण
२०. भारत के उत्तरी सीमा पर स्थित एक पर्वत श्रेणी
२२. शामिल
२३. किसी पुलिस थाने का प्रधान अधिकारी

**ऊपर से नीचे:-**

१. शुभ-अशुभ, अच्छा-बुरा, अपशब्द
२. पसंद किया हुआ, चुना हुआ
३. परिवर्तित (उर्दू)
४. हुकूमत, प्रशासन
५. मरीचि
९. कहानी, कहावत (उर्दू)
१०. अकारण, निरुद्देश्य (उर्दू)
११. अमृत, सूर्य की एक पत्नी, तलवार
१२. आवेदन पत्र (उर्दू)
१४. सिक्के ढाले जाने की जगह
१७. परस्पर
१९. सीमा, प्रतिष्ठा
२०. कल्याण, भलाई,
२१. जैसे

### वर्ग पहेली-6891

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ च | य | २ नि | त | ■ | ■ | ३ नि | म्न | ४ त | म |
| रा | ■ | पु | ■ | ५ अ | धू | रा | ■ | क | ■ |
| ६ च | र | ण | ■ | भा | ■ | ७ यु | द्ध | नी | ति |
| र | ■ | ८ ता | ९ पा | व | रो | ध | ■ | क | ■ |
| ■ | १० ल्वा | ■ | य | ■ | ■ | ■ | ११ दा | ■ | १२ भ |
| १३ प | र | निं | दा | ■ | १४ इ | ■ | १५ स | मु | द्र |
| ■ | चि | ■ | १६ र | वि | क | र | ■ | ■ | ज |
| १७ ह | त | क | ■ | ■ | ता | ■ | १८ वि | १९ पि | न |
| म | ■ | ■ | २० अं | ग | रा | २१ ज | ■ | शा | ■ |
| २२ ला | भा | न्वि | त | ■ | ■ | २३ न | भ | च | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408


**संदेश** *अर्थ डे के अवसर पर एक विशेष डूडल जारी किया*

# गूगल ने अर्थ डे पर डूडल में जलवायु परिवर्तन का दिखाया संकट

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)। गूगल ने 22 अप्रैल 2025 को अर्थ डे के अवसर पर एक विशेष डूडल जारी किया है, जो जलवायु परिवर्तन के गंभीर संकट पर केंद्रित है। इस डूडल का उद्देश्य लोगों को पृथ्वी के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का संदेश देना है।**

डूडल में स्पष्ट किया गया है कि हमारी पृथ्वी खतरे में है। जलवायु परिवर्तन के कारण धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसके कारण भयंकर तूफान, बाढ़ और सूखे जैसी आपदाएं सामने आ रही हैं। अर्थ डे दुनिया को याद दिलाता है कि पृथ्वी की रक्षा करना प्रत्येक इंसान की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

डूडल में पृथ्वी के विभिन्न हिस्सों की सुंदरता और विविधता को दिखाया गया है। गूगल का यह डूडल लोगों को पृथ्वी को बचाने के लिए प्रेरित करता है और दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है, जैसे कि जहां संभव हो वहां निजी वाहन की बजाय साइकिल या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना, घर और कार्यालय में सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय विकल्पों को तवज्जो देना ,पेड़ लगाने वाली संस्थाओं को सहयोग देना या वृक्षारोपण करना और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी पुस्तकें पढ़ना और लेखों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने समेत कई कदम उठाये जा सकते हैं।



- **प्रत्येक व्यक्ति को दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनानी चाहिए**
- **ऊर्जा की बचत करना, पानी का संरक्षण करना, और कूड़ा-कचरा प्रबंधन करना चाहिए**

# खेल जगत

## खुशी है कि श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को उनके केंद्रीय अनुबंध वापस मिल गए हैं : रवि शास्त्री



**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां) भारत के पूर्व क्रिकेटर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि उन्हें खुशी है कि श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को हाल ही में पुरुषों की केंद्रीय अनुबंध सूची में फिर से शामिल किया गया है। अय्यर और किशन दोनों को घरेलू मैच नहीं खेलने के कारण वार्षिक रिटेनर के पिछले संस्करण में बाहर रखा गया था, लेकिन हाल ही में उन्हें 2024/25 सीजन के लिए सूची में वापस लाया गया। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू शो के नवीनतम एपिसोड में कहा, 'श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को फिर से टीम में देखना मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी, क्योंकि जो कुछ भी हुआ वह टीम प्रबंधन, बीसीसीआई और इसमें शामिल व्यक्तियों के बीच था। मुझे खुशी है कि संवाद हुआ, चीजें सुलझ गईं और उन्हें अपने अनुबंध वापस मिल गए।

# राजस्थान की कोशिश आरसीबी को हरा कर जीत की राह पर लौटने की

■ सत्येन्द्र पाल सिंह







■ आरसीबी मौजूदा सीजन में घर में पहली जीत को बेताब
■ रंग में है विराट, साल्ट व रजत के रूप में आरसीबी का शीर्ष क्रम
■ राजस्थान को जीतना है तो यशस्वी व वैभव को करनी होगी तेज शुरुआत

आईपीएल 2025

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। विराट कोहली अपने चिर परिचित अंदाज में फिनिशर की भूमिका निभाते हुए आठ मैचों में चार अर्द्धशतक सहित 322 रन बना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलौर (आरसीबी) को आठ में से पांच जीत जीत दिला तीसरे नंबर पर पहुंचा चुके हैं। आरसीबी ने राजस्थान रॉयल्स को पिछले मैच में उसके घर जयपुर में विराट कोहली और मैन ऑफ द' मैच फिल साल्ट के अर्द्धशतक तथा गेंदबाजी इकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत यशस्वी जायसवाल के 75 रन की तेज पारी के बावजूद नौ विकेट से करारी शिकस्त दी थी। एक दिलचस्प बात यह है कि आरसीबी अपने घर या कहिए की गढ़ बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने तीनों मैच हार चुकी है। राजस्थान रॉयल्स इसी का लाभ उठा आरसीबी को बेंगलुरू में बृहस्पतिवार को 2025 आईपीएल के रिटर्न क्रिकेट मैच में हरा कर जीत की राह पर वापस लौटने की कोशिश करेगी। आरसीबी ने राजस्थान रॉयल्स से अपने पिछले पांच में चार मैच जीते हैं और उसके खिलाफ दबदबे को बरकरार रखते हुए मौजूदा सीजन में अपने घर में पहली जीत दर्ज करने को बेताब होगी। राजस्थान रॉयल्स शुरू के लगातार दो मैच हारने के बाद अगले दो सीएसके से छह रन और पंजाब किंग्स से 50रन से जीतने के बाद अगले लगातार चार सहित आठ में छह मैच हार चार अंकों के साथ आठवें स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स अपने पिछले लगातार दो लगभग जीते मैच दिल्ली कैपिटल्स से सुपर ओवर और लखनउ सुपर जायंटस से दो रन से हार कर पस्त नजर आ रही है।

वहीं यशस्वी जायसवाल के आठ मैचों में चार अर्द्धशतक सहित 307 रन बनाने के बावजूद राजस्थान रॉयल्स बेहद करीबी मैच में अपने घर जयपुर में मिली हार पर कथित अनर्गल मैच फिक्सिंग के आरोप लगाने की ओछी हरकत तक की गई। आरसीबी के लिए उत्साह की बात सह है कि उसके धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली मौजूदा सीजन में अपने सलामी जोड़ीदार फिल साल्ट के साथ पूरे रंग में मैच के मिजाज के मुताबिक गियर बदल कर खेल रहे हैं। आरसीबी ने अपने घर बेंगलुरू में पंजाब किंग्स से बेहद कम स्कोर वाले बारिश से प्रभावित 14 -14 ओवर का मैच पांच विकेट से हारने के दो दिन उसे उसके घर मुल्लांपुर में नौ विकेट से हरा हिसाब चुकता कर अपनी लय फिर पाने के साथ उसे अंक तालिका में चौथे स्थान पर धकेल खुद तीसरा स्थान पा लिया। अब मौजूदा आईपीएल के अपना आधा सफर पूरा करने के बाद सबसे अहम बात है कि बराबर मैचों के बाद पिच के घिसने से इसके धीमे होने पर गेंद काफी घूम रही है और बड़ा बदलाव यह दिख रहा है खासतौर पर आखिर के मारधाड़ वाले ओवरों में कम रन बन रहे हैं। आरसीबी के लिए बाएं हाथ के अनुभवी स्पिनर क्रुणाल पांडया के साथ नौजवान लेग स्पिनर सुयश शर्मा खासे कारगर साबित हो सकते हैं।

आरसीबी के लिए अच्छी बात यह है कि चार अर्द्धशतक जड़ने वाले विराट कोहली के साथ उसके शीर्ष क्रम में दो दो अर्द्धशतक जड़ने वाले कप्तान रजत पाटीदार(कुल 221 रन) और फिल साल्ट (कुल 213 रन), देवदत्त पड्डीकल (7 मैच, एक अर्द्धशतक , 180 रन)एक अर्द्धशतक जड़ने वाले टिम डेविड (कुल 142 रन) रंग में हैं। राजस्थान रॉयल्स के लेग स्पिनर वनिंदु हसरंगा (6 मच, 9 विकेट), जोफ्रा आर्चर (8मैच, 8 विकेट), तुषार देशपांडे (7 मैच, 6 विकेट) ने विकेट जरूर चटकाए लेकिन इन सभी की गेंदबाजी में निरंतरता का अभाव दिखा है। राजस्थान रॉयल्स को चोट के चलते अपने नियमित कप्तान संजू सैमसन (7 मैच, एक अर्द्धशतक, 224 रन) अखर रहा है। राजस्थान को जीत की राह पर लौटना है तो बाएं हाथ के चार अर्द्धशतक जडलने वले यशस्वी जासवाल के साथ बल्लेबाजी की नई सनसनी वैभव सूर्यवंशी को उसे तेज शुरुआत दिलानी होगी ही साथ अब कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे रेयन पराग (212 रन) , एक अर्द्धशतक जड़ने वाले ध्रुव जुरैल (180 रन)। एक अर्द्धशतक जड़ने वाले शेमदान हेटमार (कुल 176 रन)को मैच को फिनिश करने का कौशल दिखाने की भी जरूरत होगी। आरसीबी के लिए जोश हेजलवुड (8 मैच, 12 विकेट), भुवनेश्वर कुमार (7 मैच, 8 विकेट) यश दयाल (8 मैव 7 विकेट) जैसे तेज गेंदबाजों की त्रिमूर्ति के साथ बाएं हाथ के स्पनिर क्रुणाल पांडया (8 मैच दस विकेट) व लेग स्पनिर सुयश शर्मा (7 मैच ,चार विकेट) ने गेंदबाजी इकाई के रूप में जिस तरह सधा प्रदर्शन किया है उसके चलते राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों के लिए बड़ा स्कोर बनाना खासा मुश्किल होगा।

### 'जरूरत पड़ती तो मैं तेज रन बना सकता हूं'

'हमारे लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ उसके घर में पिछला मैच जीतना बेहद अहम था। जब आप अपने अंकों की संख्या आठ से दस कर लेते हैं तो बहुत बड़ा फर्क पड़ता है। हमने बढ़िया ढंग से मैच बनाया और देवदत्त पड्डीकल और रजत ने मेरे साथ मिलकर बढ़िया बल्लेबाजी की। हमेशा ही एक ही तेज अंदाज में खेलने का लालच तो रहता ही है। शुरू के दो शुरू के दो मैचों से हमने सबक लिया और इससे पिछला मैच बारिश के कारण 14 -14 ओवरों का कर दिया था। हम जानते हैं कि टी 20 क्रिकेट में रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक भागीदारी ही पर्याप्त होती है। यदि जरूरत पड़ती तो मैं तेज रन बना सकता हूं। हमारे पास वैसी टीम है जैसी हम चाहते थे। आप देख भी सकते हैं कि हमारी टीम कितनी शिद्दत से खेल रही है।

-विराट कोहली, आरसीबी

### 'जीत का पूरा श्रेय गेंदबाजों को है'

जीत का पूरा श्रेय गेंदबाजों को है। देवदत्त पड्डीकल और विराट कोहली के साथ गेंदबाजों ने जिस तरह रणनीति को अमली जामा पहनाया वह शानदार था। गेंदबाजों को सीधा और साफ संदेश था कसी हुई गेंदबाजी करें। जिस तरह टीम में हर किसी ने प्रयास किया वह बढ़िया रहा है। सबसे पहले मुझे अपने बेंगलुरू के घरेलू मैदान पर टॉस जीतना होगा। हमने जो भी गलतियां की,उन्हें सुधारना होगा।

-रजत पाटीदार, आरसीबी कप्तान

### 'मुझे मैच खत्म कर लौटना चाहिए था'

'मुझे नहीं मालूम की हमने क्या गलत किया। हम 18वें और 19 वें ओवर तक मैच में थे। मैं नहीं जानता, मैं खुद को दोषी मानता हूं।

## श्रीलंका ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए अथापथु की अगुआई वाली टीम घोषित की





**कोलंबो,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। श्रीलंका ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए अपनी 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसकी कप्तानी अनुभवी ऑलराउंडर चामरी अथापथु करेंगी। यह श्रृंखला 27 अप्रैल से 11 मई तक कोलंबो में खेली जाएगी। श्रीलंका ने आखिरी बार इस साल की शुरुआत में वनडे श्रृंखला खेली थी - जहां उन्हें न्यूजीलैंड में 2-0 से वनडे श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड में उस दौरे के बाद से, श्रीलंका ने आगामी त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए अपनी टीम में आठ बदलाव किए हैं।

मध्यम गति की गेंदबाज मलकी मदारा को वनडे टीम में पहली बार शामिल किया गया है, जिन्होंने न्यूजीलैंड में टी20 सीरीज में पदार्पण करते हुए श्रीलंका को दौरे पर एकमात्र जीत दिलाने में मदद की थी। उन्होंने 3-14 के आंकड़े के साथ दौरे पर एकमात्र जीत हासिल की थी।

विशमी गुनारत्ने, नीलाक्षी सिल्वा, हसिनी परेरा, पियूमी वत्सला, देवमी विहंगा, इनोका राणावीरा और हंसिमा करुणारत्ने जैसी खिलाड़ी भी टीम में वापस आ गई हैं। त्रिकोणीय श्रृंखला में प्रत्येक टीम चार-चार मैच खेलेगी, जिसमें शीर्ष दो टीमें फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो 11 मई को खेला जाएगा। पूरी तरह से आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेली जाने वाली यह त्रिकोणीय श्रृंखला श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका और भारत को 2025 में होने वाले महिला वनडे विश्व कप के लिए महत्वपूर्ण तैयारी प्रदान करेगी, जिसकी मेजबानी भारत करेगा।

**श्रीलंका टीम:** चामरी अथापथु (कप्तान), विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, निलाक्षी सिल्वा, कविशा दिलहारी, अनुष्का संजीवनी, हसिनी परेरा, पियमी वत्सला, मनुदी नानायक्कारा, देवमी विहंगा, इनोका राणावीरा, इनोशी फर्नांडो, हंसिमा करुणारत्ने, रश्मिका सेववंडी, मलकी मदारा, सुगंधिका कुमारी, अचिनी कुलसुरिया


### महिला वनडे त्रिकोणीय सीरीज का शेड्यूल:

**पहला वनडे:** श्रीलंका बनाम भारत - 27 अप्रैल
**दूसरा वनडे:** भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका - 29 अप्रैल
**तीसरा वनडे:** श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीका - 2 मई
**चौथा वनडे:** श्रीलंका बनाम भारत - 4 मई
**5वां वनडे:** दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत - 7 मई
**छठा वनडे:** श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीका - 9 मई
**फ़ाइनल :** फैसला होना है- 11 मई

## डीएसए 'ए' डिवीजन लीग: शापूरजी के चार गोल, फ्रंटियर ने विक्ट्री को रौंदा

**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। जाहान शापूरजी की तिकड़ी सहित जमाए चार गोलों की मदद से फ्रंटियर फुटबाल क्लब ने विक्ट्री एफसी को 9- 0 से हरा कर डीएसए 'ए' डिवीजन लीग में दूसरी जीत दर्ज की। नेहरू स्टेडियम मैदान पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में फ्रंटियर ने स्कूली खिलाड़ियों से सजी विक्ट्री को शुरू से ही दबाव में रखा। फ्रोंटियर की जीत में सनी दहिया ने दो, भूपेंद्र, शोभित भंडारी और अक्षत तनेजा ने एक-एक गोल जमाए। दिन के पहले मुकाबले में पश्चिम हीरोज ने शक्ति एफसी को संजीत के एकमात्र गोल से परास्त किया। सुबह के सत्र में खेले गए रोमांचक मुकाबले में किम के शानदार गोल की मदद से गढ़वाल यूनाइटेड ने हॉप्स एफसी को हराकर डीएसए महिला प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किए। फ्रंटियर ने विक्ट्री पर जीत के साथ तीन मैचों में सात अंक बना लिए हैं और पश्चिम हीरोज ने शक्ति पर पहली जीत दर्ज कर तीन अंकों से खाता खोला। महिला प्रीमियर लीग में गढ़वाल यूनाइटेड और दिल्ली

## सीनियर खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए बेहतरीन तैयारी : तिलक वर्मा



**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस (एमआई) के बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शीर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के खिलाफ खेलना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में उनका सामना करने के लिए बेहतरीन तैयारी है। वर्मा ने जियोस्टार पर कहा, 'मैं 2022 में मुंबई इंडियंस में शामिल हुआ, इसलिए यह मेरा चौथा सीजन है।

मुझे कई सीनियर और घरेलू खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिला है। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। चूंकि आईपीएल में आप कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का सामना करते हैं, इसलिए जब आप अंततः अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हैं तो यह वास्तव में मदद करता है।' मुंबई इंडियंस का सामना हैदराबाद में एसआरएच से होगा, जो वर्मा का गृहनगर है, और उन्होंने बुधवार शाम को अपने घरेलू मैदान पर खेलने को लेकर उत्साह व्यक्त किया।

## अक्षर ने आगे बढ़कर अपनी टीम का नेतृत्व किया और प्रभाव छोड़ा : वॉटसन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन ने कहा कि वह इस बात से बहुत प्रभावित हैं कि अक्षर पटेल ने किस तरह से प्रभावशाली प्रदर्शन किया और अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) पर एक और शानदार जीत दिलाई। बीआरएसएबीवी एकाना स्टेडियम में, अक्षर ने अपने चार ओवर पहले ही फेंके, जिसमें उनके आंकड़े 0/29 थे। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उनका इकॉनमी रेट कुलदीप यादव से बेहतर था, जो आईपीएल 2025 में पहली बार विकेट से चूके। बल्लेबाजी में, अक्षर ने 20 गेंदों पर नाबाद 34 रन बनाकर फिनिशिंग टच दिया, क्योंकि डीसी ने 17.5 ओवर में 160 रनों का पीछा पूरा किया। इन सबका मतलब यह था कि अक्षर स्पष्ट रूप से अपने एलएसजी समकक्ष ऋषभ पंत की तुलना में बेहतर कप्तान थे, जो सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के बाद शून्य पर आउट हो गए।

## सार संक्षेप

### बजरंग पुनिया ने पहलगाम हमले में निर्दोष लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पुनिया ने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर मंगलवार को हुए आतंकी हमले पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि जो लोग शांति की तलाश में यात्रा कर रहे थे, वे दुखद रूप से मूर्खतापूर्ण और क्रूर हिंसा के शिकार हो गए। आतंकवादियों ने श्रीनगर से लगभग 30 मील दक्षिण-पूर्व में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम में स्थित एक सुंदर घास के मैदान बैसरन घाटी में पर्यटकों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 26 लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। पुनिया ने एक्स पर लिखा, 'कश्मीर घाटी के पहलगाम क्षेत्र में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।

### बीसीसीआई ने पहलगाम में हुए भयावह, कायराना कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा की

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले के बाद, जिसमें 26 लोग मारे गए और कई घायल हो गए, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने इस जघन्य और कायराना कृत्य की कड़ी निंदा की और साथ ही कहा कि शासी निकाय इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। सैकिया ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'पहलगाम में कल हुए भीषण आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की दुखद मौत से क्रिकेट समुदाय को गहरा सदमा लगा है और वह दुखी है। बीसीसीआई की ओर से, इस भयावह और कायराना कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए, मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना करता हूं।

### श्रीवत्स गोस्वामी ने बीसीसीआई से पाकिस्तान के साथ क्रिकेट संबंध खत्म करने का आग्रह किया

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने बीसीसीआई से पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ सभी क्रिकेट संबंध खत्म करने का आग्रह किया है। इस हमले में कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यह आतंकी हमला बैसरन घाटी में हुआ, जो श्रीनगर से लगभग 30 मील दक्षिण-पूर्व में स्थित एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम में स्थित एक सुंदर घास का मैदान है, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया।

## खालसा, रामजस और किरोड़ी मल कॉलेज पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल में जीते





**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। पीएसपीबी चौथे बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन पुरुष वर्ग में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, रामजस कॉलेज, किरोड़ी मल कॉलेज और खालसा कॉलेज एलुमनी ने जीत दर्ज की। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने दयाल सिंह कॉलेज को 74-59 से हराया और विजयी टीम के साहिल माथुर प्लेयर ऑफ द मैच बने। रामजस कॉलेज ने भीम राव आंबेडकर कॉलेज को 76-59 से हराया और रामजस कॉलेज के आयुष प्लेयर ऑफ द मैच बने। किरोड़ी मल कॉलेज ने भारत अकादमी को 64-48 से हराया और प्लेयर ऑफ द मैच किरोड़ी मल कॉलेज के दक्ष चौधरी बने। एसजीटीबी खालसा कॉलेज एलुमनी ने हंसराज कॉलेज को 66-64 से हराया। प्लेयर ऑफ द मैच विजयी टीम के देशमुख माथुर को मिला। महिला वर्ग में लेडी श्री राम कॉलेज ने गार्गी कॉलेज को 45-41 से हराया और प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड लेडी श्रीराम कॉलेज की विपासना को मिला।

## ऐतिहासिक दिल्ली गोल्फ क्लब 40 लाख अमरीकी डॉलर के नए गोल्फ टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली**, 23 अप्रैल (एजेंसियां)। वैश्विक गोल्फिंग मानचित्र पर भारत की उपस्थिति को एक नए 4 मिलियन अमरीकी डॉलर के टूर्नामेंट की घोषणा के साथ एक बड़ा बढ़ावा मिलने वाला है, जो देश में किसी पेशेवर गोल्फ इवेंट के लिए अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि है। प्रतिष्ठित दिल्ली गोल्फ क्लब में 16-19 अक्टूबर तक आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय टूर और घरेलू पेशेवर गोल्फ सर्किट, डीपी वर्ल्ड टूर द्वारा सह-स्वीकृत है, और 2025 रेस टू दुबई कैलेंडर के अंतिम चरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह नई चैंपियनशिप न केवल एक उभरते हुए गोल्फिंग गंतव्य के रूप में बल्कि एक गंभीर खेल बाजार के रूप में भी भारत के बढ़ते महत्व को दर्शाती है। यह इस साल के हीरो इंडियन ओपन की सफलता के बाद हुआ है और शीर्ष स्तरीय गोल्फ इवेंट की मेजबानी में क्षेत्र की गति को मजबूत करता है। यह आयोजन वैश्विक दौरे के लिए दिल्ली गोल्फ क्लब में पुरानी यादों को ताजा करने वाला कार्यक्रम भी है, जहां आखिरी आयोजन 2016 में हुआ था। मूल रूप से 1930 के दशक में स्थापित, ऐतिहासिक लोधी कोर्स, जो 1964 में पहले इंडियन ओपन का घर था।

## पंत फिनिशर के रोल में फिट नहीं: पुजारा



**नई दिल्ली,** 23 अप्रैल (एजेंसियां)। सीनियर बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि ऋषभ पंत को ऊपरी क्रम पर आकर बल्लेबाजी करनी चाहिए। आईपीएल 2025 में पंत की फॉर्म बहुत अच्छी नहीं चल रही है। पंत आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। पुजारा ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो पर बात करते हुए कहा, मुझे नहीं पता पंत के बैटिंग ऑर्डर को क्या सोच प्रक्रिया रही है। इसमें कोई शक नहीं कि उनको ऊपर आकर बैटिंग करनी चाहिए। वह धोनी की तरह बैटिंग करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दोनों की उम्र में बहुत फर्क है। मुझे अभी भी लगता है कि उन्हें छह से 15 ओवर के बीच में बैटिंग करनी चाहिए। पंत को फिनिशर की भूमिका नहीं अपनानी चाहिए क्योंकि वह इस रोल में फिट नहीं हैं।

वहीं, इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज निक नाइट ने कहा कि वह पंत के नंबर सात पर आने के कारण को समझते हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे बडोनी के चार या पांच नंबर पर बल्लेबाजी करने से कोई खास दिक्कत नहीं है। मुझे इसमें कुछ तर्क दिखता है, क्योंकि मुझे लगता है कि वह अच्छा खेल रहा है, और मुझे लगता है कि ऋषभ पंत की तुलना में उसके रन बनाने की संभावना ज्यादा है। यहीं समस्या है। शायद आप समद के बारे में भी यही कह सकते हैं, उसके भी ऋषभ पंत से ज्यादा रन बनाने की संभावना है। डेविड मिलर के बारे में भी आप यही कह सकते हैं। जब आप फैसले लेने के तरीके को देखते हैं, तो शायद तर्क के हिसाब से यह कुछ हद तक सही लगता है। लेकिन मुझे यह सब ठीक नहीं लगा।'

पूर्व बाएं के हाथ के बल्लेबाज नाइट ने आगे कहा, 'आपका कप्तान है, जो बल्लेबाजी क्रम में नीचे जा रहा है, जबकि आपको वास्तव में उससे आगे बढ़ने की जरूरत है। वह वो व्यक्ति है जो आपकी टीम के सामने खड़ा होकर बात करेगा, वह आपको मैदान पर ले जा रहा है। वह आपका लीडर है, और यह अच्छा नहीं लगता जब लीडर पीछे हट रहा हो।' आईपीएल 2025 में, पंत ने नौ पारियों में केवल 106 रन बनाए हैं, जिसमें उनका औसत 13.25 और स्ट्राइक रेट 96.36 का रहा है।

## अस्मिता सब-जूनियर हॉकी लीग से एनसीओई के लिए चयनित 15 खिलाड़ियों में मिजोरम की 5 लड़कियां शामिल





नई दिल्ली, 23 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) में शामिल होने के लिए चुनी गई 15 हॉकी खिलाड़ियों में मिजोरम की पांच अंडर-16 लड़कियां शामिल हैं। भारत में महिला हॉकी के निर्माण खंड के रूप में देखी जाने वाली इन लड़कियों को अस्मिता लीग मैचों के 2024-25 सत्र के समापन के बाद चुना गया है। एनसीओई में प्रशिक्षण के लिए चुने गए 15 खिलाड़ियों में हरियाणा की तीन और झारखंड और ओडिशा की दो-

अस्मिता सब-जूनियर हॉकी लीग

दो खिलाड़ी शामिल हैं, इसके अलावा आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश की लड़कियां भी शामिल हैं। साई और खेलो इंडिया के लिए हॉकी के हाई परफार्मेंस निदेशक पीयूष दुबे ने कहा कि इन लड़कियों को भविष्य के ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए चुना गया है। हमें एक रास्ता सोचना होगा और इन लड़कियों में सीनियर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि सुनीलिता टोप्पो, सुजाता कुजूर और साक्षी राणा जैसे कई खिलाड़ी इस हॉकी लीग से उभरे हैं और अब भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अस्मिता सब-जूनियर हॉकी लीग के अंतिम चरण में 120 अंडर-16 खिलाड़ियों वाली छह टीमों ने हिस्सा लिया। 15.5 लाख रुपए की इनामी राशि वाली इस प्रतियोगिता में कुल 17 मैच खेले गए।


| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.104 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.657 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.472 |
| 4- | पंजाब किंग्स | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.177 |
| 5- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.054 |
| 6- | मुंबई इंडियंस | 8 | 4 | 4 | 8 | +0. 483 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 8 | 3 | 5 | 6 | +0.212 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.633 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.217 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.392 |

| SENSEX | BSE | 80116.49 ▲ 520.90 | NSE | 24328.95 ▲ 161.70 | MCX | Gold 94580 ▼ 2760 | silver 96400 ▲ 521 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|



## ग्लोबल एजेंसियों ने भारत का जीडीपी अनुमान घटाया

**नई दिल्ली।** ग्लोबल एजेंसियों ने चालू वित वर्ष के लिए भारत के विकास अनुमानों में 0.5 प्रतिशत तक की कटौती की है, हालांकि साथ में यह भी कहा है कि देश सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। पीटीआई की खबर के मुताबिक, तमाम रेटिंग एजेंसियों ने वित वर्ष 2026 के लिए अपने अनुमान में कहा है कि भारत 6.2 प्रतिशत से लेकर 6.7 प्रतिशत तक की विकास दर से आगे बढ़ेगा। यह अनुमान अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मंदी में फंसने, चीन की वृद्धि को भारी झटका लगने और वैश्विक स्तर पर देशों की आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती आने की संभावना के बावजूद यह बात कही है।



# आतंकी हमले ने छीनी कश्मीर की मुस्कान, टूरिज्म और रोजगार पर मंडराया भारी संकट

*नई दिल्ली। एक बार फिर आतंकवाद ने कश्मीर की वादियों को दहला दिया है। पहलगाम में सैलानियों पर हुए ताज़ा आतंकी हमले ने न केवल मासूम पर्यटकों की जान ली, बल्कि कश्मीर की सांस्कृतिक विरासत और अर्थव्यवस्था को भी गहरा झटका दिया है। यह हमला सिर्फ इंसानों पर नहीं, बल्कि लाखों कश्मीरियों की रोजी-रोटी पर सीधा वार है।*



**पर्यटन से चलती है कश्मीर की अर्थव्यवस्था-** हर साल करोड़ों सैलानी टूरिस्ट श्रीनगर घूमने के लिए जाते हैं। इन टूरिस्ट से श्रीनगर और कश्मीर की कमाई होती है क्योंकि यही टूरिज्म उनके कमाई का जरिया है। कश्मीर की करीब 12,000 करोड़ रुपए की टूरिज्म इंडस्ट्री, राज्य की जीडीपी में लगभग 7-8 प्रतिशत का योगदान देती है। सरकार को उम्मीद थी कि 2030 तक ये आंकड़ा 25,000 करोड़ रुपए को पार कर जाएगा लेकिन इस आतंकी वारदात ने इस विकास की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है।

**लाखों पर्यटक अब डर के साये में-** साल 2024 में कश्मीर में 2.36 करोड़ टूरिस्ट आए थे, जिनमें 65,000 विदेशी पर्यटक शामिल थे। सिर्फ गुलमर्ग ने 103 करोड़ रुपए का राजस्व कमाया। अब डल झील, सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम जैसे हॉटस्पॉट सन्नाटे में डूब गए हैं।


**शूटिंग और वेडिंग डेस्टिनेशन भी प्रभावित-** कश्मीर हाल ही में बॉलीवुड, ओटीटी प्रोजेक्ट्स और डेस्टिनेशन वेडिंग्स के लिए भी लोकप्रिय बना था। लेकिन अब कई फिल्म यूनिट्स और आयोजक अपने प्लान्स को रोक रहे हैं।

**केंद्र की योजनाओं को झटका-** सरकार ने कश्मीर में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 1000 करोड़ रुपए की योजना, वंदे भारत ट्रेन और ऑन-अराइवल वीज़ा जैसी योजनाएं शुरू की थीं। 75 नए टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित किए जा रहे थे लेकिन एक आतंकी हमले ने इन सभी प्रयासों की गति को धीमा कर दिया है।

### 2.5 लाख लोगों की रोज़ी पर संकट

पर्यटन से जुड़े होटल, हाउस बोट, टैक्सी, गाइड और हस्तशिल्प जैसी सेवाओं से करीब 2.5 लाख लोग रोजगार पाते हैं। डल झील की 1500 हाउस बोट, हजारों होटल और टैक्सी सर्विसेस इस हमले के बाद वीरान हो गई हैं। बुकिंग्स में भारी संख्या में कैंसिलेशन देखे जा रहे हैं।

# कश्मीर से लौटने वाले सैलानियों से ज्यादा किराया न वसूलें एयरलाइन कंपनियां



डीजीसीए ने कम्पनियों को दिए निर्देश

*नई दिल्ली। एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए ने बुधवार को देश की तमाम एयरलाइन कंपनियों से श्रीनगर से फ्लाइट्स की संख्या बढ़ाने के लिए कहा है, ताकि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पर्यटकों की वापसी जल्दी और आसान हो सके। इसके अलावा, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन कंपनियों से श्रीनगर के लिए फ्लाइट टिकटों के लिए कैंसिलेशन और रीशेड्यूलिंग फीस माफ करने पर भी विचार करने के लिए कहा है।*

आतंकवादियों ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में एक प्रमुख पर्यटक स्थल पर हमला कर दिया था। दोपहर को हुए इस हमले में 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

**देश के सभी कनेक्टेड डेस्टिनेशन के लिए फ्लाइट बढ़ाने के निर्देश-** मंगलवार को आतंकी हमले में मारे गए लोगों में ज्यादातर दूसरे राज्यों से आए सैलानी थे। डीजीसीए ने बुधवार को एक एडवायजरी जारी करते हुए कहा कि पहलगाम में हुए हमले के बाद, वापस अपने घर लौटने के इच्छुक पर्यटकों की ओर से डिमांड अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई है। विमानन नियामक ने कहा, इस मामले में, एयरलाइन कंपनियों को सलाह दी जाती है कि वे बढ़ती मांग के जवाब में फ्लाइट्स की संख्या बढ़ाने के लिए जल्द से जल्द कार्रवाई करें और इसके साथ ही श्रीनगर से देशभर के अलग-अलग के डेस्टिनेशन तक निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करें, ताकि फंसे हुए पर्यटकों को निकालने में सुविधा हो।

**फ्लाइट टिकट का किराया न बढ़ाएं एयरलाइन कंपनियां-** डीजीसीए ने कहा कि एयरलाइन कंपनियों को इस कठिन समय में अप्रत्याशित परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना कर रहे पर्यटकों को सभी जरूरी मदद प्रदान करने के लिए भी कहा गया है। बताते चलें कि टाटा ग्रुप की एयर इंडिया और इंडिगो बुधवार को श्रीनगर से देश के अलग-अलग हिस्सों के लिए एक्स्ट्रा फ्लाइट्स ऑपरेट कर रही हैं। इसी बीच, नागर विमानन मंत्रालय ने एयरलाइन कंपनियों से ये सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि श्रीनगर रूट पर फ्लाइट टिकट के किराये में कोई बढ़ोतरी न की जाए। उनके गृह राज्यों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकारों और स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हुए पूरा सहयोग करें।

**एयरलाइन पूरा पैसा कर रहे रिफंड-** बयान में कहा गया है कि मंत्रालय पूरी तरह सतर्क है और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। एयर इंडिया श्रीनगर से दिल्ली के लिए सुबह 11.30 बजे तथा श्रीनगर से मुंबई के लिए दोपहल 12.00 बजे उड़ान संचालित करेगी। एयर इंडिया दिल्ली और मुंबई से श्रीनगर के लिए प्रतिदिन पांच उड़ानें संचालित करती है। एयरलाइन इन क्षेत्रों पर 30 अप्रैल तक 'कन्फर्म बुकिंग' वाले यात्रियों को नि:शुल्क रिशेड्यूलिंग और कैंसलेशन पर पूरा रुपया वापस करने की पेशकश भी कर रही है।

# सेंसेक्स फिर 80 हजार के पार

*मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार में लगातार 7वें दिन शानदार तेजी देखने को मिल रही है। लंब समय के बाद बीएसई सेंसेक्स 80 हजार के पार निकल गया है। सेंसेक्स 546.50 अंक उछलकर 80,142.09 पर खुला है।*



वहीं, एनएसई निफ्टी 190.35 अंकों की तेजी के साथ 24,357.60 अंक पर खुला है। आपको बता दें कि स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला मंगलवार को लगातार छठे कारोबारी दिन जारी रहा था। विदेशी संस्थागत निवेशकों के की खरीदारी और बैंक तथा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों शेयरों में तेजी से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 187.09 अंक की बढ़त के साथ 79,595.59 अंक पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 41.70 अंक की बढ़त के साथ 24,167.25 अंक पर बंद हुआ था। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में जोरदार उछाल आया। नैस्डैक कंपोजिट में 2.71 प्रतिशत की तेजी आई, डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 2.66 प्रतिशत की उछाल आई और एसएंडपी 500 में 2.51 प्रतिशत की तेजी आई।

# रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आया सोना, चांदी भी पड़ी नरम

*नई दिल्ली। लगातार दो दिन रिकॉर्ड बनाने के बाद बुधवार (23 अप्रैल) को सोने का भाव ग्लोबल व डोमेस्टिक दोनों मार्केट में नरम पड़ गए। सोने-चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोने के भाव मंगलवार को ग्लोबल मार्केट में 3,509.90 डॉलर के भाव पर नए रिकॉर्ड पर पहुंच थे, घरेलू बाजार में भी सोने के वायदा भाव ने 99,358 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव में भी दोनों बाजार में आज नरमी देखने को मिल रही है।*



**सोने के वायदा भाव नरम-** सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट आज 840 रुपये की गिरावट के साथ 96,500 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 97,340 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 1,435 रुपये की गिरावट के साथ 95,905 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 96,500 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 95,457 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने मंगलवार को 99,358 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

**चांदी भी फिसली-** चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रैक्ट आज 450 रुपये की नरमी के साथ 95,429 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 95,879 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 428 रुपये की गिरावट के साथ 95,451 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 95,549 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 95,425 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,01,999 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना-चांदी नरम पड़े-** अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,367.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 3,419.40 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 36.30 डॉलर की गिरावट के साथ 3,383.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने मंगलवार को 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.45 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 32.90 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.11 डॉलर की गिरावट के साथ 32.79 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 42 |
| एक यूरो | 97. 06 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 113. 89 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 66 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 112 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-138 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)


### सराफा बाजार


**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 97600 चांदी -99900

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 97600 चांदी -99900


### दाल- चावल भाव


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338


**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एक्स्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

# सरकार ने 13.22 लाख टन अरहर की खरीदी को मंजूरी दी

*नई दिल्ली। उत्पादक राज्यों में अरहर की सरकारी खरीद जारी है। इसकी खरीद लक्ष्य के 30 फीसदी के करीब पहुंच गई है। केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश में अरहर खरीदने की समय सीमा भी बढ़ा दी है। केंद्र सरकार ने दालों के घरेलू उत्पादन बढ़ाने, किसानों को प्रोत्साहित करने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए खरीद वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के उत्पादन के 100 फीसदी के बराबर मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत अरहर, उड़द और मसूर की खरीद को मंजूरी दी है।*



देश में वर्ष 2024-25 में अरहर का उत्पादन 35.11 लाख टन होने का अनुमान है, जबकि वर्ष 2023-24 में यह 33.85 लाख टन था। 2024-25 में मसूर का उत्पादन 18.17 लाख टन और चना का उत्पादन 115.35 लाख टन रहने का अनुमान है।

**अब तक कितनी हुई अरहर की सरकारी खरीद?-** केंद्र सरकार ने पिछले महीने 13.22 लाख टन अरहर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के तहत खरीदने को मंजूरी दी थी। आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में नैफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से एमएसपी पर अरहर की खरीद जारी है। खरीद वर्ष 2024-25 में 22 अप्रैल तक इन राज्यों में कुल 3.92 लाख मीट्रिक टन अरहर की खरीद की जा चुकी है। जिससे इन राज्यों के 2,56,517 किसान लाभान्वित हुए हैं। तुअर की खरीद नैफेड के ई-समृद्धि पोर्टल और एनसीसीएफ के ई-संयुक्ति पोर्टल पर पूर्व पंजीकृत किसानों से की जाती है। सरकार ने अरहर के अलावा 9.40 लाख टन मसूर और 1.35 लाख टन उड़द की सरकारी खरीद को भी मंजूरी दी है।

**आंध्र प्रदेश में अरहर खरीद की अवधि बढ़ी-** केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश के अरहर किसानों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने किसानों के हित में आंध्र प्रदेश में खरीद अवधि 30 दिन और बढ़ा दी है। अब आंध्र प्रदेश में अरहर की खरीद 22 मई तक की जा सकेगी। इससे पहले सरकार ने कर्नाटक में अरहर की खरीद अवधि 30 दिन बढ़ाकर एक मई तक कर दी थी। केंद्र सरकार ने बजट 2025 में घोषणा की थी कि देश में दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसियों नैफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से 2028-29 तक अगले चार वर्षों के लिए राज्य के उत्पादन का 100 फीसदी अरहर, उड़द और मसूर की खरीद की जाएगी।

# लॉ प्रेप ट्यूटोरियल का पहला ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

*जबलपुर। इंडिया में वर्ष 2001 से कानून के विद्यार्थियों को अध्ययन में सहायता करने के लिए और भविष्य में आधार दिखाने के लिए लॉ प्रेप ट्यूटोरियल कार्यरत है।*



जबलपुर में स्थिति लॉ प्रेप ट्यूटोरियल द्वारा पिछले 3 वर्षों से क्लैट (सीएलएटी) की तैयारी कराई जा रही है जिसमें अनेकों छात्रों ने इसका उपयोग किया है और बहुत से छात्रों को अपने सपने को साकार करने के लिए एन एल यू में एडमिशन प्राप्त करने में मदद की है । लॉ प्रेप ट्यूटोरियल जबलपुर का आज पहला ओरिएंटेशन प्रोग्राम है। लॉ प्रेप ट्यूटोरियल के संस्थापक डॉ. ऐश्वर्य शर्मा द्वारा बताया गया की पुनः 27 अप्रैल को ओरिएंटेशन का प्रोग्राम रखा जाएगा। इसमें बताया कि क्लैट (कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट) एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है जो भारत भर के विभिन्न राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों (एनएलयू) में स्नातक और स्नातकोत्तर विधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

### लोहा भाव


**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070


भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# अब घड़ी, चश्मा, बैग या जूते खरीदना पड़ेगा महंगा, लागू हुआ नया नियम

*नई दिल्ली। अब अगर आप महंगी कलाई घड़ी, लग्जरी बैग, जूते या चश्मा खरीदने का सोच रहे हैं, तो आपको थोड़ा और खर्च करना पड़ सकता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड सीबीडीटी ने एक नई सूची जारी की है, जिसमें कई लग्जरी उत्पादों को शामिल किया गया है और इनकी खरीद पर 1 प्रतिशत स्रोत पर कर टीसीएस वसूला जाएगा। यह नया नियम 22 अप्रैल 2025 से प्रभावी हो चुका है।*




**किन चीज़ों पर लगेगा टीसीएस -** कितने खर्च पर लगेगा टैक्स- सीबीडीटी ने नोटिफिकेशन जारी कर बताया है कि यदि सामान खरीदने पर खर्च की गई राशि 10 लाख रुपए से अधिक है, तभी इस पर टीसीएस लगाया जाएगा। इसका मतलब है कि अगर आप 10 लाख रुपए कीमत वाली ओमेगा घड़ी खरीदते हैं तो दुकानदार ग्राहक से 1 फीसदी टीसीएस वसूल करेगा। इसी तरह, यदि आप एक होम थिएटर सिस्टम खरीदते हैं जिसकी कीमत 10 लाख रुपए से अधिक है तो भी विक्रेता आपसे टैक्स वसूल करेगा।

**टीसीएस का लाभ कैसे उठाएं जानिए प्रक्रिया-** सीबीडीटी ने अपने नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया है कि जब ग्राहक लग्जरी आइटम की खरीद पर टीसीएस का भुगतान करता है, तो विक्रेता की जिम्मेदारी होती है कि वह यह टैक्स ग्राहक के पेन नंबर से लिंक कर के जमा करे। इसके बाद ग्राहक इस टीसीएस को अपनी इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करते समय टैक्स क्रेडिट के रूप में क्लेम कर सकता है। यह प्रक्रिया ठीक उसी तरह है जैसे नियोक्ता वेतन से टीडीएस काटकर कर्मचारी के पेन पर जमा करता है। यदि किसी खरीदार की कुल टैक्स देनदारी टीसीएस से कम हो, तो वह अपनी आईटीआर में रिफंड का दावा कर सकता है। हालांकि, इसके लिए जरूरी है कि खरीदार विक्रेता से टीसीएस प्रमाण पत्र जरूर प्राप्त करे, जिससे टैक्स कटौती का प्रमाण मिल सके।

### सीबीडीटी की ओर से जारी की गई सूची में निम्न लग्जरी वस्तुएं शामिल हैं

लग्जरी घड़ियां, एंटीक आर्ट जैसे पेंटिंग्स और मूर्तियां, संग्रहणीय चीजें जैसे सिक्के और डाक टिकट, यॉट्स, रोइंग बोट्स, कैनो और हेलीकॉप्टर, लग्जरी धूप का चश्मा महंगे हैंडबैग, पर्स, ब्रांडेड और लग्जरी जूते, स्पोर्ट्स आइटम जैसे गोल्फ किट, स्की वियर, होम थिएटर सिस्टम,पोलो या रेस क्लब के लिए घोड़े।


देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# रादुविवि के एमएससी के 200 विद्यार्थी अनुतीर्ण!

## परिणाम जारी करने में लापरवाही का आरोप



**जबलपुर, देशबन्धु।** अपने कारनामों की वजह से लगभग पूरे प्रदेश में कुख्यात हो चुकी रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) प्रबंधन एक बार फिर सुर्खियों में हैं।

कभी परीक्षा की निर्धारित तिथी में परीक्षा लेना भूलने, कभी परीक्षा लेने में देरी तो कभी निर्धारित तिथी पर देरी से प्रश्न पत्र वितरण की वजह से अक्सर सुर्खियां बटोरने वाले रादुविवि प्रबंधन इस बार एक साथ थोक के भाव विद्यार्थियों को अनुतीर्ण किए जाने से चर्चाओं में हैं। बताया जा रहा हैं कि एमएससी केमिस्ट्री विषय के तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों ने विद्यार्थियों के पैरों तले जमीन खिसका दी। एक दो नहीं बल्कि एक साथ करीब 200 विद्यार्थी परीक्षा में अनुतीर्ण हो गए हैं।

### एजेंसी पर फोड़ा जा रहा ठीकरा

रादुविवि के इस परीक्षा परिणाम को लेकर एजेंसी पर ठीकरा फोड़ा जा रहा हैं। बताया जा रहा हैं कि एजेंसी की गलती से इस तरह के परिणाम सामने आए। रादुविवि सूत्रों के अनुसार परीक्षा परिणाम तैयार करने की जिम्मेदारी जिस एजेंसी को दी गई थी, उससे बड़ी गलती हो गई एजेंसी ने कथित तौर पर छात्रों की अंकसूची में नंबरों का हेरफेर कर दिया जिसके कारण आधे से ज्यादा विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हो गए। छात्रों ने इस गड़बड़ी की शिकायत रादुविवि प्रशासन तक पहुंचाई, जिसके बाद प्रबंधन के साथ परीक्षा एवं गोपनीय शाखा में हड़कंप का माहौल हैं।

### 4 सौ से अधिक परीक्षार्थी प्रभावित

बताया जा रहा हैं कि कथित तौर पर एजेंसी या फिर रादुविवि की गोपनीय शाखा की इस चूक से करीब 400 से अधिक विद्यार्थी प्रभावित हुए हैं। रादुविवि प्रबंधन ने अपने स्तर पर जांच कराई गई तो सामने आया कि एजेंसी ने परीक्षा परिणामों में भारी चूक की थी। बताया गया कि प्रैक्टिकल परीक्षा के अंकों की जगह सीसीई के नंबर जोड़ दिए गए, इसके कारण कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर जैसे क्षेत्रों के कई कॉलेजों के छात्र अनुतीर्ण घोषित कर दिए गए।

### दोबारा जारी किया जाएगा परीक्षा परिणाम

रिजल्ट में हुई गड़बड़ी सामने आने के बाद रादुविवि प्रशासन ने आनन-फानन में परिणाम में सुधार किया हैं। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि मिश्रा ने बताया कि परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी थी जिसे संशोधित कर दोबारा जारी किया जा रहा हैं।

# रजिस्टर में हस्ताक्षर कर स्कूलों से गायब हो रहे मासाब!

## सहायक संचालक के निरीक्षण में हकीकत आई सामने

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के शहरी और मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों के शिक्षक इन दिनों स्कूल पहुंच तो रहे है लेकिन सिर्फ उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर करने। विभागीय सूत्रों की मानें तो मुख्य रूप से अधिकांश ग्रामीण स्कूलों के शिक्षक सिर्फ उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर कर स्कूल से गायब हो जाते हैं। हालहीं में एक सहायक संचालक द्वारा पड़वार क्षेत्र के स्कूल के निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई।

शिक्षा विभाग के सूत्रों की मानें तो शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि स्कूलों में शिक्षक समय पर उपस्थित हों और अपने कार्यों का निर्वहन करें। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के स्कूलों में निरीक्षण कर इस शिक्षा कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार से कोताही न हो इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। इसके बावजूद शिक्षकों का इस तरह सिर्फ हस्ताक्षर कर स्कूलों से नदारद हो जाना कहीं न कहीं शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहा हैं।

### इसलिए नहीं सुधर रहा शिक्षा का स्तर

एक तरफ शासन के निर्देश हैं दूसरे तरफ जिले के वरिष्ठ अधिकारियों का निरीक्षण चल रहा हैं इसके बावजूद कुछ शिक्षक निडर होकर घरों में आराम फरमा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार रजिस्टरों में हस्ताक्षर के बाद अधिकांश शिक्षक घर लौट जाते हैं। शिक्षा विभाग के स्पष्ट निर्देश थे कि अप्रैल माह में सभी शिक्षकों को स्कूलों में मौजूद रहना था लेकिन अपनी मनमर्जी से कार्य कर रहे शिक्षकों की गैर मौजूदगी का असर कहीं न कहीं शैक्षणिक स्तर पर पड़ रहा हैं।

### पड़वार स्कूल का मामला

बताया जा रहा हैं हालहीं में सहायक संचालक अतुल चौधरी द्वारा मझौली विकास खंड के स्कूलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शा उमावि बरगी बरखेड़ा के सत्य नारायण मिश्रा एवं एक शिक्षिका अनुपस्थित पाए गए। सिर्फ यहीं नहीं एकीकृत शा माध्य शाला दर्शनी की माध्यमिक शाला के राजेंद्र दुबे सुबह सवा 9 बजे शाला में अनुपस्थित पाए गए जबकि शाला का समय 12 बजे तक है। शा हाई स्कूल पड़वार के तो प्राचार्य महेंद्र तिवारी स्कूल में हस्ताक्षर करने के बाद सुबह साढ़े 10 बजे घर चले गए तथा निरीक्षण के समय 11 बजे अनुपस्थित पाए गए। धनगवा पड़वार के निरीक्षण में पूरी शाला बंद पायी गयी एवं कोई भी शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित नहीं मिला। एकीकृत हा मा शाला बैहर कला के निरीक्षण में प्राथमिक शिक्षक गजेंद्र प्रसाद बाजपेयी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए। एकीकृत मा शाला जोली के निरीक्षण में शाला बंद पायी गयी एवं भी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित नहीं पाए। एकीकृत शाला पौड़ा के निरीक्षण में शाला में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं था एवं सभी कमरों में ताले लगे पाए गए। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक अतुल चौधरी ने बताया कि निरीक्षण में पायी अनियमितताओं पर सभी संबंधित को कारण बताओ पत्र जारी कर जवाब माँगा गया है, संतोषजनक उत्तर मिलने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु वरिष्ठ कार्यालय को नाम प्रस्तावित किए जाएंगे।

# शहडोल में प्रेमिका ने की लिव इन पार्टनर की गला घोंट कर हत्या

## प्रेमिका को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**शहडोल, देशबन्धु।** सोशल मीडिया के माध्यम से शुरू हुई एक प्रेम कहानी का अंत हत्या से हुआ है, जिसमें प्रेमिका ने ही अपने प्रेमी की गला घोंटकर हत्या की है।

जिले के धनपुरी थाना क्षेत्र की संग्राम सिंह सफाई में निवासी राधा बाई (28) ने अपने प्रेमी सुरेश कुमार (32) के की हत्या किया है। पुलिस के अनुसार कुछ समय से राधा और सुरेश लिव-इन रिलेशनशिप में रहे थे।

उनकी मुलाकात दो-तीस साल पहले फेसबुक के माध्यम से हुई थी। दोनों के बीच ऑनलाइन बातचीत शुरु हुई, जो धीरे-धीरे दोस्ती होने के बाद प्रेम संबंध में बदल गई। उसके बाद दोनों ने साथ रहने का फैसला किया।

यह घटना बीती रात की है, जिसकी जानकारी दूसरे दिन पुलिस को लगी है। धनपुरी थाना प्रभारी खेम सिंह पेंद्रो ने बताया कि आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

घटना वाली रात सुरेश कुमार ने राधिका से शराब पीने के लिए दो बार रुपए मांगे थे। वह शराब पीकर सोने के लिए चला गया। उसके बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। राधा ने गुस्से में सुरेश का गला घोंट दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस आई। शव का पोस्टमॉर्टम कराने के साथ आरोपी राधा को धनपुरी हिरासत ले लिया है।

# आतंकी हमले में पीड़ित महिला के खिलाफ सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी

## पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जबलपुर, देशबन्धु।** जम्मू-कश्मीर में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृत व्यक्ति के प्रति देशवासी श्रद्धांजलि तथा उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे है। आतंकी हमला के कारण पूरे देश में जन आक्रोश व्याप्त है। सोशल मीडिया ने आतंकी हमले में पीड्ति महिला के खिलाफ एक युवक ने द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। आपत्तिजनक टिप्पणी से लोग की जनभावना आहात हुई और शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

गौरतलब है कि गत दिवस जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला कर पर्यटकों की निर्यदता पूर्वक हत्या किये जाने की घटना से पूरे देश में आक्रोष व्याप्त है। देशवासी घटना की निंदा करते हुये मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि एवं उनके परिजनों के लिये संवेदना व्यक्त कर रहे है। इस संवेदनषीन मुद्दे पर पुलिस सोशल मीडिया सेल घटना के संबंध में पोस्ट एवं कमेण्ट्स की लगातार मॉनीटरिंग कर रही थी। संवेदनशील मुद्दे पर मोहम्मद ओसाफ के द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर संवेदनशील मुद्दे पर जन भावनाओं को भड़काने हुए घटना में पीडित महिला पर आपत्तिजन एवं अषोभनीय पोस्ट की गयी।

सीएसपी गोहलपुर सुनील नेमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोषल मीडिया में पोस्ट पढने के बाद पोस्ट को प?ने के बाद आमजन की मानवीय संवेदना को गहरा आघात पहुॅचा। पोस्ट से लोगों में जन आक्रोश भी भडक गया। हनुमानताल पुलिस ने अभय श्रीवास्तव उम्र 32 वर्ष निवासी सिंधी केम्प की शिकायत पर आईडी धारक ओसाफ खान धारा 196(1) तथा 170 के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेष किया। न्यायालय के आदेष पर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# आग उगल रही धूप, 12 घंटे तपन का एहसास

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में इस साल गर्मी की तपन ने अब दिन का सामान्य जन जीवन प्रभावित करना शुरू कर दिया है। जबलपुर में 23 अप्रेल को 41.2 जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। बीते दिनों से पारा चालीस डिग्री के उपर दर्ज किया जा रहा है। इसी से समझा जा सकता है कि सूर्य देव की प्रचंडता अब धीरे-धीरे सहन शक्ति से बाहर होती जा रही है।

### सामान्य जन जीवन होने लगा प्रभावित

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अभी सुबह सात बजने के साथ ही धूप तेज होने लगती है। आसमान से आग उगलती सूर्य की किरणों ने लोगों का जीना मुहाल करना शुरू कर दिया है। अभी जिस तरह के गर्मी के हालात हैं उसके बाद माना जा रहा है कि अभी आने वाले दिनों में इसी तरह गर्मी की प्रचंडता देखने को मिलेगी, इससे राहत मिलने की संभावना बहुत कम है।

बताया गया है कि बीते साल 38.3 और 24.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। इससे पता चलता है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस साल धूप और तापमान करीब चार डिग्री ज्यादा है। इसीलिये आम जनों की बेचैनी बढ़ गई है। मौसम में आये बदलाव के चलते गरम हवाएं शाम सात बजे के बाद तक महसूस की जा रही हैं। इससे बचने के लिये लोग फुहारा या ठंडक वाले स्थानों का सहारा ले रहे हैं। लोगों की भीड़ ऐसी जगह बढ़ती जा रही है।

अकेले जबलपुर नहीं बल्कि संभाग के अन्य जिलों में इसी तरह मौसम का मिजाज है। यहां पर भी दिन के साथ शाम ढलने के बाद भी गर्मी से लोगों को हलाकान देखा जा रहा है। कुछ थोड़ी राहत बालाघाट एवं सिवनी वाले ऐसे स्थानों पर है जहां वन्य संपदा पेड़ पौधे अभी बचे हुये हैं। वहां आम तौर पर गरम हवाओं की तीव्रता कुछ हद तक मंद पड़ जाती है।

# गेहूं खरीदी में स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 26 अप्रैल

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी जारी है वहीं अब खरीदी केन्द्र भी बढ़ाए गए हैं। जिससे किसानों को गेहूं उपार्जन में राहत मिलेगी। बताया जाता है कि जिले में गेहूं उपार्जन के लिये 70 उपार्जन केन्द्र प्रारंभ हो गये हैं. हर राजस्व निरीक्षक सर्किल में उपार्जन केन्द्र स्थापित किये जा चुके हैं. स्लाट बुकिंग की अंतिम तारीख़ 26 अप्रैल है. अंतिम तिथि तक स्लाट बुकिंग कराने वाले किसान 5 मई 2025 तक गेहूं चयनित उपार्जन केन्द्र पर विक्रय कर सकते हैं। जानकारों की माने तो इस बार खुले बाजार में गेहूं की कीमत ऊंची होने से इसका असर समर्थन मूल्य की खरीदी पर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि इस बार खरीदी का आंकड़ा पिछले वर्ष के मुकाबले कम रह सकता है। हालाकि इस बार पंजीयन भी बीते वर्ष के मुकाबले कम हुए हैं।

# चित्रकूट से लौट रहे दर्शनार्थियों से छुहिया घाटी में मारपीट कर लूट

### आधा दर्जन लोगों ने की देर रात वारदात

**रीवा देशबन्धु।** जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत छूहिया घाटी में एक बार फिर पुरुष और महिलाओं के साथ मारपीट सहित लूट की वारदात हुई है घटना के दौरान तीन लोग घायल हुए हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है घटना की रिपोर्ट गोविंदगढ़ थाने में दर्ज कर दी गई है।

इस पूरी वारदात के संबंध में पीड़ित शिवाकांत शुक्ला निवासी ग्राम देवरा थाना जयसिंहनगर जिला शहडोल ने जानकारी देते हुए बताया कि घर के 25 सदस्य ट्रैवलर वाहन में सवार होकर चित्रकूट गए हुए थे जहां से वापस आ रहे थे, इसी दौरान रात्रि तकरीबन 1 बजे जब वह छूहिया घाटी पर पहुंचे तो सामने से एक ट्रक आया जिसने उनके वाहन को रोक लिया वाहन रुकते ही ट्रक के पीछे खड़ी एक बोलेरो से 5 6 की संख्या में अज्ञात लोग उतरे जिनके हाथ में लोहे के हथियार थे उनके द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी गई।

शिवाकांत ने बताया कि अज्ञात आरोपियों द्वारा तकरीबन 40 हजार रुपए लूट लिए गए हैं, शिवाकांत ने बताया कि घटना के दौरान ओमप्रकाश शुक्ला उमाकांत शुक्ला सहित तीन लोग घायल हुए हैं। पीड़ित के मुताबिक वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए हैं जिसके बाद सभी लोग थाने पहुंचे और पूरे घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस फिलहाल इस पूरे मामले की जांच कर रही है।


**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 140 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 132 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 118 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 118 |

मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**


| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 114 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 128 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 136 |

मोबाइल नं. 9300692405

FOR PRIVATE SCREENING CALL +91 79999 68989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888

CALL BOOKING 0761-4069888 4069889

समदड़िया सिनेमा



KESARI CHAPTER-2: 10:30AM, 01:00PM, 03:00PM, 04:30PM, 06:15PM, 08:00PM, 09:15PM, 10:30PM

JAAT: 12:00PM, 02:30PM, 04:45PM, 08:00PM, 10:30PM

PADDINGTON: 10:15AM, 06:00PM

ODELA-2: 02::00PM, 07:30PM

THE SECRET OF DEVKAALI: 11:30AM

SIKANDAR: 12:00PM, 10:45PM


# पमरे के जबलपुर, कोटा और भोपाल में संरक्षा अभियान

**भोपाल, जबलपुर देशबन्धु।** रेलवे बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत चार सप्ताह में रेलवे में संरक्षा से सम्बंधित चार जागरूकता अभियान चलाने की पहल की जा रही है। इस अभियान में चरणबद्ध तरीके से पैसेंजर लूप लाईन चैकिंग अभियान, यूएसएफडी क्या है, मशीन कैसे काम करती है से संबंधित जांच अभियान, कितनी खामियां डिटेक्ट की गईं और इनके परिणामस्वरूप सघन मानिटरिंग के चलते संरक्षा में निरंतर सुधार हो रहा है एवं यार्ड में चल रहे संरक्षा सुधार के कामकाज, गेज एलाइनमेंट, इंटरलॉकिंग, फोर्स ले आउट जैसे उन्नयन कार्य की समीक्षा कर जागरूकता अभियानों के तहत संरक्षा पहल शामिल है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेलवे संरक्षा अभियान के तहत पहले साप्ताह के पहले दिन भोपाल एवं कोटा मण्डलों में पैसेंजर लूप लाईन के उन्नयन से सम्बंधित जागरूकता अभियान चलाया गया। दूसरे दिन जबलपुर मण्डल में भी पैसेंजर लूप लाईन के उन्नयन से संरक्षा से सम्बंधित जागरूकता अभियान चलाया गया।

गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में बुनियादी ढांचे को यात्री सुविधा एवं संरक्षा बढ़ाने के दृष्टिकोण के अनुरूप संरक्षा, सुरक्षा, परिचालन दक्षता को मजबूत करने और यात्री यात्रा के समय को कम करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।

# सहरसा से मुंबई तक चलेगी तीसरी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** आज गुरुवार, 24 अप्रैल 2025 को सहरसा से लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी), मुंबई के बीच देश की तीसरी अमृत भारत ट्रेन की स्पेशल सेवा चलाई जा रही है। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के सतना, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जिससे क्षेत्रीय यात्रियों को भी अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि सहरसा से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के लिए चलाई जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस देश की तीसरी अमृत भारत एक्सप्रेस है। पहले दो अमृत भारतीय एक्सप्रेस गाड़ियों का परिचालन दरभंगा से आनंद विहार टर्मिनल तथा मालदा टाउन से सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरू के बीच में किया जा रहा है। इस अमृत भारत एक्सप्रेस को 130 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार के हिसाब से डिजाइन किया गया है।

# रफ्तार से दौड़ेगी ट्रेनें, रेलवे ने तैयार किया प्लान

## रेल जोनों को निर्देश, स्पीड की सीमा भी होगी खत्म

**जबलपुर, देशबन्धु।** आने वाले दिनों में देशभर में चलने वाली अधिकांश ट्रेनें तेज रफ्तार से चलती हुई नजर आएगी. इसके लिए रेलवे ने तेजी से काम करना शुरू कर दिया है. मिशन रफ्तार का लक्ष्य हासिल करने के लिए रेलवे ने 2025-26 में अधिकतम रफ्तार की सीमा खत्म करने, ट्रैक के नवीकरण और पटरियों के किनारे चहार दीवारी बनाने की प्लानिंग तैयार की है। सूत्रों का कहना है कि, रेलवे मंत्रालय ने सभी रेलवे जोन से चर्चा कर ट्रैक और ट्रैक से जुड़े कामों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है. रेलवे ने वित्त वर्ष 2026 में 7,900 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण कर उस पर गाडियों को पूरी गति के साथ चलाने का लक्ष्य रखा है।


देशबन्धु संस्करण को 68 वीं वर्षगांठ पर



Shri & Smt. Kalyan & Meena Mudliar

हार्दिक शुभकामनाएं

Ms.- M.N. RAIL CARGO
Railway Licencee
Loading Unloading Contractor
PARCEL SERVICE & LOADING/UNLOADING
PACKING SERVICE
PARCEL OFFICE, JABALPUR (M.P.)



मो. नदीम
लीज होल्डर